

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाती दीपावली व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com


लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

कार्तिक कृष्ण पक्ष एकादशी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 342, पृष्ठ -16+4, मूल्य: 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार




**आज का मौसम**

30.0° अधिकतम तापमान | 19.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा

सूर्योदय 05 : 32
सूर्यास्त 06 :20


बरेली, रविवार, 27 अक्टूबर 2024



50 वर्ष की हुईं मस्त-मस्त गर्ल रवीना टंडन...13





अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार

की प्रस्तुति

# हेल्थ केयर कॉन्क्लेव- 2024

दिनांकः- 27 अक्टूबर 2024, रविवार | समयः- अपराहन 02:00 बजे से

स्थानः- स्वर्ण फॉर्म, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

## मुख्य अतिथि



**श्री जे.पी.एस. राठौर**
सहकारिता मंत्री, उ.प्र.



**डॉ. अरूण कुमार**
वन मंत्री, उ.प्र.

## विशिष्ट अतिथि

श्री संजीव अग्रवाल
विधायक, कैन्ट

डॉ. राघवेन्द्र शर्मा
विधायक, बिथरी

डॉ. एम.पी. आर्या
विधायक, नवाबगंज

डॉ. डी.सी. वर्मा
विधायक, मीरगंज

डॉ. उमेश गौतम
महापौर, बरेली

-: Powered By :-

न्यूरोल्यूम ब्रेन एण्ड स्पाईन क्लीनिक एण्ड मिशन हॉस्पिटल
DR. ANKUR GARG
(Senior Consultant Neurology)
HEALTHY BRAIN, BLOOMING LIFE
निकट आई.सी.आई.सी.आई. बैंक, डोहरा चौराहा, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

PAVITRAMENTHE

-: Co-Powered By :-

डा. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo, Cafe, Gwalior)
प्रेम जर्मन होम्योपैथी

Rajshree
LIVE • LEARN • LEAD

-: Associate Partner :-

निरोग्य क्लीनिक
डा. बी. प्रसाद

KK Vets
Healing your pets with Comfort

AMBIENCE
COOLING CORPORATION LLP

Dr. Aftab Eye Care

Sai Sukhda Hospital

LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

इंडियनऑयल
IndianOil

केनरा बैंक Canara Bank
सिंडिकेट Syndicate



इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाती दीपावली व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

कार्तिक कृष्ण पक्ष एकादशी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 342, पृष्ठ -16+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

बरेली, रविवार, 27 अक्टूबर 2024




जिंदगी के हर अहम मोड़ पर साथ रहा डिओर : सोनम...13

आज का मौसम: 34.0° अधिकतम तापमान | 21.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा | सूर्योदय 05 : 30 | सूर्यास्त 06 :14

## 12 साल बाद घरेलू शृंखला हारी टीम इंडिया

पुणे, एजेंसी

- दूसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड ने भारत को 113 रनों से हराया
- 18 टेस्ट शृंखलाओं में जीत के बाद रुका भारत का विजय अभियान



विकेट लेने के बाद जश्न मनाती न्यूजीलैंड की टीम। ● एजेंसी

न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम ने पुणे में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में भारत को 113 रनों से हरा इतिहास रच दिया है। इस मैच के साथ ही न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त ले ली है और भारत में पहली बार टेस्ट सीरीज जीतने का कारनामा किया है। इसी के साथ भारत को अपने घर में 12 साल बाद टेस्ट सीरीज में हार मिली है। न्यूजीलैंड ने भारत को 113 रन से हराया।

न्यूजीलैंड से पहले इंग्लैंड ने साल 2012 में भारत को उसके घर में टेस्ट सीरीज में हराया था। तब से टीम इंडिया अपने घर में लगातार जीत रही थी, लेकिन उसके विजय रथ को न्यूजीलैंड ने रोक दिया। भारतीय टीम अपने घर में लगातार 18 सीरीज जीती लेकिन अब उसका विजय रथ रुक गया है। भारत के पास इस मैच को जीतने के लिए ढाई दिन से ज्यादा का समय था। न्यूजीलैंड की टीम दूसरी पारी में 255 रनों पर ढेर हो गई।

## जनता की मदद में लापरवाही पर होगी कार्रवाई : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

### गोरखपुर के जनता दर्शन में योगी ने अधिकारियों को दी चेतावनी



गोरखनाथ मंदिर परिसर में जनता दर्शन कार्यक्रम में बच्चे को दुलारते मुख्यमंत्री योगी।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता की मदद करने में लापरवाही पर अधिकारियों को सख्त चेतावनी दी है। कहा कि जन समस्याओं के निस्तारण और पीड़ितों की मदद में विलंब या लापरवाही नहीं होनी चाहिए। लापरवाही हुई तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी।

वे गोरखपुर प्रवास के दौरान शनिवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। उन्होंने सभी को आश्वस्त किया कि किसी को भी चिंता करने या परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का वह प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित कराएंगे। इसे लेकर उन्होंने प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों को मौके पर ही हिदायत दी कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। कुछ प्रकरणों पर उन्होंने अफसरों को यह पता लगाने के निर्देश दिए कि क्या वहां प्रशासन आरोपी के साथ है। योगी ने निर्देश दिए कि किसी पीड़ित की समस्या के निस्तारण में यदि कहीं भी कोई दिक्कत आ रही है तो उसका पता लगाकर समाधान कराया जाए। जानबूझकर कर प्रकरण को लंबित रखा गया तो संबंधित की जवाबदेही तय की जाए। उन्होंने जमीन कब्जाने की शिकायतों पर कठोर कदम उठाने का निर्देश दिया। कई लोग इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे, इस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जल्द इस्टीमेट की प्रक्रिया पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध करा दें। इलाज के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त मदद की जाएगी।

### बड़ी झीलों में तलाश करेंगे वाटर स्पोर्ट्स की संभावनाएं

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रामगढ़ ताल के समीप विश्व स्तरीय रोइंग स्पोर्ट्स सेंटर बनाने के लिए सरकार रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (आरएफआई) को वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में जगह उपलब्ध कराएगी। उन्होंने एलान किया प्रदेशभर की सभी बड़ी झीलों में वाटर स्पोर्ट्स की संभावनाएं तलाशी जाएगी। वे शनिवार को गोरखपुर में रामगढ़ ताल में आयोजित 25वीं सब जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।









## अगड़ा-पिछड़ा और जाति-भाषा में भेद करेंगे तो हम कटेंगे : होसबोले

### संघ के सरकार्यवाह बोले-अपने को बचाने और लोक कल्याण के लिए हिंदू एकता जरूरी

मथुरा, एजेंसी



- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बटेंगे तो कटेंगे संबंधी बयान को आरएसएस का मिला समर्थन

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने शनिवार को कहा कि यह सही ही है कि यदि हम (हिन्दू समाज) अगड़ा-पिछड़ा, जाति, भाषा या प्रांत के भेद से बटेंगे तो निश्चित रूप से कटेंगे, इसीलिए हिन्दू समाज में एकता आवश्यक है। वह यहां दीनदयाल उपाध्याय गौ विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र परिसर में आयोजित संघ के अखिल भारतीय कार्यकारी मण्डल की द्विदिवसीय बैठक के समापन पर पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा हाल में दिए गए बयान बंटेंगे तो कटेंगे के संदर्भ में होसबोले ने कहा कि हिंदू समाज एकता से नहीं रहेगा तो आजकल की भाषा में 'बंटेंगे तो कटेंगे' हो सकता है। होसबोले ने कहा कि यह सही है कि यदि हम (हिन्दू समाज) जाति, भाषा या प्रांत के भेद से बटेंगे, तो निश्चित रूप से कटेंगे, इसीलिए हिन्दू समाज में एकता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हिन्दू एकता लोक कल्याण के लिए है। अपने को बचाए रखने और दूसरों का भी मंगल करने के लिए हिन्दू एकता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह केवल कह देने से ही नहीं होगा। इसके लिए प्रयत्न करने पड़ते हैं। हमें इसे आचरण में लाना पड़ता है। सरकार्यवाह ने मंगलवार की शाम मथुरा पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरसंघचालक से हुई वार्ता के विषयों पर कहा कि वह तो उत्तर प्रदेश में अखिल भारतीय कार्यकारी मण्डल की बैठक के आयोजन पर औपचारिक रूप से स्वागत भाव से यहां पधारे थे।

### वक्फ अधिनियम को ठीक करना ही पड़ेगा

होसबोले ने संसद में वक्फ के संबंध में लाए गए प्रस्ताव से जुड़े सवालों पर कहा कि संसद की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) इन दिनों सभी धर्मों और वर्गों के विचार सुन रही है। पूर्व में बनाए गए वक्फ अधिनियम में 2013 में कुछ इस प्रकार के संशोधन किए गए थे जिससे उसे भारत के अंदर एक स्वतंत्र इकाई बना दिया गया था। जिलाधिकारी या कोई अन्य सक्षम अधिकारी भी उस मामले में कुछ हस्तक्षेप नहीं कर सकता था। यह सब एक विशेष साजिश के तहत योजनानुसार करने का प्रयत्न हुआ था, उनको ठीक करना ही पड़ेगा। कहा कि केवल हिन्दू ही विरोध में नहीं हैं, मुस्लिम वर्ग के भी बहुत से लोग जेपीसी के समक्ष अपनी समस्याएं रख चुके हैं।

### मुहब्बत की दुकान वाले तो हमसे मिलना नहीं चाहते

लोकसभा चुनाव के समय में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के संघ से खींचतान जैसे कथित वक्तव्य के संबंध में पूछे गए प्रश्न पर उनका जवाब था कि हम सार्वजनिक संगठन हैं। हमारी भाजपा तो क्या, अन्य किसी भी दल से कोई खींचातान नहीं है। हम तो सभी से मिलते हैं। किसी से हम भेदभाव नहीं करते। उन्होंने कहा कि हमें नफरत क्यों करनी? उल्टा, मेरा कहना है कि जो नफरत के बाजार में मुहब्बत की दुकान चलाना चाहते हैं, वे तो हमसे मिलना ही नहीं चाहते।

### 25 दिन बाद इजराइल का पलटवार, पश्चिम एशिया में बढ़ा तनाव

## ईरान के सैन्य अड्डों और मिसाइल फैक्ट्रियों पर किए ताबड़तोड़ हमले

दुबई, एजेंसी



- लड़ाकू विमानों ने साधा लक्ष्य ईरान की राजधानी तेहरान में गूंजे धमाके

इजराइल ने शनिवार सुबह ईरान पर हवाई हमले किए। उसने ईरान द्वारा इस महीने की शुरुआत (करीब 25 दिन पहले) में इजराइल पर दागे गए बैलिस्टिक मिसाइलों के जवाब में उसके सैन्य स्थलों को निशाना बनाया। हमले में चार ईरानी नागरिकों की मौत हुई है। इजराइली सेना ने कहा कि उसके विमानों ने उन केंद्रों को निशाना बनाया, जिनका इस्तेमाल ईरान इजराइल पर दागी गई मिसाइल बनाने के लिए करता था। विस्फोटों की आवाज ईरान की राजधानी तेहरान में भी सुनी गईं, ईरान ने कहा कि इन हमलों से केवल सीमित क्षति हुई है। इन हमलों ने दोनों कट्टर शत्रुओं के बीच पूर्ण युद्ध का खतरा बढ़ा दिया है।

इजराइली सैन्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने एक वीडियो बयान में कहा कि ईरान ने इजराइल पर दो बार हमला किया, जिनमें उन स्थानों पर किया हमला भी शामिल है, जिनसे आम नागरिकों को खतरा था और उसे इसकी कीमत चुकानी पड़ी है। इजराइल के घंटों चले हमले तेहरान में सूर्योदय से कुछ देर पहले ही समाप्त हुए। इजराइल ने सीरिया पर भी मिसाइलें दागीं। सीरिया की सरकारी समाचार एजेंसी सना ने इस हमले की पुष्टि की।

### हिसाब बराबर, अब सैन्य हमले बंद हों : अमेरिका

**दुबई।** अमेरिका ने कहा है कि ईरान पर इजराइल के हमलों से हिसाब बराबर हो चुका है और अब दोनों शत्रु देशों के बीच प्रत्यक्ष सैन्य हमले बंद होने चाहिए। अमेरिका ने ईरान को अब इजराइल पर जवाबी हमले करने पर अंजाम भुगतने की चेतावनी दी। व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उनके प्रशासन को लगता है कि इजराइली (सैन्य) अभियान के उपरांत अब दोनों देशों के बीच सीधे सैन्य हमले बंद होने चाहिए।

### बढ़ते तनाव को लेकर भारत ने जताई चिंता

**नई दिल्ली।** भारत ने कहा कि वह पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव को लेकर बेहद चिंतित है और उसने सभी पक्षों से संयम बरतने तथा वार्ता और कूटनीति के रास्ते पर लौटने का आग्रह किया। क्षेत्र में जारी युद्ध किसी के लिए भी हितकारी नहीं है। इससे निर्दोष बंधकों और नागरिकों को कष्ट झेलना पड़ रहा है। विदेश मंत्रालय ने कहा हमारे मिशन इस क्षेत्र में भारतीय समुदाय के संपर्क में हैं।

### एक नजर

### लोक गायिका शारदा सिन्हा एम्स में भर्ती



**पटना।** बिहार की प्रसिद्ध लोक गायिका शारदा सिन्हा को तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें दिल्ली स्थित एम्स में भर्ती कराया गया है। एम्स सूत्रों ने बताया कि फिलहाल उन्हें आईसीयू में रखा गया है। कुछ दिनों से उनकी तबीयत खराब चल रही थी। हालांकि, शनिवार सुबह उनकी तबीयत ज्यादा खराब हो गई। शारदा सिन्हा (72) बिहार की सुप्रसिद्ध लोक गायिका हैं। उन्होंने 1980 में अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। वे मैथिली और भोजपुरी गानों के लिए जानी जाती हैं। संगीत में उनके अभूतपूर्व योगदान के लिए पद्म श्री और पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया है।

### 26 नवंबर को संसद का विशेष संयुक्त सत्र

**नई दिल्ली।** भारतीय संविधान को अंगीकार करने की 75वीं सालगिरह के उपलक्ष्य में 26 नवंबर को संसद का विशेष संयुक्त सत्र बुलाया जा सकता है। अधिकारियों ने बताया कि लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में हो सकती है जहां पर 26 नवंबर 1949 को संविधान को अंगीकार किया गया था और यह 26 जनवरी 1950 को प्रभावी हुआ था। पूर्व में हर साल 26 नवंबर को राष्ट्रीय विधि दिवस के रूप में मनाया जाता था।

## ताई के घर बोरी में मिला बच्ची का शव

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- गांव में तनाव दोपहर के वक्त घर के बाहर खेलते समय हो गई थी लापता
- तंत्रमंत्र के लिए हत्या की आशंका, आरोपी महिला चचेरे ससुर समेत हिरासत में



मौके पर जांच करते एसएसपी।

**अमृत विचार :** इज्जतनगर के गांव शिकारपुर चौधरी में दोपहर को लापता हुई चार साल की बच्ची देर शाम पड़ोस में ही रिश्ते की ताई के घर बोरी में मिली। जिला अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया गया। गांव में भारी तनाव फैल गया है। तंत्रमंत्र के लिए बच्ची की हत्या की आशंका में आरोपी महिला और उसके चचेरे ससुर को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है।

शिकारपुर चौधरी निवासी राजू राजपूत की बेटी मिष्ठी शनिवार दोपहर करीब दो बजे घर के बाहर खेलते समय लापता हो गई। काफी देर तक घर नहीं लौटी तो राजू ने परिजनों के साथ उसे तलाश करना शुरू किया। मिष्ठी का गांव में कहीं पता नहीं चला तो राजू ने शाम 5 बजे इज्जतनगर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने राजू के आसपास के घरों में बच्ची की तलाश शुरू की। कुछ देर बाद वह पड़ोस में रहने वाली रिश्ते की ताई सावित्री के घर एक बोरी में मिली। पुलिस ने तुरंत उसे जिला अस्पताल भेजा जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर एसएसपी अनुराग आर्य समेत तमाम पुलिस अफसर शिकारपुर पहुंच गए। बवाल की आशंका में तीन थानों की फोर्स भी बुला ली गई। पुलिस के मुताबिक सावित्री के देवर, पति और ससुर की मौत हो चुकी है। तीन बेटे हैं जो झारखंड में नौकरी करते हैं। एसएसपी ने बताया कि सावित्री और उसके चचेरे ससुर गंगाराम को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## पीएएफएफ ने ली बारामूला हमले की जिम्मेदारी

श्रीनगर, एजेंसी

- आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद का हिस्सा मानती हैं एजेंसियां
- सैन्य वाहन पर हमले में तीन-चार आतंकवादी शामिल थे: पुलिस

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शनिवार को कहा कि बारामूला जिले के बोटा पाथरी इलाके में सेना के वाहन पर हुए घातक हमले में तीन से चार आतंकवादी शामिल थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मोहम्मद जैद ने बारामूला में कहा कि क्षेत्र में तलाशी अभियान जारी है। हमले में शामिल हमलावरों का पता लगाने के लिए गुलमर्ग, बोटा पाथरी और आसपास के इलाकों के जंगलों में शनिवार को तलाशी अभियान जारी है। पीपुल्स एंटी-फासिस्ट फ्रंट (पीएएफएफ), जिसे सुरक्षा एजेंसियां पाकिस्तान स्थित आतंकवादी समूह जैश-ए-मोहम्मद का एक हिस्सा मानती हैं, ने सोशल मीडिया पर प्रसारित एक बयान में हमले की जिम्मेदारी ली है।

तलाशी अभियान के तहत सेना विशाल वन क्षेत्र को स्कैन करने के लिए ड्रोन और हेलीकॉप्टर का उपयोग कर रही है। पुलिस, सेना और अर्धसैनिक बलों की संयुक्त टीमों ने रात में तलाश अभियान रोक दिया था और सुबह होते ही इसे फिर से शुरू कर दिया गया। गुलमर्ग और बाबा रेशी जंगल के विशाल क्षेत्र में तलाश अभियान चलाया जा रहा है। हमले की जगह से अब तक मिले साक्ष्यों से पता चलता है कि हमले में तीन से चार आतंकवादी शामिल थे।

### कुलगाम में सैन्य वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने से एक सैनिक की मौत, 9 जवान सहित 13 लोग घायल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में सेना का एक वाहन सड़क से फिसलकर पलट गया, जिससे उसमें सवार एक सैनिक की मौत हो गई, जबकि नौ जवान सहित 13 अन्य लोग घायल घायल हो गए। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। सेना की श्रीनगर स्थित 15 वीं कोर ने बताया कि कुलगाम के डीएच पोरा इलाके में यह हादसा शुक्रवार रात उस समय हुआ, जब जवान एक अभियान के लिए निकले थे। हादसे में एक सिपाही की जान चली गई, जबकि कुछ सैनिक घायल हो गए, जिन्हें चिकित्सा देखभाल के लिए तुरंत अस्पताल ले जाया गया।

### पुंछ में आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़

**मेंढर/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के एक सीमावर्ती गांव में सुरक्षाबलों ने शनिवार को एक संदिग्ध आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ कर कुछ ग्रेनेड तथा बारूदी सुरंगों का पता लगाया। सुरक्षा अधिकारियों के मुताबिक मेंढर उपविभाग के बलनोई सेक्टर में तलाशी अभियान के दौरान इस ठिकाने का पता चला। यहां से दो हथगोले और तीन बारूदी सुरंगें जब्त की गईं। अभियान के दौरान कोई गिरफ्तारी नहीं हुई।

## अब होटलों को बम की धमकी

हैदराबाद, एजेंसी

- गुजरात के 10 और आंध्र प्रदेश के 2 होटलों को मिला ईमेल
- पुलिस ने की होटलों में छानबीन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला

गुजरात और आंध्र प्रदेश के 12 होटलों को शनिवार को बम की धमकी वाले मेल मिले। गुजरात के राजकोट के 10 होटलों को मेल भेजा गया। इनमें इंपीरियल पैलेस, सयाजी होटल, सीजंस होटल, होटल ग्रैंड रीजेंसी जैसे मशहूर होटल शामिल हैं।

पुलिस की बम-डॉग स्क्वॉड की टीमों ने होटलों की जांच की। साइबर सेल ई-मेल की जांच में जुटी। आंध्र प्रदेश के तिरुपति में 2 होटलों राज पार्क और पाई वायसरॉय को बम की धमकी का ई-मेल भेजा गया, जिसके बाद दोनों होटलों को खाली कराकर बम और डॉग स्क्वॉड की टीमों ने जांच की, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। अधिकारियों ने कहा कि बम की धमकी वाला मेल झूठा है।

सूत्रों के मुताबिक तिरुपति के होटलों को भेजे गए मेल में लिखा था कि आईईडी बम चंद्रबाबू नायडू की कार से जुड़ा है। अफजल गुरु फिर जिंदा होगा। मेल में तमिलनाडु के डीजीपी, डिप्टी सीएम उदयनिधि स्टालिन की पत्नी और आईएसआई का भी जिक्र है।

### सोशल मीडिया मंचों से हटाएं गलत सूचनाएं

**नई दिल्ली।** विमानन कंपनियों को उनके विमानों को बम से उड़ाने की मिलने वाली फर्जी धमकियों की बढ़ती संख्या के बीच सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंचों से कहा है कि वे उचित सावधानी बरतें और निर्धारित कठोर समयसीमा 72 घंटे के भीतर गलत सूचना को तुरंत हटा दें। केंद्र सरकार ने यह भी कहा कि इस तरह की गलत सूचना को हटाने या उस तक पहुंच को बाधित करने के अलावा सोशल मीडिया मध्यस्थों का भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 (बीएनएसएस) के तहत अतिरिक्त दायित्व है कि वे अपने मंच के किसी भी उपयोगकर्ता की ओर से किए गए किसी भी अपराध की अनिवार्य रूप से शिकायत करें।

## गोमांस नहीं था प्रवासी श्रमिक के घर से लिया नमूना

- युवक को पीटकर मारने का मामला

**चंडीगढ़।** हरियाणा में दो महीने पहले पश्चिम बंगाल के जिस प्रवासी श्रमिक की गोमांस खाने के संदेह में पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी उस सिलसिले में प्रयोगशाला में किए गए परीक्षण में यह पता चला कि वह गोमांस नहीं था। चरखी दादरी जिले के हंसावास खुर्द गांव में झुग्गी में रहने वाले साबिर मलिक की हत्या के सिलसिले में दस लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बाढड़ा (चरखी दादरी) के सीओ भारत भूषण ने बताया कि लैब की जांच में पुष्टि हुई कि वह गोमांस नहीं था।

## इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस रोकेंगे नकल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

### यूपी बोर्ड के छह हजार स्कूलों में लगेंगी डिवाइस

- व्यय होंगे 25 करोड़ रुपये, लगेंगे सीसीटीवी, डीवीडी व अन्य उपकरण



**अमृत विचार :** हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा-2025 को फुलप्रूफ सुरक्षित बनाने के लिए यूपी बोर्ड अब आधुनिक तकनीक का उपयोग परीक्षा सेंटरों पर करेगा। इसके लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लेकर सीसीटीवी और संबंधित इलेक्ट्रानिक उपकरणों एवं साफ्टवेयर की मदद ली जाएगी। व्यवस्था ऐसी बनाई जा रही है कि परीक्षा केंद्रों के स्ट्रांग रूम में अनधिकृत रूप से घुसते ही बोर्ड के मुख्यालय प्रयागराज और लखनऊ के कमांड कंट्रोल सेंटरों पर तैनात अधिकारियों के पास अलर्ट संदेश पहुंच जाएगा।

इसके लिए 25 करोड़ रुपये खर्च कर 6,000 विद्यालयों को इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस से लैस किया जाएगा। हालांकि, यूपी बोर्ड पहले भारी-भरकम खर्च को देखते हुए अपने प्रस्ताव पर पीछे हट रहा था। इलेक्ट्रानिक उपकरणों और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से प्रश्न पत्रों और कॉपियों की सुरक्षा में प्रतिवर्ष का यह व्यय बोर्ड को अधिक लग रहा था, लेकिन इसे लेकर कम खर्च में प्रस्ताव पर सहमति बन जाने के बाद अब इसे अमली जामा पहनाने की तैयारी है। इसे लेकर जल्दी ही बैठक हो सकती है, जिसमें सभी बिंदुओं पर विचार-विमर्श के बाद प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा। यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि बोर्ड ने विद्यालयों में पहले से मौजूद सीसीटीवी कैमरे, डीवीआर, राउटर, ब्राडबैंड आदि की स्थिति और संख्या की जानकारी मांगी है। इसके बाद ही महानिदेशालय को प्रस्ताव भेजा गया है कि विद्यालयों में पहले से मौजूद इन उपकरणों का उपयोग किया जाए तो खर्च में कटौती हो सकती है।

## लॉरेंस इंटरव्यू केस में सात लोग निलंबित

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने पुलिस हिरासत के दौरान गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का साक्षात्कार लिए जाने के मामले में उपाधीक्षक (डीएसपी) रैंक के दो अधिकारियों समेत सात कर्मियों को निलंबित कर दिया है। विशेष पुलिस महानिदेशक (मानवाधिकार) के नेतृत्व में राज्य पुलिस के एक विशेष जांच दल (एसआईटी) ने पाया कि बिश्नोई का एक साक्षात्कार उस समय लिया गया था जब वह मोहाली के खरड़ में पंजाब पुलिस की हिरासत में था और दूसरा साक्षात्कार राजस्थान में लिया गया था। एसआईटी ने इन सातों कर्मियों को कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने का दोषी पाया, जिसके बाद उन्हें निलंबित किया गया।

# अमृत विचार के हेल्थ केयर कॉन्क्लेव में आज चिकित्सकों की समस्याओं और बेहतर चिकित्सा सेवाओं पर होगा मंथन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पीलीभीत बाईपास पर स्वर्ण फार्म में रविवार दोपहर 2 बजे से होगा कार्यक्रम
- बरेली मंडल के विशिष्ट चिकित्सकों को सम्मानित भी किया जाएगा कॉन्क्लेव में

**अमृत विचार :** अमृत विचार की ओर से पीलीभीत बाईपास स्थित स्वर्ण फार्म में रविवार को हेल्थ केयर कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा। कॉन्क्लेव में चिकित्सकों की समस्याओं के साथ स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने और चिकित्सा पेशे की वर्तमान चुनौतियों पर मंथन किया जाएगा। चिकित्सा क्षेत्र में खास मुकाम पाने वाले शहर के कई वरिष्ठ चिकित्सक युवा पीढ़ी को संदेश देंगे। बरेली मंडल के विशिष्ट चिकित्सकों को सम्मानित भी किया जाएगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रभारी मंत्री एवं सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर और वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार होंगे। बिथरी विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, नवाबगंज विधायक डॉ. एमपी आर्य, मीरगंज विधायक डॉ. डीसी वर्मा और मेयर डॉ. उमेश गौतम विशिष्ट अतिथि के रूप में हिस्सा लेंगे। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के शामिल होने की भी संभावना है। कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से स्वर्ण फार्म में शुरू होगा जिसमें बरेली शहर के साथ बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर के प्रतिष्ठित डॉक्टर भी शिरकत करेंगे।

### ये होंगे कार्यक्रम के सहयोगी

**HEALTH CARE CONCLAVE-2024**

एकम्स ड्रग्स एंड फार्मास्यूटिकल लिमिटेड, राजश्री मेडिकल रिसर्च इंस्टिट्यूट, न्यूरोबलूम क्लिनिक एंड मिशन हॉस्पिटल, प्रेम जर्मन होम्योपैथ क्लिनिक, पवित्र मेंथ फेयर ऑर्गेनिक प्राइवेट लिमिटेड, साईं सुखदा हॉस्पिटल, डॉ. आफताब आई केयर, एमबीयंस कूलिंग कॉरपोरेशन एलएलपी, एलआईसी ऑफ इंडिया, इंडियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड, केनरा बैंक, केके वेट्स प्रायोजक के रूप में कार्यक्रम के सहयोगी होंगे।

खबरें www.amrit vichar.com पर भी पढ़ें।




## दिल्ली-गोरखपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 30 से चलेगी

**बरेली, अमृत विचार:** रेलवे ने दिवाली पर एक और साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन की घोषणा की है। गोरखपुर-दिल्ली-गोरखपुर साप्ताहिक पूजा विशेष गाड़ी गोरखपुर से 30 अक्टूबर और 6 नवंबर और दिल्ली से 31 अक्टूबर और 7 नवंबर को दो फेरे लगाएगी।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि 05003 पूजा स्पेशल गोरखपुर से 21.15 बजे चलकर खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, बुढ़वल, सीतापुर होते हुए 07.20 बजे बरेली आएगी और फिर मुरादाबा, गाजियाबाद होते हुए 13.15 बजे दिल्ली पहुंचेगी। वापसी में 05004 स्पेशल दिल्ली से 15.15 बजे चलकर 21.05 बजे बरेली आएगी और अगले दिन 07.30 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि पूजा स्पेशल ट्रेन में कुल 22 कोच होंगे, जिसमें एलएसएलआरडी का का एक, साधारण द्वितीय श्रेणी के तीन, शयनयान श्रेणी के तीन और वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 14 कोच होंगे।

# पानी पिलाए बगैर टटोल रहे लोगों की जेब

## जिन घरों में पानी का कनेक्शन ही नहीं, उन्हें भी नगर निगम के वाटर टैक्स का बिल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- शहर के कई इलाकों में हजारों लोग नगर निगम की जोर-जबर्दस्ती के पीड़ित
- जहां हाल ही में पड़ी पाइप लाइन, वहां भी पिछले साल से लागू कर दिया टैक्स

**अमृत विचार :** कई वार्डों में नगर निगम अब तक पानी की सप्लाई का इंतजाम नहीं कर पाया है, लेकिन फिर भी वहां के लोगों को वाटर टैक्स के बिल भेजे जा रहे हैं। वजह यह है कि नगर निगम ने नियम बना दिया है कि अगर घर से पानी की पाइप लाइन सौ मीटर भी दूर है तो वाटर टैक्स देना पड़ेगा। कुछ इलाके ऐसे हैं जहां कुछ समय पहले ही पाइप लाइन डाली गई है, लोगों ने कनेक्शन तक नहीं लिए हैं फिर भी वाटर टैक्स के बिल उनके घर पहुंच गए हैं।

जीआईएस सर्वे के बाद टैक्स बिलों में संशोधन के लिए आई साढ़े आठ हजार से ज्यादा आपत्तियों में काफी संख्या ऐसी आपत्तियों की हैं जिनमें पानी का कनेक्शन लिए बगैर ही बिल में वाटर टैक्स जोड़ देने की बात कही गई है। आलोक नगर में रहने वाले गौरव कहते हैं कि उनके घर में पानी का कनेक्शन नहीं है। वार्ड में जहां उनका घर है, वहां नगर निगम ने पाइप लाइन तक नहीं डाली है। इसके बावजूद उनके बिल वाटर टैक्स लगा दिया गया है। उनके इलाके में ऐसा काफी लोगों के साथ किया गया है।

आजाद नगर में रहने वाले तरुण गुप्ता के मुताबिक करीब ढाई महीने पहले ही इलाके में पाइप लाइन डाली गई है लेकिन बिल में वाटर टैक्स पिछले साल का भी जोड़ दिया गया है। यहीं के हरी प्रसाद कहते हैं कि जब उनके घर में कनेक्शन नहीं है और पाइप लाइन भी सिर्फ ढाई महीने पहले डाली गई है तो कैसे पिछले साल का वाटर टैक्स कैसे बकाया दिखाया जा सकता है। जागृति नगर और नीलाचंल कॉलोनी में तो पाइप लाइन तक नहीं है, फिर भी लोगों को वाटर टैक्स बकाया होने का नोटिस भेज दिया गया है। अब लोग बिल को संशोधित कराने के लिए दौड़ लगा रहे हैं।



इस बार गर्मियों में कई इलाकों में लोगों को पानी के संकट से जूझना पड़ा। फाइल फोटो

### न कनेक्शन कट रहा, न बिल रुक रहे

**बरेली, अमृत विचार :** काफी लोग ऐसे हैं जिन्होंने दशकों पहले कनेक्शन लिया था। कुछ समय पहले उन्होंने कनेक्शन कटवाने के लिए नगर निगम में आवेदन किए लेकिन कनेक्शन कटा ही नहीं। इस कारण उन्हें अब भी वाटर टैक्स का बिल भेजा जा रहा है। बताया जा रहा है कि कनेक्शन कटवाने की लंबी प्रक्रिया है।

### हाउस टैक्स बिलों की संशोधन तिथि बढ़ाने की मांग

**बरेली, अमृत विचार :** सपा पार्षद दल के नेता गौरव सक्सेना ने शनिवार को नगर आयुक्त को पत्र भेजकर हाउस टैक्स संशोधन की तिथि बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि जीआईएस सर्वे के बाद जारी हाउस टैक्स बिल के संशोधन की तिथि 31 अक्टूबर निर्धारित की गई है। इसे दिसंबर तक बढ़ाई जाएं क्योंकि काफी संख्या में अभी भी हाउस टैक्स के मामले लंबित पड़े है। साथ ही वार्डों में शिविर का आयोजन करने की भी मांग की।

### नगर निगम के दायरे में आए हाल में टैक्स लगा दिया 10 साल पहले से

सपा पार्षद दल के नेता गौरव सक्सेना ने बताया कि नदौसी, गौंटिया, परसाखेड़ा, सीबीगंज, मथुरापुर, सराय रानी समेत कई गांव कुछ समय पहले ही नगर निगम में शामिल हुएहैं लेकिन इन सभी गांवों के लोगों को 2014 से वाटर टैक्स जोड़कर बिल भेज दिए गए हैं। जब यह गांव नगर निगम की सीमा में आए तभी से इन पर वाटर टैक्स लागू किया जाना चाहिए था। एक साथ दस साल के टैक्स का बकायादार बना दिए जाने से सैकड़ों लोग परेशान हैं। मलिन बस्तियों में भी जोर-जबर्दस्ती की जा रही है। जिन घरों में कनेक्शन नहीं हैं, उन्हें भी वाटर टैक्स का बिल भेजा जा रहा है।

### जहां पाइप लाइन नहीं वहां लागू न हो वाटर टैक्स

सपा पार्षद राजेश अग्रवाल कहते हैं कि ऐसे इलाकों में वाटर टैक्स लागू नहीं किया जाना चाहिए जहां पाइप लाइन ही नहीं है। ऐसे इलाकों में वाटर टैक्स लागू कर देने से लोगों को बिलों में सुधार के लिए चक्कर काटने पड़ रहे हैं। राजेश अग्रवाल का कहना है कि नगर निगम को ऐसी व्यवस्था भी करनी चाहिए कि लोगों की इस समस्या का निदान उनके ही इलाके में हो जाए। अगर कोई आपत्ति करता है तो रिपोर्ट लगवाने में ही काफी समय गुजर जाता है। इस कारण कई बार लोग सुधार नहीं करा पाते हैं।




# दिवाली : कल से 24 घंटे बिजली आपूर्ति का दावा

**बरेली, अमृत विचार :** बिजली विभाग सोमवार से 15 नवंबर तक शहर में 24 घंटे आपूर्ति करेगा। इस बीच अनुरक्षण कार्य बंद रखे जाएंगे जिनकी वजह से रोज अलग-अलग इलाकों में कई-कई घंटे के शटडाउन लिए जा रहे थे। मुख्यालय के आदेश पर 10 दिन से चल रहे अनुरक्षण माह के कारण शहर में लोगों को बिजली संकट झेलना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री के आदेश पर दिवाली के मद्देनजर सोमवार से अनुरक्षण कार्य बंद कर दिए जाएंगे। बिजली विभाग का कहना है कि 3 नवंबर तक 24 घंटे आपूर्ति होगी। इसके बाद कहीं जरूरत होगी, तभी शटडाउन लिया जाएगा।

### सीबीगंज के इन इलाकों में आज शटडाउन

सीबीगंज के कई इलाकों में रविवार को शटडाउन लिए जाएंगे। एसडीओ रोहित सिंह ने बताया कि सीबीगंज उपकेंद्र की 33 केवी लाइन की रविवार को मरम्मत होगी जिसके चलते दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक बिधौलिया, राजा कॉलोनी ,महेशपुर, अटरिया ,सर्वोदय नगर, सनैया रानी, बाकर नगर, मिनी बाईपास, इज्जतनगर, मठ लक्ष्मीपुर, ग्रेटर आकाश, अशरफ खां छावनी, हार्टमन, गुप्ता नर्सरी, किला छावनी, चंदननगर, स्वालेनगर, रामपुर रोड, आनंद विहार, जागृति नगर ,जीएनटी आदि इलाकों में शटडाउन रहेगा।

### राजेंद्रनगर में लगे छह हजार स्मार्ट मीटर

शहर में स्मार्ट मीटर लगाने का काम शुरू कर दिया गया है। अब तक शहरी क्षेत्र के थर्ड डिविजन में छह हजार स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। अधिशासी अभियंता सुरेंद्र गौतम ने बताया कि विद्युत नगरीय वितरण खंड तृतीय के तहत राजेंद्रनगर में स्मार्ट मीटरिंग का काम चल रहा है। अब तक छह हजार कनेक्शनों पर स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। सभी कनेक्शनों पर स्मार्ट मीटर लगने के बाद गलत बिल आने की समस्या खत्म हो जाएगी।

# सीएम ग्रिड योजना की सड़कों पर दिवाली बाद हटेगा अतिक्रमण

**बरेली, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम (सीएम ग्रिड योजना) के तहत मॉडल टाउन की जिन सड़कों का निर्माण होना है, उन पर नगर निगम नवंबर के पहले सप्ताह से अतिक्रमण हटाना शुरू कर देगा। प्रमुख सचिव नगर विकास वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए योजना की प्रगति की हर सप्ताह जानकारी लेंगे।

मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी ने शनिवार को नगर निगम में इंजीनियरों के साथ बैठक में बताया कि नवंबर के पहले सप्ताह में मॉडल टाउन में पहले फेज के निर्माण कार्य के लिए बिजली विभाग से ट्रांसफार्मर और खंभे शिफ्ट करने के लिए कहा गया है। उन्होंने अधिशासी अभियंता एसके राठी को इसे सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी। बताया, कार्यदायी एजेंसी को वर्क ऑर्डर जारी हो गया है। कुछ ही दिन में उनकी टीम आकर काम शुरू कर देगी। इसके बाद प्रमुख सचिव को जीपीएस लोकेशन, फोटोग्राफ और वीडियो भी भेजने होंगे।

मॉडल टाउन में होने वाले काम की जांच समय-समय पर लखनऊ की टीम करेगी और वह भी अपनी रिपोर्ट प्रमुख सचिव को देगी। योजना के तहत सड़क चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण, नाली, स्टॉर्म वाटर ड्रेन, हॉर्टीकल्चर, डिवाइडर, स्ट्रीट लाइट के साथ ओवर हेड यूटीलिटी को भूमिगत किया जाना है।

# ग्लोरी स्वीट्स से भरा बर्फी और जलेबी का नमूना

- एफएसडीए के शहर से देहात तक छापे, 21 खाद्य पदार्थों के नमूने लिए

**बरेली, अमृत विचार :** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीमों ने शनिवार शहर से देहात तक छापे मारकर 21 खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। इस दौरान 55 किलो हल्दी और 65 किलो खराब मिठाई भी नष्ट कराई।

शहर में सिविल लाइंस स्थित ग्लोरी स्वीट्स से जलेबी और बर्फी, शहामतगंज में एसके ट्रेडर्स से रिफाइंड वेजीटेबल्स ऑयल और भगवत सरन, अनुज कुमार फर्म से बेसन का नमूना लिया। राजेंद्रनगर में मारुति भोग स्टोर से सरसों के तेल का नमूना भरा गया। इसके अलावा बजरंग डेयरी देवचरा से दूध, वैष्णो ट्रेडर्स से बेसन, अब्दुल हमीद इंटरप्राइजेज से किशमिश, मल्टीसोर्स एडिबल ऑयल, नसीम स्टोर बहेड़ी से मैदा का नमूना लिया गया। 43 किलो मैदा सीज भी किया। जय गुरुदेव भंडार हरदुआ चौराहा नवाबगंज से सूजी, खोया, बर्फी और दूध, शाही के राठौर स्वीट्स से रसभरी और रस्तोगी स्वीट्स से लौंज का नमूना लिया गया। 35 किलो खराब मिठाई नष्ट करा दी। गुप्ता किराना स्टोर भोजीपुरा से किशमिश, सरसों का तेल का नमूना लिया गया। सभी नमूने जांच के लिए लखनऊ लैब में भेजे जाएंगे।

**आज का मौसम**

धूप खिलेगी और आसमान साफ रहेगा

31.0° अधिकतम तापमान | 19.0° न्यूनतम तापमान

**शहर में आज**

- फ्यूचर विश्वविद्यालय में ओपिनियन लीडर मीट के तहत साइबर सुरक्षा पर सेमिनार सुबह 11 बजे।
- क्लासिक कॉलेज ऑफ लॉ में अंतर्राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता शाम 5 बजे।
- रोटरी क्लब ऑफ बरेली चैरिटेबल ट्रस्ट का दीपावली मेला बरेली क्लब ग्राउंड में शाम 7 :30 बजे।
- कायस्थ चेतना मंच की ओर से श्री चित्रगुप्त की शोभायात्रा त्रिवटीनाथ मंदिर से शाम 4 बजे।
- कॉमर्शियल टैक्स रिटायर्ड ऑफिसर्स एंड इम्पलॉइज एसोसिएशन का वार्षिक सम्मान समारोह रोटरी भवन में दोपहर 12 बजे।
- भारतीय वैश्य महासभा बरेली की महानगर टीम का गठन स्टेडियम रोड स्थित डालमिया सीमेंट कार्यालय पर शाम 5 :30 बजे।
- एसआरएमएस रिद्धिमा में पुष्पांजलि कार्यक्रम शाम 5 :15 बजे।

## ट्रैफिक पुलिस ने सेटेलाइट तिराहे से अतिक्रमण हटाया

**बरेली, अमृत विचार :** ट्रैफिक पुलिस ने शनिवार को एक बार फिर सेटेलाइट तिराहे के आसपास वाहनों और ठेले वालों का अतिक्रमण हटाया। सीएनजी पंप के पास ईको भी हटाई गईं।

# रामलीला मंच पर युवक की पीटकर हत्या

## मामूली विवाद के बाद लोहे की रॉड और लाठी-डंडों से की पिटाई, तीन साथी भी गंभीर घायल

संवाददाता, शाही

- मृतक की पत्नी की ओर से पांच नामजद समेत 12 लोगों के खिलाफ एफआईआर
- एक नामजद आरोपी समेत चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही पुलिस

**अमृत विचार :** गांव जुनहाई में रामलीला के मंच पर मामूली विवाद के बाद 26 वर्षीय युवक रवि सिंह की लोहे की रॉड और लाठी-डंडों से पीटकर हत्या कर दी गई। उसके साथ बैठे तीन साथियों को भी पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। दहशत फैलाने के लिए इस बीच आरोपियों ने फायरिंग भी की। रवि की पत्नी वंदना की ओर से रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने पांच नामजद आरोपियों समेत 12 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। एक नामजद आरोपी समेत चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

जुनहाई निवासी रवि की पत्नी वंदना के मुताबिक उनके पति रामलीला में गए थे। रात करीब 1 बजे रामलीला मंचन समाप्त हो गया लेकिन उनके पति रवि गांव के ही अपने दोस्त सोनू सिंह, गौरव सिंह और दीपक के साथ रामलीला मंच पर ही बैठकर बात करते रहे। रात करीब ढाई बजे गांव के ही आकाश सिंह, अमन, सुभाष सिंह, ऋषिपाल सिंह, शेरगढ़ के गांव कुड़का निवासी नितिन यादव और सात अज्ञात लोग वहां आ धमके और गालीगलौज करते हुए रवि और उनके दोस्तों पर लोहे की रॉड और लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

दहशत फैलाने के लिए आरोपियों ने हवाई फायरिंग भी की। मारपीट के दौरान ही आरोपियों ने उनके पति रवि के सिर में लोहे की रॉड मारकर हत्या कर दी। शोरशराबे के बाद भारी संख्या में लोगों की भीड़ इकट्ठी होने लगी तो हवाई फायरिंग करते हुए सभी आरोपी भाग निकले। पहले शाही थानाध्यक्ष अमित कुमार और फिर एसपी देहात उत्तरी ने मौका मुआयना किया।

वंदना की तहरीर पर पुलिस ने पांच नामजद आरोपियों समेत 12 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। रवि का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।


रवि का फाइल फोटो।

> रामलीला मंच पर बैठे चार युवकों पर कुछ लोगों ने रॉड और लाठी-डंडों से हमला किया और एक युवक की हत्या कर दी। रिपोर्ट दर्ज हो गई है। एक नामजद आरोपी समेत कुछ युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।
> – मुकेश चंद मिश्रा, एसपी उत्तरी



रवि के घर के बाहर इकट्ठी भीड़ और रोते-बिलखते परिवार के लोग। ● अमृत विचार

### कलाकारों की आपत्ति पर चेंजिंग रूम से बाहर निकाला तो हुआ विवाद

मारपीट में घायल हुए रवि के साथी सोनू सिंह ने बताया कि डांस पार्टी के किसी कलाकार से जान-पहचान की वजह से आरोपियों में से कुछ लोग चेंजिंग रूम में बैठे थे। दूसरे कलाकार ने इस पर आपत्ति कर कमेटी वालों से उन्हें बाहर निकालने को कहा। इसके बाद रवि ने उन लोगों को बाहर बैठने को कहा तो वे बुरा मान गए। उनसे रवि की नोकझोंक भी हुई। रात करीब ढाई बजे आरोपी अपने और साथियों के साथ बाइक पर पहुंचे और उन लोगों पर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। मारपीट के बीच बाकी लोग तो भाग निकले लेकिन रवि को उन्होंने नहीं भागने दिया और हत्या कर दी।

### गांव में तनाव का माहौल, पुलिस फोर्स तैनात

पुलिस ने रात में ही दबिश देकर नितिन यादव समेत चार युवकों को हिरासत में ले लिया। उनसे पूछताछ की जा रही है। तनाव की स्थिति देखते हुए अधिकारियों ने गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया है। रवि के पिता का काफी समय पहले निधन हो चुका है। रवि ही पूरे परिवार का भरण पोषण करते थे। रवि की पत्नी वंदना का कहना है कि कुछ दिन पहले उनके देवर अमित का गांव के ही आकाश और ऋषिपाल से मेरठ में विवाद हुआ था। शुक्रवार रात करीब 10 बजे रवि ने आकाश से पूछा कि उसने उनके भाई को क्यों मारा। आरोपी ने रवि को सीधा जवाब देने के बजाय मारने की धमकी दी। इसके बाद देर रात साथियों के साथ उनकी हत्या कर दी।

## डेबिट कार्ड बदलकर लगाया 21 हजार का चूना

**बरेली, अमृत विचार :** जालसाज ने डेबिट कार्ड बदलकर सुभाषनगर के आसिफ के खाते से 21 हजार 500 रुपये निकाल लिए। सुभाषनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

आसिफ ने बताया कि उनका खाता बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा सुभाषनगर में है। 16 अक्टूबर को उन्होंने बदायूं रोड स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम में कार्ड लगाया, लेकिन कैश नहीं निकला। वहां मौजूद एक युवक से मदद के लिए कार्ड लिया था।

## सुभाषनगर में राज स्वीट्स पर जीएसटी का छापा, 10 लाख का माल जब्त

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- प्रतिष्ठान पर मिले स्टॉक का सत्यापन न होने और अभिलेख न दिखा पाने पर कार्रवाई

**अमृत विचार :** जीएसटी एसआईबी की टीम ने शुक्रवार देर रात सुभाषनगर में राज स्वीट्स प्रतिष्ठान पर छापामारी की। जांच में स्टॉक का सत्यापन न होने पर करीब 10 लाख की सामग्री जब्त की गई। पांच लाख से अधिक का जुर्माना लगाने की कार्रवाई भी की गई।

एसआईबी के डिप्टी कमिश्नर राजीव पांडेय ने बताया कि छानबीन में मिठाई, नमकीन, बिस्किट, कोल्ड ड्रिंक समेत अन्य खाद्य सामग्री का सत्यापन नहीं होना पाया गया। ज्यादा सामान और बिल कम देने का मामला भी पकड़ में आया।

उन्होंने बताया कि स्टॉक का सत्यापन न होने और दस्तावेज नहीं मिलने पर सामग्री को जब्त कर लिया गया है। प्रतिष्ठान स्वामी से अभिलेख मांगे गए हैं। करीब पांच लाख रुपये से ज्यादा का जुर्माना भी बन रहा है। अभिलेख प्रस्तुत करने पर मामले में नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सामान्य से स्लीपर बनाई गई दो बसें सीज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- नगालैंड में रजिस्टर बस का रंग बदला होने पर 30 हजार का चालान
- राजस्थान में रजिस्टर्ड बसें यूपी से उत्तराखंड तक ढो रही थीं सवारियां

**अमृत विचार:** सामान्य बसों को नियमों को ताक पर रखकर स्लीपर में बदलकर सड़कों पर दौड़ाया जा रहा है। परिवहन विभाग की टीम ने चेकिंग के दौरान तीन बसों को पकड़ा, जिसमें दो को सीज कर दिया गया और एक का 35 हजार रुपये का चालान किया गया।

आरटीओ प्रवर्तन दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर शुक्रवार रात और शनिवार दिन में नियम चेकिंग अभियान चलाया गया। पीटीओ रमेश चंद्र प्रजापति ने बताया कि एक बस मानक से अधिक लंबी थी और इसकी सीटों को सामान्य से बदलकर स्लीपर में किया गया था। बस को सीज कर दिया गया। इसके अलावा जयपुर से फरीदपुर होकर बीसलपुर जा रही बस को कैंट क्षेत्र में बदायूं रोड पर सीज किया गया। इस बस में भी सीटें सामान्य से स्लीपर की गई थीं। इसके अलावा बिना रिफ्लेक्टर लगी दौड़ रहीं चार बसों का चालान किए गए। राजस्थान में रजिस्टर्ड जयपुर से पीलीभीत जा रही ऑल इंडिया टूरिस्ट बस का 15 सौ रुपये का चालान किया गया। लखनऊ से हल्द्वानी जा रही राजस्थान में रजिस्टर्ड बस का 20 हजार 500 रुपये का चालान किया गया। नगालैंड में रजिस्टर्ड बस कानपुर से हल्द्वानी जा रही थी। इस बस का रंग बदला हुआ था। बस का 30 हजार 500 रुपये का चालान किया गया। हाईवे पर बिना नंबर प्लेट दौड़ रहे दो ट्रैक्टर-ट्रॉली भी सीज किए गए और 22 हजार रुपये का जुर्माना डाला गया। फरीदपुर हाइवे पर नियम विरुद्ध दौड़ रहे पांच वाहनों के चालान किए गए। रजऊ रोड पर लोडर वाहन में सवारी मिलने पर 15 हजार का चालान किया गया।

### थार से स्टंट करने पर किया चालान

बरेली, अमृत विचार : थार से स्टंट करने पर चालक का पुलिस ने 12 हजार का चालान किया है। स्टंट करने की शिकायत एसएसपी अनुराग आर्य की ओर से जारी किए गए व्हाट्सएप नंबर पर आई थी। एसएसपी ने बताया कि थार कार में चालक केसर सिंह रोड नंबर-1 बसंत विहार कॉलोनी होली चौराहा के पास खतरनाक तरीके से स्टंट कर रहा था। साथ ही ब्लैक फिल्म लगाकर डिवाइडर पर कार चढ़ा रहा है। ट्रैफिक पुलिस ने मौके पर पहुंच कर चालान किया।

# गोलीकांड : सपा पार्षद गौरव समेत 10 आरोपियों के गैरजमानती वारंट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- फरार बताए गए आरोपियों में 25 हजार का इनामी होटल मालिक चांद मियां भी
- पीलीभीत बाईपास पर प्लॉट पर कब्जे के लिए चलाई गईं थीं सौ से ज्यादा गोलियां

**अमृत विचार :** पीलीभीत बाईपास पर करोड़ों के प्लॉट पर कब्जे के लिए दिनदहाड़े भीषण गोलीबारी के मामले में अदालत ने सपा पार्षद गौरव सक्सेना और सीके वैली होटल मालिक चांद मियां समेत 10 आरोपियों के खिलाफ अदालत ने गैर जमानती वारंट जारी किया है। चांद मियां पर पुलिस 25 हजार का इनाम घोषित कर चुकी है।

पीलीभीत बाईपास पर 22 जून की सुबह एक प्लॉट पर कब्जे के लिए राजीव राणा के गुट ने दो घंटे तक गोलीबारी की थी। यह प्लॉट आदित्य उपाध्याय के कब्जे में था, उसकी ओर से भी जवाब में गोलियां चलाई गईं थीं। पुलिस ने इस मामले में थाना इज्जतनगर में दो केस दर्ज कर केपी यादव, धनुष उर्फ गुर्गा, गोला घोसी, रोहित ठाकुर, ललित सक्सेना और सुभाष लोधी समेत 25 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। पिछले महीने पुलिस 35 आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट भी दाखिल कर चुकी है। कई आरोपियों की अब तक गिरफ्तारी नहीं हुई है। इनमें एक चांद मियां भी है जिसके सीके वैली होटल में घटना से पहले बदमाशों को ठहराया गया था।

अब अदालत ने चांद मियां, सपा पार्षद गौरव सक्सेना, रोहित शर्मा, लल्ला, शिवम माथुर, सुनील, सचिन मौर्य, आकाश उपाध्याय, देवेंद्र उर्फ दरिया यादव और समर यादव समेत 10 आरोपियों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया है।

### दो और ने दी आत्मसमर्पण के लिए अर्जी

गोलीकांड के समय जेसीबी से टायल्स और पत्थरों को चकनाचूर करने वाले मोहरनिया निवासी श्याम उर्फ फौजी और आसपुर निवासी लल्ला यादव को भी पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी। दोनों कोर्ट में आत्मसमर्पण करने में सफल हो गए। अब सैदपुर हाकिंस गांव के बिलाल घोषी और सुनील यादव समेत दो और आरोपियों ने कोर्ट में आत्म समर्पण करने के लिए अर्जी दाखिल की है। कोर्ट ने इज्जतनगर पुलिस से रिपोर्ट मांगी है।

### एक विधायक का ड्राइवर भी वांछित

कोर्ट से जिन 11 आरोपियों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी हुआ है, उनमें सचिन मौर्य भी शामिल है। पुलिस के मुताबिक सचिन पीलीभीत के एक विधायक का ड्राइवर है। उसने अपने बचाव के लिए विधायक का साथ पकड़ लिया है। चार महीने बाद भी पुलिस ने उसे गिरफ्तार नहीं किया है।

> मेरा इस सबसे दूर-दूर तक कोई वास्ता नहीं है। मैं हर तरह से जांच में सहयोग के लिए तैयार हूं, कल वरिष्ठ अधिकारियों से मिलकर पक्ष भी रखूंगा। - **गौरव सक्सेना**, सपा पार्षद

> गोलीकांड के 10 आरोपियों का गैर जमानती वारंट जारी हुआ है। दो आरोपियों ने आत्मसमर्पण के लिए अर्जी लगाई है। पुलिस फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। **-अनुराग आर्य**, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

## गोकशी मामले में लापरवाही पर बंजरिया चौकी इंचार्ज निलंबित मठ चौकी इंचार्ज भी हटाए

**बरेली, अमृत विचार :** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने शीशगढ़ थाने की बंजरिया चौकी इंचार्ज कपिल कुमार को गोकशी के मामले में लापरवाही पर निलंबित कर दिया और विभागीय जांच का आदेश दिया है। इसके अलावा काम में लापरवाही पर मठ चौकी इंचार्ज वेद सिंह को भी हटा दिया।

जिले के सभी चौकी प्रभारियों की मूल्यांकन प्रणाली के तहत सितंबर माह की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने समीक्षा की। समीक्षा में पाया कि शीशगढ़ क्षेत्र में 24 अक्टूबर को गोकशी की घटना हुई थी। इसमें बंजरिया चौकी इंचार्ज कपिल कुमार मौके पर नहीं गए और अधिकारियों के आदेशों का भी उल्लंघन किया। इसके अलावा सितंबर की समीक्षा में भी कम अंक मिले थे। इस पर चौकी को निलंबित कर दिया गया।

### जिला जेल में बंदी ने फंदा लगाकर दी जान

बरेली, अमृत विचार : जिला जेल में शनिवार को बंदी ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बंदी का शव शौचालय की दीवार में लगी कील से नाड़े के सहारे लटका मिला। थाना सिरौली क्षेत्र के गांव गुरगांव निवासी श्यामवीर का जून में गांव के प्रशांत से झगड़ा हुआ था। इस मामले में पुलिस ने 1 जुलाई को श्यामवीर को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। शनिवार दोपहर करीब 1 :30 बजे श्यामवीर की पत्नी पुष्पा को फोन पर सूचना दी गई कि उनके पति ने आत्महत्या कर ली है। पोस्टमार्टम हाउस पुष्पा ने आरोप लगाया कि जेल में उनके पति को लगातार परेशान किया जाता था और पैसों की मांग की जा रही थी।

## पुरानी ईंटों से दिव्यांग शौचालय बनवाने की जांच में प्रधान और सचिव दोषी

**बरेली, अमृत विचार :** क्यारा ब्लॉक की ग्राम पंचायत सिमरा बोरीपुर में स्कूल के पुराने भवन से पुरानी ईंटे निकालकर दिव्यांग शौचालय बनाने का मामला जांच में सही पाया गया। इसमें प्रधान और तत्कालीन सचिव सुरेंद्र वीर सिंह को जिम्मेदार ठहराया गया है। पिछले महीने जिलाधिकारी ने शिकायत के बाद मामले की जांच जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी चमन सिंह, पीडब्ल्यूडी की सहायक अभियंता को सौंपी गई थी। कमेटी ने जांच कर शनिवार को रिपोर्ट सौंप दी है। रिपोर्ट के अनुसार स्कूल के दिव्यांग शौचालय में पुरानी ईंटें लगाई जा रही थीं। इसके अलावा प्रधान के भाई बृजेश कुमार ने गाटा संख्या 760 रकबा 0 .126 हेक्टेयर पर पक्का निर्माण कर अतिक्रमण किया है। लेखपाल की ओर से 5 जुलाई को पैमाइश और अभिलेखीय जांच के बाद प्रधान के भाई के खिलाफ राजस्व संहिता की धारा 67ए के तहत कार्रवाई की अनुशंसा की थी। जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रधान भूमि प्रबंध समिति के अध्यक्ष होते हैं, लेकिन इसके बाद भी उन्होंने लेखपाल की रिपोर्ट का संज्ञान नहीं लिया है। जांच रिपोर्ट के अनुसार, मामले में 22,642 रुपये का दुरुपयोग हुआ है।




# जेल के निर्माण कार्यों में गोलमाल की जांच शुरू

- अधीक्षण अभियंता ने अधिशासी अभियंता प्रांतीय निर्माण खंड को जांच कर कार्रवाई का दिया निर्देश

**बरेली, अमृत विचार :** जिला जेल में हुए निर्माण कार्यों का भुगतान नहीं करने और नियम विरुद्ध अधूरे निर्माण कार्य दूसरे ठेकेदार को देने की शिकायत पर अधीक्षण अभियंता वृत्त प्रकाश चंद्र ने जांच बैठा दी है। उन्होंने अधिशासी अभियंता प्रांतीय निर्माण खंड-एक के बरेली और शाहजहांपुर के अफसरों को जांच करने के लिए पत्र लिखा है।

अधीक्षण अभियंता की ओर से जारी पत्र में निर्देश दिए कि मंडलीय कॉन्ट्रेक्टर्स एसोसिएशन लोक निर्माण विभाग की 10 बिंदुवार समस्याओं का निराकरण कर प्रभावी एवं नियमानुसार कार्रवाई करें। दरअसल मंडलीय कॉन्ट्रेक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष ने पिछले मंगलवार को अधीक्षण अभियंता प्रकाश चंद्र के कार्यालय में शिकायती की थी 29 सितंबर, 2021 को हुए अनुबंध के अनुसार मेसर्स अग्रवाल कंस्ट्रक्शन कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2021-22 में जिला जेल के अंदर 30 क्षमता के आठ बैरक, 64 सेल शौचालय और पार्टीशन दीवार समेत करीब 80 लाख के निर्माण कार्य कराए थे। अफसरों ने जेल के बाहर एक गाड्र्स रूम लिंटर डालने का काम भी मेसर्स अग्रवाल कंस्ट्रक्शन कंपनी से करा लिया, लेकिन अतिरिक्त निर्माण सक्षम अधिकारी ने स्वीकृत नहीं किया। इस काम का अलग से टेंडर निकाला गया और 21 अक्टूबर 2022 को यही काम मेरठ की दूसरी संस्था को देकर पूरा करा लिया। लिंटर के बीम में जो सरिया डाली गई, उसका मेजरमेंट कम किया गया। ठेकेदार को बार-बार पत्र भेजकर धमकाया जा रहा है। गार्ड रूम कार्य का भुगतान भी नहीं किया गया है।

### वसूली के लिए भुगतान रोकने के आरोप लगे तो एसोसिएशन अध्यक्ष पर उठाए सवाल

अधीक्षण अभियंता प्रकाश चंद्र के निर्देश के बाद अधिशासी अभियंता शशांक भार्गव ने 19 अक्टूबर को कॉन्ट्रेक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष शिव कुमार अग्रवाल को मानकों का हवाला देते हुए पत्र लिखा कि अन्य व्यक्तियों या स्रोतों की शिकायत पर शपथ पत्र देने और साक्ष्य उपलब्ध होने पर ही जांच शुरू की जाती है। तय मानकों के अनुसार मंडलीय कॉन्ट्रेक्टर्स एसोसिएशन अन्य स्रोत के अंतर्गत आती है। इस एसोसिएशन के रजिस्ट्रेशन, संविधान और आपके मंडल अध्यक्ष होने के संबंध में भी कोई भी सूचना खंड के पास उपलब्ध नहीं है। संबंधित जेई, एई ने जेल में काम का अंतिम भुगतान 22 नवंबर, 2023 को कार्यालय में प्रस्तुत किया जा चुका है, लेकिन अंतिम बिल की मापी चैक करने के लिए कई बार समय देने के बाद भी नहीं आए। उन्होंने कार्यालय आने को तीन दिन का समय दिया है।

## मध्यांचल के एमडी शहरी क्षेत्र में प्रशासनिक संरचना में बदलाव का लेंगे जायजा

**बरेली, अमृत विचार :** पॉवर कॉरपोरेशन के शहरी क्षेत्र में प्रशासनिक संरचना में 15 नवंबर से बड़ा बदलाव होगा। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक (एमडी) भवानी सिंह खंगारौत जल्द ही शहर में आकर तैयारियों का जायजा लेगें। बदलाव के तहत एक अधिशासी अभियंता को दो एसडीओ और चार जेई दिए जाएंगे। जिसमें एक अधिशासी अभियंता 33 केवी और एक 11 केवी की लाइन के काम देखेंगे। वहीं शिकायतों के निस्तारण, बिजली चोरी पकड़ने, बकाया वसूली के लिए अलग-अलग अधिशासी अभियंता की जिम्मेदारी तय की जाएगी। जबकि अभी तक एक अधिशासी अभियंता सभी काम देख रहे हैं।

## बिजली टीम पर बरसाए लाठी-डंडे, हत्या की कोशिश

- रिपोर्ट दर्ज कराकर चेकिंग करने गई थी टीम, सात पर रिपोर्ट दर्ज

**बरेली, अमृत विचार :** बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराकर चेकिंग करने गई बिजली विभाग की टीम को देखते ही आरोपी आग बबूला हो गए। आरोपियों ने लाठी-डंडे बरसाए। एक संविदाकर्मी की गला दबाकर हत्या करने की कोशिश की। हमले में दो कर्मचारी घायल हो गए। बारादरी पुलिस ने सात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

सिविल लाइंस बिजली उपकेंद्र के अवर अभियंता मंजीत सिंह ने बताया शुक्रवार को टीजी सुरेश कुमार, संविदा लाइनमैन भरतवीर, संविदा कर्मी मनोज कुमार नवादा शेखान गुलाबबाड़ी में बिजली चेकिंग करने गए थे। यहां पता चला कि आशा देवी के घर में बिजली चोरी की जा रही है। इसके बाद कर्मचारियों ने बिजली विभाग के थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई और दोबारा चेकिंग की। इसी दौरान आशा का पति रमनपाल, दो बेटे नितेश और राहुल समेत तीन-चार अज्ञात लोगों ने टीम के कर्मचारियों को घेर लिया। आरोपियों ने टीम पर जानलेवा हमला कर दिया। एक आरोपी ने मनोज कुमार का गला दबाकर हत्या की कोशिश की। वहीं अन्य आरोपियों ने लाठी-डंडों से मारपीट की। हमले में मनोज, भरतवीर और सुरेश कुमार घायल हो गए। आरोपियों ने चोरी की बनाई गई वीडियो भी डिलीट कर दी। जानकारी मिलने पर अवर अभियंता मंजीत सिंह ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा।

# दिवाली पर यात्रियों का टोटा, दिल्ली में तैनात कीं टीमें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अलग-अलग रूट में कई स्थानों पर भी लगाई कर्मचारियों की ड्यूटी
- कर्मचारी सवारियों की तलाश कर बसों में बैठाने का करेंगे काम

**अमृत विचार :** दिवाली को पांच दिन बचे हैं लेकिन रोडवेज की बसें खाली दौड़ रही हैं। दिल्ली की ओर से आने वाली बसों में सवारियां न मिलने से अधिकारी परेशान हैं। ऐसे में सवारियों को बस में बैठाने के लिए परिवहन निगम के बरेली रीजन ने दिल्ली में आनंद विहार और कौशांबी बस अड्डे पर 11 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा अलग-अलग रूट पर भी 14 कर्मचारी तैनात किए गए हैं।

अक्टूबर महीने में यात्रियों की संख्या में गिरावट की वजह अधिकारी दिवाली पर यात्रियों की संख्या बढ़ाने के प्रयास में जुट गए हैं। बरेली रीजन के आरएम ने बरेली, रुहेलखंड, बदायूं और पीलीभीत डिपो की सभी बसों को ऑन रोड कर अतिरिक्त फेरे लगाने के आदेश दिए हैं। उन्होंने शनिवार को आदेश दिया कि अक्टूबर माह में यात्रियों की संख्या में भारी गिरावट की वजह से प्रबंध निदेशक के आदेश पर पिकिंग प्वाइंट पर यात्रियों को बैठाने के लिए लिपिक और अक्षम चालकों की डयूटी लगाई जाएगी। 28 अक्टूबर से 11 नवंबर तक रामपुर मार्ग पर झुमका चौराहा, बदायूं मार्ग के भमोरा, हल्द्वानी मार्ग पर भोजीपुरा, पीलीभीत मार्ग के बैरियर टू और ललौरीखेड़ा, बदायूं-कासंगज-आगरा मार्ग पर उझानी और बदायूं-चंदोसी-मुरादाबाद मार्ग पर बिसौली में कर्मचारियों को तैनात किया गया है। कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वह मार्ग पर तैनात रहकर बसों में यात्रियों को बैठाकर उनकी संख्या व्हाट्सएप ग्रुप पर डालेंगे। इसके अलावा आनंद विहार में पांच और कौशांबी बस अड्डे पर छह बुकिंग लिपिकों की डयूटी लगाई गई है। यह कर्मचारी बरेली रीजन की बसों में यात्रियों को बैठाकर बसों को समय से रवाना करेंगे। इसके अलावा पुराने और सेटेलाइट बस अड्डे पर कंट्रोल रूम में 24 घंटे कर्मचारियों को तैनात किया जाएगा। कंट्रोल रूम में तैनात कर्मचारी बसों के आने- जाने के समय की जानकारी यात्रियों को देंगे।

> दिवाली पर यात्रियों की संख्या बढ़ाने के लिए अलग-अलग कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। अगर किसी कर्मचारी की लापरवाही सामने आती है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
> –**दीपक चौधरी**, आरएम बरेली रीजन



क्या आप नि:संतान हैं? आज ही सम्पर्क करें

माहेश्वरी अस्पताल एवं श्रद्धा IVF सेंटर



डा. श्रद्धा माहेश्वरी
Senior IVF Consultant,
Gynaecologist & IVF Specialist
: सम्पर्क सूत्र :
9548521316
0581-3583111
पता: बन्नूवाल नगर, ट्यूलिप ग्रांड के सामने पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

बाँझपन के प्रमुख कारण:-

महिलाओं में:-
- समय पर महावारी न होना
- असंतुलित हार्मोन्स
- अण्डो का न बनना
- अधिक उम्र
- नलों का बंद होना

पुरुषों में:-
- शुक्राणु निल होना
- शुक्राणु का कम होना
- शुक्राणुओं की गति धीमी होना



उपलब्ध सुविधाएं
- IUI • IVF • ICSI
- Hysteroscopy • Laparoscopy

IVF/IUI
मेगा फ्री कैम्प

सेंटर की शानदार सफलता और वर्षगांठ के शुभ अवसर पर आईवीएफ निसंतान दंपत्तियों के लिए
-: दिनांक :-
14/15/16 अक्टूबर 2024
पर विशेष छूट

सभी बच्चेदानी व अंडेदानी की गांठ/रसौली का ऑपरेशन दूरबीन विधि द्वारा उपलब्ध।

Artificial Insemination, Egg/Sperm Donor Facility Available

नि:संतान दम्पत्तियों के लिए पहला परामर्श
सोमवार से शनिवार प्रात: 10:00 बजे से 6:00 बजे तक

बरेली में विश्वस्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित IVF लैबऔर उच्च सफलता दर वाला IVF सेन्टर

लोकेशन के लिए स्कैन करें

# दिवाली मेला: म्यूजिकल नाइट में झूमे लोग

## दूसरे दिन हुई गोल्डन कपल, इंडियन ड्रेस प्रतियोगिता, स्टालों पर ग्राहकों ने की जमकर खरीदारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** रोटरी क्लब ऑफ बरेली की ओर से बरेली क्लब ग्राउंड में चल रहे 61 वें महान दिवाली मेले के दूसरे दिन शनिवार को म्यूजिकल नाइट की धूम रही। गोल्डन कपल, इंडियन ड्रेस समेत कई प्रतियोगिताएं हुईं।

मेले के दूसरे दिन का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक संजीव अग्रवाल ने किया। उन्होंने ग्राउंड पर स्थित लक्ष्मी-गणेश के मंदिर में पूजा की। मुख्य अतिथि ने कहा कि मेले भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ सद्भावना का संदेश देते हैं। चीफ क्लब ट्रेनर डॉ. एके चौहान ने कहा कि मेले की आय से गरीब और जरूरतमंदों की सेवा करना सराहनीय कार्य है। म्यूजिकल नाइट में दिल्ली के आर्टिस्ट ने नई डांस फार्म से दर्शकों का दिल जीतने के साथ मनोरंजन किया। मेले में नाथ नगरी थीम के तहत लाई गई शंकर की प्रतिमा आकर्षण का केंद्र रही। जिसके आसपास विशेष सजावट की गई थी। इस दौरान दर्शक यहां सेल्फी लेते नजर आए। मेले में लोगों ने साउथ इंडियन, चायनीज, इंडियन आदि व्यंजनों का स्वाद लिया। वहीं, 145 स्टालों पर लोगों ने जमकर खरीदारी की। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर इलेक्ट राजेन्द्र विद्यार्थी, सचिव शरद महरोत्रा, अध्यक्ष सीएस अंकित अग्रवाल, बरेली मंडल सचिव विनय कृष्ण, मेला डायरेक्टर राहुल जायसवाल, सह मेला डायरेक्टर सीए अमित मनोहर, पूर्व अध्यक्ष प्रधीर गुप्ता, मनीष गोयल, अरविंद गुप्ता, डीपी सिंह, राजीव गुप्ता, शलभ गोयल आदि मौजूद रहे।



दिवाली मेले में ग्रुप डांस की प्रस्तुति देते कलाकार। ● अमृत विचार



विधायक संजीव अग्रवाल ने किया दूसरे दिन के मेले का उद्घाटन।

### ट्रेडिशनल ड्रेस में जूही तो गोल्डन कपल में संजीव-अनीता ने बाजीमारी

ट्रेडिशनल इंडियन ड्रेस प्रतियोगिता में जूही सक्सेना ने प्रथम, संदीप कौर ने द्वितीय और अभिषेक सक्सेना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गोल्डन कपल प्रतियोगिता में संजीव सक्सेना- अनीता सक्सेना ने प्रथम और विकास शर्मा एवं निधि शर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। गोल्डन कपल में 60 वर्ष से अधिक उम्र के दंपतियों ने भाग लिया था।

### बेबी शो में ईशानवी प्रथम



बेबी शो प्रतियोगिता में ईशानवी गुप्ता पहले, अक्षिता गुप्ता दूसरे और बलनूर सिंह तीसरे स्थान पर रहीं। पूर्व अध्यक्ष नरेश मलिक ने बताया कि मेले में किड्स जोन को बच्चे बहुत पसंद कर रहे हैं।

# मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 6 जनवरी को

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 29 को प्रकाशित होगा सूची का आलेख्य , 28 नवंबर तक लिए जाएंगे दावे-आपत्ति
- डीएम ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

**अमृत विचार :** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस संबंध में शनिवार को जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक दलों के साथ बैठक की।

बैठक में बताया गया कि 1 जनवरी 2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण किया जाएगा, जिसमें 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवा मतदाताओं को जोड़ने का काम होगा। सूची में दर्ज नाम, पता, आयु समेत अन्य त्रुटियों को दूर किया जाएगा।

मतदाता सूची का आलेख्य का प्रकाशन 29 अक्टूबर को होगा। दावे और आपत्तियां 28 नवंबर तक ली जाएंगी। जबकि विशेष अभियान 9, 10, 23 और 24 नवंबर को चलेगा। दावे और आपत्तियों का निस्तारण 24 दिसंबर तक करते हुए मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 6 जनवरी को किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि इस कार्य में राजनीतिक दलों के सहयोग की जरूरत है। पुनरीक्षण कार्य में उनका सक्रिय सहयोग लेने के लिए आयोग की ओर से बूथ स्तर पर एजेंट बनाए गए हैं। बैठक में राजनीतिक दलों से अपेक्षा की गई कि जिले के सभी 3499 मतदेय स्थलों पर बूथ स्तर पर एजेंट की नियुक्ति कर उसकी सूची जिला निर्वाचन कार्यालय या संबंधित तहसील में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में उपलब्ध करा दी जाए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष बहादुर सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव कुमार शुक्ला, एसडीएम सदर गोविंद मौर्य आदि मौजूद रहे।

# विजिलेंस जेई ने संभाली जिम्मेदारी कल से शुरू होगा चेकिंग अभियान

**बरेली, अमृत विचार :** जेई के निलंबित होने के बाद से विजिलेंस का चेकिंग अभियान थम गया था। अब कोहाड़ापीर के जेई की विजिलेंस में तैनाती के बाद टीम सोमवार से बिजली चोरी रोकने के लिए अभियान चलाएगी।

सनसिटी सब स्टेशन पर तैनाती के दौरान जेई अनिल कुमार ने भूमिगत केबल को बिना पाइप के डलवा दिया था। मुख्य अभियंता रणविजय सिंह ने जेई को निलंबित कर दिया था। इसके बाद अधीक्षण अभियंता ने कोहाड़ापीर सब स्टेशन के जेई अनिल गुप्ता को शहरी क्षेत्र के विजिलेंस में तैनाती दी थी, लेकिन उन्हें रिलीव नहीं किया गया था। शनिवार शाम अनिल गुप्ता को रिलीव कर दिया गया। उन्होंने जेई ने विजिलेंस का कार्यभार ग्रहण कर लिया।

# विद्यार्थियों के वोट बनवाने के लिए कॉलेजों में बनेगी हेल्पडेस्क

**बरेली, अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों के वोट बनवाने के लिए महाविद्यालयों में हेल्पडेस्क और एक कॉर्डिनेटर बनाने के निर्देश दिए हैं। हेल्पडेस्क पर तैनात कॉर्डिनेटर विद्यार्थियों को मतदाता सूची में अपना नाम जोड़ने, मतदाता पहचान पत्र प्राप्त करने और मतदान प्रक्रिया के बारे में जानकारी देंगे। इसके अलावा वोट बनवाने में आ रही समस्याओं का भी समाधान करेंगे।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश के बाद विश्वविद्यालय के उप कुलसचिव प्रशासन ने इस संबंध में महाविद्यालयों के प्राचार्यों को पत्र जारी किया है। मीडिया प्रभारी डॉ. अमित सिंह ने बताया कि महाविद्यालयों में हेल्प डेस्क की स्थापना से सभी विद्यार्थी अपने मतदाता अधिकारों को समझेंगे और सक्रिय रूप से मतदान प्रक्रिया में भाग लें।

# सपा जिलाध्यक्ष के खिलाफ मोर्चा खोलने पर छिना शांति सिंह का पद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष ने की पदमुक्त करने की सिफारिश
- मौजूदा जिलाध्यक्ष स्मिता ने भी शांति सिंह के आरोपों को बताया बेबुनियाद

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के अंदर अब नई जंग शुरू हो गई है। महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव शांति सिंह की ओर से सपा जिलाध्यक्ष शिवचरन सिंह कश्यप पर महिलाओं को मौका न देने का आरोप लगाने के मामले को हाईकमान ने गंभीरता से लिया है। महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल को पत्र लिखकर शांति सिंह को तत्काल पदमुक्त करने की संस्तुति की है। महिला सभा की जिलाध्यक्ष स्मिता यादव ने भी शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर शांति सिंह के आरोपों को बेबुनियाद बताया।

शांति सिंह बरेली में महिला सभा की जिलाध्यक्ष रही हैं। शुक्रवार को उन्होंने संगठन की उन सदस्यों को अपने घर चाय पर बुलाया था जो उस वक्त उनकी टीम में थीं। इसी दौरान शांति सिंह ने पार्टी जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप के खिलाफ बयान दिया। उन्हें महिला विरोधी बताते हुए कहा कि वह महिलाओं को आगे बढ़ने का मौका नहीं देते। वह भी उनकी इस मनोवृत्ति का शिकार हो चुकी हैं। शांति सिंह के इन आरोपों का वीडियो भी वायरल हुआ था। इसके बाद शनिवार को सपा कार्यालय पर महिला सभा की जिलाध्यक्ष स्मिता यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाकर शांति सिंह के आरोपों पर सफाई दी।

उन्होंने शांति सिंह के बयान को गलत और बेबुनियाद बताते हुए कहा कि सपा जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप महिलाओं का बहुत सम्मान करते हैं और पार्टी की सभी महिलाओं को मंच पर स्थान देते हैं। कहा, शांति सिंह जिलाध्यक्ष रहते कई विवादों में घिरी रहीं। उन्हें पदोन्नति मिली, फिर भी वह अनाप-शनाप बयान दे रही हैं। जैनब फातिमा, भारती चौहान, ऊषा यादव, मीना शाक्य समेत कई महिला पदाधिकारियों से उनका विवाद रहा है। महानगर अध्यक्ष सरताज गजल अंसारी ने कहा शांति सिंह ने किसी के बहकावे में आरोप लगाए हैं। जिलाध्यक्ष हमेशा महिलाओं को अग्रिम पंक्ति में स्थान देते है। इस दौरान स्वाति शर्मा, मैना बी, मीना शाक्य, सीमा श्रीवास्तव, गुड़िया, शबाना खान मौजूद रहीं। इस बीच यह विवाद ऊपर तक पहुंचने के बाद शनिवार को महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह ने भी पार्टी प्रदेश अध्यक्ष को पत्र लिखकर शांति सिंह को पदमुक्त करने की सिफारिश कर दी।

अमृत विचार
Lifelines OF BAREILLY
MEDICAL
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808



सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये नि:शुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
60000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान कार्ड द्वारा नि:शुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रात: 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक



डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली



डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
- प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP)
- गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL)
- गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL)
- पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348



चरक हैल्थ केयर
चरक पैथलैब
डॉ. राकेश मिश्रा
(MD, Dip Cardiology)
हृदय, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर एवं श्वांस रोग विशेषज्ञ
नियर चाट बाजार रोड़, 39-बी, एकता नगर, बरेली।
समय : प्रात: 9:00 am-10 am एवं सायं 3:00 pm-5:30 PM
मो. 9410200042, 9410200047

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन



डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रात: 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ताजुश्शरिया हॉस्पिटल के सामने, जगतपुर रोड, निकट बीसलपुर चौराहा, बरेली

# गीतों पर थिरके दंत चिकित्सक




दीपावली महोत्सव में गीतों पर थिरकते दंत चिकित्सक। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** इंडियन डेंटल एसोसिएशन ने सिविल लाइंस के एक होटल में दिवाली महोत्सव मनाया। इस दौरान गीतों पर दंत चिकित्सक जमकर थिरके। कई प्रतियोगिताएं भी हुईं। कार्यक्रम की शुरुआत लक्ष्मी गणेश के पूजन के साथ हुई। हाउजी, बेस्ट ड्रेस, बेस्ट कपल आदि प्रतियोगिताओं में सदस्यों ने भाग लिया। डांस फ्लोर पर चिकित्सकों ने धमाल मचाया। लाइव सिंगिंग में भी जलवे बिखेरे। बच्चों ने कई प्रतियोगिताओं में भाग लिया। मीडिया प्रभारी डॉ. अनूप आर्य ने बताया कि लकी ड्रा निकालकर विजेताओं को सम्मानित किया गया। अध्यक्ष डॉ. नितिन अस्थाना, सचिव डॉ. अवधेश गंगवार, डॉ. नीरज चंद्र, डॉ. रुचिर कुमार, डॉ. पुनीत लूनियाल, डॉ. राघव चौधरी, डॉ. इला अरोरा, डॉ. सोनल उपाध्याय, डॉ. प्रियांशी, डॉ. लवी चौधरी, डॉ. सविता सक्सेना मौजूद रहीं।

# वक्फ बोर्ड की तर्ज पर सनातन बोर्ड का गठन हो : शहाबुद्दीन

**बरेली, अमृत विचार :** आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी ने मथुरा के धर्म गुरु के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अगर सनातन धर्म के लोग भी वक्फ बोर्ड की तरह अपना अलग सनातन बोर्ड बनाना चाहते हैं तो इस पर देश के मुसलमानों को कोई आपत्ति नहीं है। इससे मंदिरों, मठों, धर्मशालाओं की जमीन और जायदाद का रख रखाव किया जा सकता है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार से मांग करते हुए कहा कि सनातन बोर्ड का गठन वक्फ बोर्ड की तर्ज पर किया जाए। कहा कि अगर देश के किसी हिस्से में धर्म संसद बुलाकर उसमें मुसलमानों के खिलाफ गलत भाषणबाजी हुई तो मुसलमान जरूर जवाब देगा।

# काम न कराने वाले ठेकेदारों को काली सूची में डालें : मेयर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- निर्माण विभाग को विकास कार्यों को तेजी से पूरा करने के दिए निर्देश

**अमृत विचार:** नगर निगम के दो सौ विकास कार्य अटके हुए हैं। मेयर उमेश गौतम ने निर्माण विभाग को इसी महीने टेंडर प्रकिया पूरी करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा टेंडर लेने के बाद भी काम न करने वाले ठेकेदारों को काली सूची में डालने को कहा है। मेयर के निर्देश के बाद निर्माण विभाग लंबित कार्यों को पूरा करने में जुट गया है।

लोकसभा चुनाव से 107 निर्माण कार्यों के टेंडर हुए थे लेकिन आचार संहिता लगने के कारण अधिकांश काम रुक गए थे। आचार संहिता हटने के बाद भी कई महीने तक 93 निर्माण कार्य रुके रहे। इसी बीच 95 और कार्यों का प्रस्ताव तैयार कर कर स्वीकृति दे दी गई। करीब दौ सो काम सितंबर तक अटके रहे। इसके अलावा ठेकेदारों का भी भुगतान नहीं हो रहा था। पिछले सप्ताह मेयर ने ठेकेदारों के बकाया भुगतान के निर्देश दिए थे। शनिवार को मेयर ने निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता को निर्देश दिए कि हर हाल में अगले सप्ताह तक टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली जाए। जिन ठेकेदारों का बकाया है, उनका भुगतान कर दिया जाए। ऐसे ठेकेदारों की सूची तैयार की जाए, जो काम लेने के बाद नहीं कर रहे हैं।

ऐसे ठेकेदारों को अंतिम नोटिस देकर काली सूची में डाला जाए। पार्षदों के प्रस्ताव पर गंभीरता से काम होना चाहिए। इसके अलावा तय समय से काम पूरा करने के लिए सभी इंजीनियरों को जिम्मेदारी दी जाए ।

## डीएम ने वृद्धाश्रम में आवश्यक सामग्री का वितरण किया



**बरेली, अमृत विचार :** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने शनिवार को बदायूं रोड बुखारा मोड़ स्थित वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को आवश्यक सामग्री जूता, चप्पल, तेल, साबुन व फल का वितरण किया। साथ ही आगामी त्योहारों की शुभकामनाएं भी दी। इस मौके पर उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा राकेश कुमार मिश्र, सहायक उप नियंत्रक पंकज कुदेशिया, प्रमोद कुमार डागर, वशिष्ठ डिवीजनल वार्डन रंजीत, शिवलेश पाण्डेय, संजय पाठक, कवंलजीत सिंह, जगदीश प्रसाद और आकाश आदि मौजूद रहे।

## भीड़भाड़ वाले इलाकों में अग्निशमन विभाग आपात स्थिति से निपटने के लिए दुरुस्त रखे व्यवस्थाएं

**बरेली, अमृत विचार :** धनतेरस और दिवाली पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने और कानून व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने शनिवार को विकास भवन सभागार में अफसरों के साथ बैठक की। डीएम ने कहा कि दिवाली पर बिजली की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मुख्य अग्निशमन अधिकारी से कहा कि बाजार या फिर भीड़भाड़ वाले इलाकों में आपातकालीन स्थिति में कैसे दमकल गाड़ियां पहुंचेंगी, इसके लिए तैयारी करने के निर्देश दिए। नगर निगम को सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि मीरगंज, शेरगढ़ में दिवाली बाद मेले लगते हैं और कुछ स्थानों पर शोभायात्रा निकलती है। इंस्पेक्टर, सीओ को पहले से ही मौके की स्थिति परखने के निर्देश दिए। एडीएम सिटी सौरभ दुबे ने बताया कि जिले में 46 स्थाई और अस्थाई पटाखे की दुकानें लगेंगी। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने कहा कि जिले में 108 की 43 एंबुलेंस उपलब्ध हैं, जो विपरीत परिस्थितियों में कार्य करेंगी। एसपी यातायात ने कहा कि धनतेरस से दिवाली तक विशेष मार्गों पर तीन और चार पहिया वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। एडीएम प्रशासन दिनेश आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### निशुल्क शिविर में 130 छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया



**बरेली, अमृत विचार :** रोहिलखंड आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल और एसआर इंटरनेशनल स्कूल की ओर से 9 वें आयुर्वेदिक दिवस पर स्कूल परिसर में आयोजित निशुल्क शिविर में 130 छात्रों के स्वास्थ्य की जांच की गई। आयुर्वेदिक कॉलेज के चिकित्सा अधीक्षक एचएस राय ने स्वास्थ्य शिविर की शुरुआत की। शिविर में छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण के साथ चिकित्सकीय परामर्श भी दिया गया। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अमनदीप, डॉ. तरुण, डॉ. निवेदिता पांडा, डॉ. कंचन भारद्वाज, प्रधानाचार्य आईपीएस चौहान, निदेशक डॉ. आरके शर्मा, निधि अवस्थी मौजूद रहीं।

### निबंध प्रतियोगिता में अनुष्का और प्रार्थना प्रथम



**बरेली,अमृत विचार :** मानव सेवा क्लब की ओर से महावीर प्रसाद भूड़ कन्या इंटर कालेज में शनिवार को गणेश शंकर विद्यार्थी की 134 वीं जयंती पर छात्राओं की निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें 50 छात्राओं ने भाग लिया। जूनियर ग्रुप में अनुष्का पहले, परी दूसरे और अलीशा तीसरे स्थान पर रहीं। सीनियर ग्रुप में प्रार्थना पहले, कुमकुम दूसरे और अलीशा तीसरे स्थान पर रहीं। राधिका, शिवि और पायल को विशेष पुरस्कार दिया गया। मुख्य अतिथि साहित्यकार रमेश गौतम ने कहा कि गणेश शंकर विद्यार्थी क्रांतिकारी के साथ-साथ एक निर्भीक पत्रकार भी थे। उनकी निर्भीकता और निष्ठा से युवा प्रेरणा लें। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्य दीपाली सक्सेना को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में साहित्य भूषण सुरेश बाबू, कवि इंद्र देव त्रिवेदी, अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा, उपाध्यक्ष सत्येन्द्र सक्सेना, महासचिव प्रदीप माधवार, राजेन्द्र कुमार सक्सेना, डॉ. चंद्र मोहन सक्सेना, प्रकाश चंद्र, अरुणा सिन्हा, शकुन सक्सेना, सुनील कुमार उपस्थित रहे।

### अपना दल के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का स्वागत किया



**बरेली, अमृत विचार :** अपना दल के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अनुज कुमार गंगवार के शहर पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। 100 फुटा रोड पर एक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इसके बाद शील चौराहे पर छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर, कोतवाली के सामने आंबेडकर प्रतिमा और पटेल चौक पर सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में कार्यकर्ताओं से वार्ता की। इस मौके पर प्रदेश सचिव वल्हा खान, सतीश गंगवार, गजेन्द्र पटेल, केपी पटेल, दिनेश पटेल, योगेन्द्र पटेल, गोपेन्द्र पाल, शिवराज सिंह, ताहिर अंसारी, राकेश सैनी, अमित गंगवार समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सिविल डिफेंस वार्डन्स का कराया स्वास्थ्य परीक्षण



**बरेली, अमृत विचार :** नागरिक सुरक्षा कोर के सिविल लाइंस प्रभाग की ओर से आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का उद्घाटन राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पाण्डेय ने किया। शिविर में डॉ. सुमन गंगवार और नेहा गुप्ता ने 50 सिविल डिफेंस वार्डन्स की आंख, बीपी व शुगर की जांच की। मुख्य अतिथि पुष्पा पाण्डेय ने पौधरोपण भी किया। स्टाफ ऑफीसर आलोक शंखधर, डिप्टी पोस्ट वार्डन विशाल शर्मा, पोस्ट वार्डन विशाल गुप्ता, अजय राज शर्मा, संजीव पाण्डेय, सिविल डिफेंस के एडीसी पंकज कुदेशिया, प्रभागीय वार्डन दिनेश यादव, मो. उस्मान नियाज, फिरोज हैदर, राजीव छाबड़ा, आसिया अली, सुनील यादव, नीतू, सचिन जोशी, रानी सिंह, ओम प्रकाश, सूर्य प्रकाश, वकील अहमद, मो. आमिर, नईम रजा खां, कुद्दूस मियां मौजूद रहे।

### एमआईटी मुरादाबाद जोनल चैंपियन घोषित



**बरेली, अमृत विचार :** डॉ. अब्दुल कलाम टेक्निकल विश्वविद्यालय की दो दिवसीय जोनल खेल प्रतियोगिता में एमआईटी मुरादाबाद को जोनल चैंपियन घोषित किया गया। एमआईटी के खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में 11 गोल्ड और 14 सिल्वर मेडल हासिल किए। एसआरएमएस सीईटी के खिलाड़ियों ने नौ गोल्ड और छह सिल्वर के साथ अपने कॉलेज को रनर अप की ट्राफी दिलाई। श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में शनिवार को खेल प्रतियोगिता का समापन हुआ। एसआरएमएस ट्रस्ट के एडवाइजर इंजीनियर सुभाष मेहरा, डीन एकेडेमिक्स डॉ. प्रभाकर गुप्ता, सीईटीआर के डीन शैलेंद्र सक्सेना, प्रोफेसर ओपी सिंह, कोआर्डिनेटर डॉ. सोवन मोहंती ने विजेताओं को ट्रॉफी और मेडल प्रदान किए। इस मौके पर ट्रेनिंग और प्लेसमेंट सेल के डायरेक्टर डॉ.अनुज कुमार, फार्मेसी विभाग की डायरेक्टर डॉ. आरती गुप्ता, चीफ प्राक्टर डॉ. जितेंद्र सिंह यादव, कोच नितिन सक्सेना और कोच शंकर पाल सहित सभी विभागाध्यक्ष मौजूद रहे।

# दिवाली से पहले समझ लें सोने के आभूषणों पर मेकिंग चार्ज का खेल

## हर दुकानदार अपने हिसाब से तय करता है मेकिंग चार्ज, खरीदारी के समय सोने के जेवरों पर हॉलमार्क का भी रखें ध्यान

अनुपम सिंह, बरेली

**अमृत विचार :** धनतेरस और दिवाली पर सोने के आभूषण खरीदने का प्लान कर रहे हैं तो कुछ बातों का विशेष ध्यान रखें। सबसे पहले हॉलमार्क जरूर देखें और इसका ध्यान रखें कि कहीं आभूषण पर मेकिंग चार्ज तो अधिक नहीं लिया जा रहा है, क्योंकि कई सराफ मेकिंग चार्ज के नाम पर ग्राहक से अधिक रकम लेते हैं।

आमतौर पर लोग आभूषण खरीदते समय हॉलमार्क से सोने की गुणवत्ता पताकर खरीददारी करते हैं लेकिन मेकिंग चार्ज पर ज्यादा ध्यान नहीं देते हैं। मेकिंग चार्ज पर दुकानदार कैसे खेल करते हैं, इसकी अमृत विचार की टीम ने सराफा बाजार में पड़ताल की। कई सराफा कारोबारियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि किसी सराफ के मेकिंग चार्ज तय नहीं हैं। हर दुकानदार ने खुद ही अपने स्तर से चार्ज लेने के लिए नियम बना रखें हैं।

**इस तरह से लगता है मेकिंग चार्ज :** अलग-अलग कैरेट के सोने पर मेकिंग चार्ज प्रति ग्राम 520 रुपये से लेकर एक हजार या इससे भी ज्यादा तक लगाया जाता है। इसकी वजह से आभूषण पर मेकिंग चार्ज 10 से 12 हजार रुपये तक आ जाता है। उदाहरण के तौर पर शनिवार को 18 कैरेट प्रति तोला सोना 61 हजार में था, जिसमें एक तोले का आभूषण खरीदने पर ग्राहक को 68 से 69 हजार रुपये देने पड़ेंगे। अलग-अलग दुकानदारों के रेट भी अलग-अलग हो सकते हैं।

**24 कैरेट गोल्ड की डिमांड बढ़ी:** सराफा कारोबारियों के अनुसार भाव लगातार बढ़ने की वजह से 24 कैरेट सोने की मांग बढ़ गई है। लोग इसे इन्वेस्ट करने की वजह से खरीद रहे हैं, क्योंकि 24 कैरेट का सोना जिस दिन बेचा जाता है, उसी दिन का भाव मिलता है और कोई कटौती नहीं की जाती है।

**ऐसे समझें टंच और कैरेट को :** आभूषण को खरीदते समय टंच और कैरेट का विशेष ध्यान देना चाहिए। सराफा कारोबारियों के अनुसार सोने की गुणवत्ता को टंच कहते हैं, जैसे 75 टंच का 18 कैरेट, 83 टंच का 20 कैरेट, 91.6 टंच का 22 कैरेट, 99.9 टंच का 24 कैरेट और 100 टंच का बिल्कुल खरा सोना होता है।



### ये होता है मेकिंग चार्ज

आभूषण बनाने से पहले सोने को पिघलाया जाता है। इसके बाद अलग-अलग शेप के आभूषण तैयार किए जाते हैं और जो खर्च आता है, उसे मेकिंग चार्ज कहते हैं। इसमें कारीगर का मेहनताना, आभूषण की डिजाइन शामिल होती है।

### टैक्स देने से बचने के लिए नहीं बनवाते पक्का बिल

कुछ दुकानदारों के मुताबिक सोने की खरीदारी करने पर तीन प्रतिशत की जीएसटी देनी होती है। ऐसे में खरीदार टैक्स देने से बचने के लिए पक्का बिल नहीं लेते हैं और दुकानदार भी नंबर एक में बिक्री से बचने के लिए पक्का बिल नहीं देते हैं।

### हॉलमार्क लगा सोना ही खरीदें

लोगों को हॉलमार्क लगा सोना ही खरीदना चाहिए। अब मशीनों से जांच करके पता किया जा सकता है कि होलमार्क लगाने में खेल तो नहीं किया गया है। ग्राहक बीआईएस के अधिकारियों से ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा सकते हैं। साहूकारा और आलमगिरीगंज में होलमार्क के नौ सेंटर हैं, जिन्हें हॉलमार्क जांच ब्यूरो का लाइसेंस मिला हुआ है।

### जिले में इन शहरों से आता है सोना

शहर में साहूकारा और आलमगीरीगंज में सोने का व्यापार होता है। यहां के व्यापारी गुजरात के राजकोट, मेरठ, दिल्ली, मथुरा आदि शहरों से सोना मंगवाते हैं। कई सराफ निर्मित आभूषण मंगाते हैं तो कई शहर में ही कारीगरों से सोना तैयार कराते हैं।

### क्या कहते हैं ज्वैलर्स व्यापारी नेता



सोना अलग-अलग जगहों से आने की वजह से अलग-अलग दुकानदार उसी के अनुसार मेकिंग चार्ज लगाकर बिक्री करते हैं। सोना महंगा तो हुआ है, लेकिन धनतेरस और दिवाली पर अच्छी बिक्री होने की उम्मीद है। -**संदीप अग्रवाल मिंटू**, अध्यक्ष महानगर ज्वैलर्स एंड बुलियन एसोसिएशन



पूरी पारदर्शिता के साथ ही व्यापार किया जाता है। हॉलमार्क लगे आभूषण ही बेचे जाते हैं। बिना हॉलमार्क वाले आभूषण खरीदने पर उसकी गुणवत्ता की जानकारी नहीं हो पाती है।

-**गणेश सावंत**, सराफ



धनतेरस-दिवाली पर कितने करोड़ का कारोबार होगा, इसका सही आकलन करना थोड़ा मुश्किल है, लेकिन उम्मीद है कि व्यापार अच्छा होगा। हल्के आइटमों की मांग ज्यादा है।

-**तरुण अग्रवाल**, सराफ



लोग इन्वेस्ट करने के लिए 24 कैरेट का सोना खरीद रहे हैं। इसे कभी भी और कहीं भी बेचने पर 50 या 100 रुपये का ही अंतर आता है। सराफा व्यापारियों से अपील है कि पक्के बिल पर ही बिक्री करें। -**अनिल पाटिल**, राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय मराठी व्यापारी एसोसिएशन

### पीजी हॉस्टल के वार्डन का किया घेराव

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के पीजी छात्रावास के वार्डन प्रो. यतेंद्र कुमार का विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने घेराव किया। महानगर मंत्री आनंद कठेरिया ने कहा कि डबल पीजी वाले छात्रों को छात्रावास में कमरा नहीं दिया जा रहा है। एमए प्रथम वर्ष के छात्र आदित्य प्रताप सिंह के कक्ष का ताला उसकी अनुपस्थिति में तोड़ दिया गया। इस पर वॉर्डन ने कहा कि ताला गलती से टूट गया। विभाग संगठन मंत्री अवनी यादव, विभाग सह संयोजक श्रेयांश वाजपेयी, विश्वविद्यालय इकाई मंत्री दीपांशु चौधरी, माधव माहेश्वरी, हर्षित चौधरी, गौरव पंत आदि मौजूद रहे।

### रंगोली में टीम आर विजेता

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में बीकॉम ऑनर्स विभाग में छात्र-छात्राओं ने दीपावली पर रंगोली प्रतियोगिता और कंदील मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। रंगोली में प्रथम स्थान ग्रुप आर ने पाया इसमें मुस्कान सिंह, उपासना सिंह, रुचिरा जोशी एवं मांडवी अग्रवाल शामिल थी। द्वितीय स्थान पर ग्रुप एस रहा इसमें वंदना शर्मा, स्नेहा गौतम एवं सुनैना गंगवार रही, जबकि तृतीय स्थान पर ग्रुप ई में अभिषेक मौर्य रहे। प्रो. मनमीत कौर, प्रो. वंदना शर्मा, डॉ. प्रियांक मेहरोत्रा, डॉ. शिव शंकर, डॉ. गरिमा अग्रवाल, डॉ. शुभांशु शेखर, डॉ. अमोद आदि मौजूद रहे।

# न्याय प्रक्रिया को समझने के लिए मूट कोर्ट है बेहतरीन जरिया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** न्याय प्रक्रिया को समझने के लिए आभासी न्यायालय एक बेहतरीन तरीका है। इस प्रकार के आयोजन से विद्यार्थियों में साहस, वाकपटुता और अभिभाषण की क्षमता का विकास होता है। ये बातें मुख्य अतिथि इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति नीरज तिवारी ने शनिवार को क्लासिक कॉलेज ऑफ लॉ में आयोजित दो दिवसीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता के मौके पर कहीं।

उन्होंने बताया कि मूट कोर्ट में तर्कों के आधार पर केस की सुनवाई पर निर्णय लेने के बारे में विद्यार्थियों को नई जानकारी हासिल होती है। इससे पहले उन्होंने और विशिष्ट अतिथि जिला जज विनोद कुमार दुबे ने प्रतियोगिता की शुरुआत की। कॉलेज के सेक्रेटरी एवं बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य शिरीष मेहरोत्रा एडवोकेट ने बताया कि स्व. रमेश कुमार मेहरोत्रा उर्फ रम्मी बाबू की स्मृति में यह आयोजन बड़े स्तर किया गया है। उन्होंने बताया कि मूट कोर्ट प्रतियोगिताएं विधि विद्यालय शिक्षा का एक महत्वपूर्ण पहलू हैं, जो छात्रों को व्यावहारिक कौशल और वास्तविक दुनिया का अनुभव प्रदान कराती हैं। इन प्रतियोगिताओं में छात्रों को न्यायाधीशों के एक पैनल या एक नकली न्यायालय के समक्ष तर्क प्रस्तुत करने होते हैं। इन कौशलों का अभ्यास कर छात्र प्रभावी वकील बनने के लिए आत्मविश्वास और अनुभव प्राप्त कर सकते हैं। ये कानूनी शोध और लेखन कौशल को विकसित करने का अवसर भी प्रदान करती हैं। प्रतिभागियों को आम तौर पर विश्लेषण करने के लिए एक काल्पनिक कानूनी मामला दिया जाता है और उन्हें अपने तर्कों का समर्थन करने के लिए शोध करने की आवश्यकता होती है।

प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में जिला जज विनोद कुमार दुबे, प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी, अतिरिक्त जनपद न्यायाधीश जेपी यादव, सीजीएम अल्का पांडेय, बार काउंसिल यूपी के अध्यक्ष एसके गौड़, मेंबर बार काउंसिल ऑफ इंडिया जितेंद्र शर्मा रहे।




मूट कोर्ट प्रतियोगिता में बोलते शिरीष मेहरोत्रा, इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश नीरज तिवारी, जिला जज विनोद कुमार।

- क्लासिक कॉलेज ऑफ लॉ में मूट कोर्ट प्रतियोगिता के दौरान बोले न्यायमूर्ति नीरज तिवारी
- दो दिवसीय प्रतियोगिता में कई बड़ी यूनिवर्सिटी और लॉ कालेजों की टीमों ने लिया भाग

### प्रतियोगिता से कई देशों की टीमें ऑनलाइन जुड़ीं

शिरीष मेहरोत्रा ने बताया कि प्रतियोगिता में देश-विदेश की 30 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। आंध्र प्रदेश, नेपाल, जम्मू कश्मीर, अमेठी, इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के साथ शिमला, ग्वालियर लॉ कॉलेज समेत 12 राज्यों की टीमें प्रतियोगिता में शामिल हुईं। जबकि तुर्की, साउथ अफ्रीका, मॉरीशस, बांग्लादेश, इंडोनेशिया आदि की टीमें ऑनलाइन जुड़ीं।



क्लासिक कॉलेज ऑफ लॉ में आयोजित मूट कोर्ट प्रतियोगिता में मौजूद लोग।

# पढ़ाई से साथ खुद को भी दें समय

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के सभागार में शनिवार को नवागत एमबीबीएस बैच-2024 के छात्र छात्राओं के लिए आयोजित कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी के प्रति कुलाधिपति डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल ने "हाऊ टू स्टडी" विषय पर व्याख्यान दिया।

उन्होंने छात्र-छात्राओं को बताया कि वे किस प्रकार से समय सारिणी को तैयार कर पाठ्यक्रम का अध्ययन करें। उन्होंने कहा कि आलस्य को त्याग कर अनुशासन के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त करें, मानसिक तनाव से मुक्त रहने के लिए नियमित रूप से योग करें और खेलों को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। पढ़ाई के साथ खुद को भी समय दें। इस दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं से संवाद किया। विद्यार्थियों के सवालों के जवाब देकर उनका मार्गदर्शन भी किया। रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. दिग्विजय सिंह, एनाटोमी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता, डॉ. शशिकांत वर्मा, डॉ. दीप्ति बी सनाकल, डॉ. ममता गुप्ता, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तसलीम खान मौजूद रहे।



कार्यक्रम में बोलते प्रति कुलाधिपति डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल।

- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज में आयोजित हुआ कार्यक्रम

# कुश्ती और हैंडबॉल की मंडलीय टीम चयनित

**बरेली, अमृत विचार :** पंडित दीन दयाल उपाध्याय प्रदेश स्तरीय सीनियर कुश्ती और हैंडबॉल प्रतियोगिता का ट्रायल स्पोर्ट्स स्टेडियम में शनिवार को हुआ। कुश्ती में पुरुष प्रतियोगिता के लिए मंडल स्तर पर प्रमोद कुमार यादव और विकास बाबू का चयन किया गया। दोनों खिलाड़ी चार से 6 नवम्बर तक मिर्जापुर में आयोजित प्रतियोगिता में खेलेंगे। प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बालक हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए मंडल स्तर पर फिर अन्य जिलों की टीमें नहीं पहुंची। इसलिए जिले के मानस मौर्य, आतिफ, विजय प्रताप, सौरभ, अंकित, अजय गंगवार, आदित्य, ललित मौर्य, यश राणा, निश्चय, आयुष, यतेन्द्र राणा का चयन किया गया। प्रतियोगिता छह से आठ नवम्बर तक अमेठी में आयोजित होगी। इस अवसर पर जितेन्द्र यादव, क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी, हेमन्त कुमार, कमल किशोर, अविनाश कुमार व अन्य मौजूद रहे।



### सीनियर स्टेट बास्केटबॉल के जिला ट्रायल 28 को

**बरेली,अमृत विचार :** 63वीं उत्तर प्रदेश सीनियर स्टेट बास्केटबॉल का आयोजन 18 से 24 नवंबर तक कानपुर में आयोजित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में जिला बरेली की पुरुष व महिला टीम भी प्रतिभाग करेगी। बरेली बास्केटबॉल एसोसिएशन के सचिव सोनू श्रोत्रिय ने बताया जिले की टीम का चयन 28 अक्टूबर दोपहर साढ़े तीन बजे से स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया जाएगा। इच्छुक खिलाड़ी ट्रायल के लिए स्पोर्ट्स स्टेडियम में पहुंचकर ट्रायल दे सकते हैं।

# बॉयोइनफॉर्मेटिक्स के क्षेत्र में क्रांति लाया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बरेली कॉलेज में कार्यशाला में विशेषज्ञों ने साझा की तकनीकी जानकारी
- प्रैक्टिकल कराने के साथ छात्र-छात्राओं से स्टार्टअप पर भी चर्चा की

**अमृत विचार :** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए बॉयोइनफॉर्मेटिक्स के क्षेत्र में आधुनिक क्रांति के युग की शुरुआत हुई है। पहले तमाम विश्लेषण को अलग-अलग माध्यम से इकट्ठा करना मुश्किल होता था। अब एआई की मदद से ये विशेषण आसानी और सटीकता के साथ उपलब्ध है। ये बातें शनिवार को दिल्ली स्थित लैब के डॉ. रमेश कुमार सिंह ने बरेली कॉलेज के बायोटेक विभाग में चल रही राष्ट्रीय कार्यशाला में कहीं।

उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि बॉयोइनफॉर्मेटिक्स के माध्यम से बॉयोलॉजिकल डाटा तैयार किया जाता है, जिसे ड्रग डिजाइनिंग, टारगेट, बॉयोलॉजिकल एनालिसिस में प्रयोग किया जाता है। डीएनए लैब क्रिस देहरादून से आए डॉ. नरोत्तम शर्मा ने बॉयोटेक के छात्र-छात्राओं से विज्ञान के क्षेत्र में कई स्टार्टअप के बारे में जानकारी साझा की। नई दवाओं या उपचारों का अनुसंधान और विकास, जीन थेरेपी, बायोफार्मास्यूटिकल्स, वैक्सीन, बॉयोलॉजिकल उत्पादों का निर्माण समेत अन्य विकल्प पर चर्चा की।

हिमाचल की डीएनए लैब से आईं डॉ. अंकिता सिंह ने बताया कि मानव शरीर में बाहर से आए वायरस और बैक्टीरिया के प्रवेश की जानकारी के लिए डीएनए आइसोलेशन आवश्यक प्रक्रिया है। उन्होंने बॉयोटेक के विद्यार्थियों का प्रैक्टिकल भी कराया। इस दौरान ब्लड सैंपल से डीएनए एक्सट्रैक्ट कर जेनेटिक स्टडी और आइडेंटिफिकेशन आरडीटी के साथ क्लोनिंग की प्रक्रिया कराई गई।



बरेली कॉलेज में आयोजित कार्यशाला में बोलतीं डॉ. अंकिता सिंह।

### विद्यार्थियों ने की ओवेरियन कैंसर की जांच

डीएनए लैब के शशि भूषण ने विद्यार्थियों को ओवरियन कैंसर की जांच प्रक्रिया के बारे में बताया। इस दौरान छात्रों ने सैंडविच एलाइजा से कैंसर मार्कर एंटीजन सीए (125) की जांच की। इसमें ब्लड से सीरम अलग करने वाशिंग समेत अन्य प्रक्रिया के जरिए ओवरियन कैंसर की जांच की गई। एलाइजा रीडर मशीन से रीडिंग नापी गई।

### रंगोली में पूर्णा मिश्रा अव्वल

**बरेली, अमृत विचार :** बृज रूप मेमोरियल स्वर संगम सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से शनिवार को सेवाधाम मंदिर में रंगोली और नृत्य प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम का आरंभ संस्था के अध्यक्ष उमेश चंद्र गुप्ता, कोषाध्यक्ष संजीव शंखधार, डॉ. विपिन वार्ष्णेय और सुरेश बाबू मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में 25 प्रतिभागियों ने भाग लिया। रंगोली प्रतियोगिता में पूर्णा मिश्रा ने प्रथम, प्रियांशी मौर्य ने द्वितीय और तनिष्का गंगवार ने तृतीए स्थान प्राप्त किया। नृत्य प्रतियोगिता में रोहिणी शंखधार ने प्रथम, हेमश्री ने द्वितीय और लावन्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता के निर्णायक कुलदीप वर्मा और नृत्य प्रतियोगिता की निर्णायिका प्रथा सक्सेना रही। इस दौरान मोहित गुप्ता, प्रमोद मिश्रा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### साइंटिफिक रील्स में सलोनी प्रथम

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज के बायोटेक्नोलॉजी विभाग में तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शनिवार को समापन हुआ। साइंटिफिक रील्स प्रतियोगिता में सलोनी ने प्रथम, तस्मिया ने द्वितीय और आराध्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में सत्य प्रथम, एकरा द्वितीय और फाबिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया समापन समारोह में मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने विजेताओं को पुरस्कार वितरण किए। डॉ. तृप्ता वर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान निदेशक प्रो एपी सिंह, डॉ. मोलिना बिंदल, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. शालिनी ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए। अनुश्रुति व शिवांगी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम GHULAM SABIR पुत्र रईस अहमद था जिसे बदलकर अब मैंने अपना नाम GULAM SABIR रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

सूचना
हम लोग अपने भाई हसीन व उसकी पत्नी शबीना के गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार से क्षुब्ध होकर इनसे सम्बन्ध विच्छेद करते हैं, यह दोंनो भविष्य में अपने लेन-देन कृत्यों आदि के स्वयं जिम्मेदार होंगे, हम लोगों का कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। **नसीम, वसीम, अजीम व फहीम पुत्रगण सलीम निवासी क्वार्टर नं0 8, मेन्टल हॉस्पिटल कॉलोनी, थाना बारादरी, बरेली।**

जमीन बिकाऊ है
1400 गज
कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के पीछे सेंथल रोड, हाफिजगंज।
8979764949
9897375743

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

खून के आंसू



हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)
डॉ. एम. अहमद (BUMS)
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, नि:संतान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊ पर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येक:-
शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693
9837338306



भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा
सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली
भू.पू. वरिष्ठ लेक्चरार एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षो का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ
बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस
गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना
समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश



अम्बा हैल्थ क्लीनिक




डॉ.आर.एस. सिंह
B.A.M.S.(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
25 वर्षो से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Treadmark Clinic
पतले-दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री-पुरुष मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।



चिकित्सा जानकारी
● भूख न लगना ● अपच ● कब्ज ● गैस बनना ● खाने के बाद शौचालय जाना ● बच्चों का शारीरिक विकास न होना ● पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना ● बच्चों का बिस्तर गीला करना ● मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना ● कील- मुंहासे ● झाइयां ● सफेद दागो व सावलापन हटाना ● सुन्दर दिखाना ● बालों का समय से पहले झड़ना ● टूटना ● सफेद होना एवं गंजापन होना ● खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा, बीड़ी सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना-कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना।

नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनाने एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनाने हेतु जानकारी प्राप्त करें



Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में दखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारन्टी नहीं दे सकते।
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 13 अक्टूबर 2024, रविवार
27 अक्टूबर 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076


# युवक की आत्महत्या के मामले में पत्नी और प्रेमी समेत चार पर रिपोर्ट

## न्यायालय के आदेश पर सुभाषनगर पुलिस ने लिखा मुकदमा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- वर्ष 2023 में नेकपुर के युवक ने लगाया था फंदा, पुलिस ने बरामद किया था सुसाइड नोट

**अमृत विचार :** बेवफा पत्नी से परेशान होकर युवक ने वर्ष 2023 में आत्महत्या कर ली। युवक की मां की शिकायत पर थाना सुभाषनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। अब कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने युवक की पत्नी, उसके प्रेमी समेत चार लोगों पर आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज की है।

नेकपुर निवासी 73 वर्षीय चंद्रवती के मुताबिक उनके बेटे जितेंद्र का विवाह वर्ष 2010 में अहलादपुर निवासी रामनाथ की सौतेली बेटी कुमकुम के साथ हुआ था। जितेंद्र के 10 वर्ष और 8 वर्ष की दो बेटियां हैं। कुमकुम की बड़ी बहन प्रभा का ससुराल बदायूं के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के गांव चंदऊ में है। वर्ष 2019 में कुमकुम अपनी बहन प्रभा के यहां चंदऊ गई। वहां प्रभा के देवर प्रेमपाल से उसके प्रेम संबंध हो गए। इसके बाद से वह उनके घर में नहीं रुकती थी। कई बार परिजनों व जितेंद्र ने कुमकुम को समझाने का प्रयास, किया लेकिन वह नहीं मानी। बदायूं में कुमकुम ने एक बेटी को जन्म दिया। जिसका पिता प्रेमपाल है। तीसरी बेटी को जन्म देने के बाद कुमकुम वापस नहीं आई और उसने बदायूं में ही अपना ई-श्रम कार्ड बनवाया। जिसमें उसने जितेंद्र के स्थान पर प्रेमपाल को पति लिखवाया, जबकि कुमकुम ने जितेंद्र को तलाक नहीं दिया। कुमकुम की बेवफाई से परेशान होकर जितेंद्र शराब पीने लगा। 15 अक्टूबर 2023 को जितेंद्र ने फंदे पर झूलकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तलाशी ली तो कमरे से सुसाइड नोट मिला, जिसमें जितेंद्र ने कुमकुम, प्रेमपाल, प्रभा और रामनाथ को दोषी बताया था। शिकायत के बाद भी सुभाषनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। तब उन्होंने न्यायालय में वाद दायर किया।

## जिला अस्पताल के कंपाउंडर ने किया सुसाइड

**बरेली, अमृत विचार :** जिला अस्पताल के कंपाउंडर ने शुक्रवार रात फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इज्जतनगर थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि प्रेमनगर के जाटवपुरा नाला निवासी नीरज (49) जिला अस्पताल में कंपाउंडर थे। उनका एक मकान डेलापीर के कैलाशपुरम कॉलोनी में है। उन्होंने शुक्रवार रात डेलापीर वाले मकान में पंखे में रस्सी के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस और फील्ड यूनिट की टीम ने परिजनों को सूचना दी। कमरे की तलाशी ली, लेकिन कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ।

## किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी की अग्रिम जमानत मंजूर

**विधि संवाददाता, बरेली :** किशोरी को बहलाकर ले जाने के बाद दुष्कर्म करने के आरोपी मुरादाबाद थाना बिलारी के ग्राम मिलक नगलिया जाट निवासी टीटू की अग्रिम जमानत अर्जी को स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट नरेंद्र प्रकाश ने सशर्त मंजूरी दी है। मुल्जिम के वकील मो. आशिक हसीरी ने झूठा फंसा देने का तर्क दिया था। 3 जून को पीड़िता की दादी ने थाना अलीगंज में तहरीर देकर टीटू पर पौत्री को भगा ले जाने का आरोप लगाया था। पीड़िता ने बयान में मर्जी से आरोपी के साथ जाकर शादी करने और स्वयं के बालिग होने की बात कही थी। वहीं, विवेचक ने शैक्षिक अभिलेख के आधार पर पीड़िता की आयु 15 वर्ष उल्लेखित की थी।

## पत्नी और ससुरालियों के विरुद्ध जमानती वारंट जारी

**विधि संवाददाता, बरेली :** बिजली विभाग के सहायक अभियंता (एई) के साथ मारपीट करने, जेवर और नकदी ले जाने के मामले में दर्ज परिवाद में पत्नी कनिष्का सिंह और सास पुष्पा सीजेएम कोर्ट में हाजिर नहीं हुईं। मामले में अदालत ने जमानती वारंट जारी कर सुनवाई को 20 नवंबर की तिथि नियत की है। रामपुर बाग निवासी एई विशाल गौतम ने जीवन साथी डॉटकॉम के जरिए मथुरा निवासी कनिष्का सिंह से 8 दिसंबर 2022 को शादी की थी। आरोप है कि 10 अप्रैल 2023 को वह जब ऑफिस गए हुए थे, तब पत्नी कनिष्का, सास पुष्पा, मौसी गुड़िया आदि घर आए और नकदी, लाखों के जेवर व अन्य सामान साथ ले गए। पूछने पर मारपीट कर झूठे मुकदमे में जेल भिजवाने की धमकी दी। थाना कोतवाली में 3 दिसंबर 2023 को पत्नी और ससुराल वालों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, जिसमें पुलिस ने विवेचना के बाद एफआर कोर्ट भेज दी थी। कोर्ट ने मामले को परिवाद में दर्ज कर वादी व अन्य गवाहों के बयान के आधार पर पत्नी, ससुरालियों को तलब किया था। पुलिस ने कोर्ट में आरोपियों के फरार होने की रिपोर्ट भेजी थी।

## ई-रिक्शा पलटने से महिला की जान गई

**बरेली, अमृत विचार :** प्रेमनगर स्थित मनोहर भूषण इंटर कॉलेज के सामने ई रिक्शा के पलटने से महिला दब गई। पुलिस ने महिला को जिला अस्पताल भेजा यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रेमनगर इंस्पेक्टर आशुतोष रघुवंशी ने बताया कि शनिवार दोपहर बहेड़ी के मोहल्ला गोदान निवासी सीमा गुप्ता (35) पत्नी राजेश कुमार गुप्ता किसी कार्य से बरेली आईं थीं। वह ई रिक्शा से इज्जतनगर की ओर जा रही थीं। अचानक ई रिक्शा पलट गया और नीचे दबने से सीमा के सिर में गंभीर चोट आ गई। अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने मृतका के परिजनों को सूचना देकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## सर्विलांस सेल प्रभारी की सीओ पद पर प्रोन्नति

**बरेली, अमृत विचार :** सर्विलांस सेल प्रभारी रामगोपाल शर्मा के पुलिस उपाधीक्षक पद पर प्रोन्नत होने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने शनिवार को सिल्वर स्टार लगाकर उन्हें शुभकामनाएं दी। साथ ही उनकी उल्लेखनीय कार्यशैली की सराहना करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## मौलाना तौकीर को धमकी देने के मामले में रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** मुस्लिम धर्म पर आपत्तिजनक टिप्पणी और आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा को सोशल मीडिया पर धमकी देने के मामले में कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आईएमसी के मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी और राष्ट्रीय प्रवक्ता अधिवक्ता मुफ्ती एहसानुल हक चतुर्वेदी ने शुक्रवार रात कोतवाली में पहुंचकर शिकायत की थी। मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी ने बताया कि शुक्रवार शाम को वह एक्स पर पोस्ट देख रहे थे। ब्रजेश की आईडी से मुस्लिम धर्म के खिलाफ टिप्पणी की गई थी और आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा के लिए भी अपशब्द लिखकर जान से मारने की धमकी दी गई थी।

## अधिवक्ता की पत्नी से छेड़छाड़ और मारपीट, रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले अधिवक्ता ने चचेरे भाइयों पर घर में घुसकर पत्नी के साथ मारपीट, छेड़छाड़ और तोड़फोड़ का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। अधिवक्ता ने बताया कि गुरुवार को वह न्यायालय परिसर में थे। इसी दौरान उनकी पत्नी ने फोन करके बताया कि उनके चचेरे भाई, आरोपियों की पत्नी और मामा उनके घर में जबरन घुस गए। महिला ने विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट व तोड़फोड़ भी। आरोपी के मामा ने महिला के साथ छेड़छाड़ भी की। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## प्लॉट कब्जाने आए दबंग सामान ले गए, रिपोर्ट दर्ज

**बरेली, अमृत विचार :** प्लॉट पर कब्जा करने आए दबंगों ने जान से मारने की धमकी दी और निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामान उठा ले गए। डीएम के निर्देश पर सुभाषनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली के बिहारीपुर निवासी शशि कुमार ने बताया कि उनका प्लॉट सनइया धनसिंह में है। प्लाट को लेकर उनका मुकदमा कोर्ट में चल रहा था, इसका फैसला उनके हक में हुआ है। इसके बाद वह निर्माण कार्य कराने लगे। गुरुवार को आरोपी सियाराम, उसकी पत्नी शांति देवी, प्रताप, मुश्ताक अली, केपी सिंह व कुछ लोग प्लॉट पर आए और निर्माण कार्य रोकने के लिए कहा। विरोध करने पर आरोपियों ने धमकी दी कि वे लोग पीलीभीत बाईपास पर हुए गोलीकांड की तरह फायरिंग करके कब्जा कर लेंगे। सुभाषनगर पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

## निर्माणाधीन मकान से हजारों का सामान चोरी

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर क्षेत्र के जन आदर्श कॉलोनी निवासी कमलेश कुमार ने इज्जतनगर थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कमलेश ने बताया कि वह किराए के मकान में रहकर अपने मकान का निर्माण करा रहे हैं। 23 अक्टूबर की रात उनके मकान से 44 हजार रुपये का सामान चोरी हो गया। इज्जतनगर पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी खंगाल रही है।

## एक नजर

### जिला खनन अधिकारी ने तीन ट्रैक्टर ट्रॉली किए सीज

**कैंट, अमृत विचार** : बभिया में हो रहे अवैध खनन की सूचना पर पहुंचे जिला खनन अधिकारी मनीष कुमार ने छापा मारकर अवैध खनन में लगे तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को सीज कर दिया। पकड़े गए तीनों ट्रैक्टर ट्रॉलियों को बभिया चौकी में कैंट पुलिस की सुपुर्दगी में खड़ा किया गया है। बभिया क्षेत्र में पुलिस चौकी के पास अवैध मिट्टी (बालू) का धड़ल्ले से अवैध खनन हो रहा है।

### शराबी युवक ने पुजारी से की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**भुता, अमृत विचार** : गांव डाबोरा में शराबियों का उत्पात बढ़ता ही जा रहा है। गांव में शराबी आए दिन लोगों से झगड़ा करते हैं। बाबा हुलसीराम ने बताया शुक्रवार शाम 7:00 बजे के देवस्थान से पूजा कर लौट रहे थे कि रास्ते में गांव का ही युवक बेगराज नशे में उन्हें गाली देने लगा। उन्होंने इसका विरोध किया तो उन्हें लात-घुसों से मारने लगा। शोर शराबा होता देख जब आसपास के लोग इकट्ठा हुए तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश कर रही है।

### किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें

**सिरौली, अमृत विचार** : सिरौली थाना परिसर में शनिवार को शांति समिति की बैठक हुई, जिसमें कस्बे के धर्मगुरुओं के साथ ही संभ्रांत लोग शामिल हुए। थाना प्रभारी प्रयाग राज सिंह ने कोई नई परंपरा नहीं शुरू करने की हिदायत दी। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि रोशनी के पर्व को आपस में मिल- जुलकर मनाएं, किसी भी तरह की समस्या होने पर तत्काल पुलिस को फोन करे, अफवाहों पर ध्यान नहीं दें। बैठक में डॉ. शेखू, अकरम अली, शकील अंसारी, निगम गुप्ता, दीपक गुप्ता, हाजी शब्बीर, रहीस अहमद समेत अन्य लोग रहे।

### नकब लगाकर घर से नकदी-जेवर ले गए चोर

**भुता, अमृत विचार** : गांव भगवानपुर में शुक्रवार रात चोरों ने किसान के मकान की दीवार में नकब लगाकर घर में रखा जेवर सहित कीमती सामान लेकर भाग गए। पीड़ित किसान मुरारी लाल ने बताया शुक्रवार की रात को घर वाले खाना खाकर सो गए थे। रात में किसी समय चोरों ने कमरे की दीवार में नकब लगाकर घर में रखें 7500 रुपये, जेवर और अन्य कीमती सामान चुरा ले गए। सुबह चोरी की जानकारी होने पर किसान के होश उड़ गए, सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया। इसके बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

### सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार** : शंखा पुल के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने उसे इलाज के लिए एंबुलेंस से भिजवाया। युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। कस्बा निवासी रिजवान अहमद शनिवार दोपहर बाइक से बरेली से घर लौट रहा था। हाईवे के शंखा पुल पर पहुंचने पर अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, सिर में चोट लगने से वह गंभीर घायल हो गया।

### दुष्कर्म के आरोपी के घर हुई कुर्की

**सिरौली, अमृत विचार** : दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी के घर पर सिरौली पुलिस ने शनिवार को कुर्की की कार्रवाई की। सिरौली थाना क्षेत्र के ग्राम सोना निवासी राजकुमार, नरेश कुमार ,धीरेन्द्र कुमार के खिलाफ एक महिला ने दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में नरेश कुमार जेल बंद है, उसके अन्य भाई फरार है। नोटिस जारी होने के बाद भी आरोपी कोर्ट में पेश नहीं हुए तो शनिवार को राजकुमार के घर पर कुर्की की कार्रवाई की।

# तांत्रिक के घर में पैसों-सोने का भंडार, बीमार होते ही छीनझपट

## मकान मालिक और तांत्रिक की शिष्याओं में हुई तीखी नोकझोंक

संवाददाता,बहेड़ी


तांत्रिक के घर के बाहर लगी भीड़ और मौके पर पहुंची पुलिस। ● अमृत विचार

- सारा कैश और सोना थाने ले आई पुलिस, कुल संपति का ब्योरा नहीं
- संभल का तांत्रिक ग्राम गुरसौली में रहकर देता है ताबिज और गंडे

**अमृत विचार** : ताबीज देने वाले मियां (तांत्रिक) की तबियत खराब होने पर उनके साथ की महिलाओं और मकान मालिक के बीच उनके पास रखे सोना-चांदी कब्जाने को लेकर विवाद हो गया। झगड़ा होने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई, और सारा सामान कब्जे में लेकर अपने साथ ले गई।

संभल निवासी सैयद अतहर मियां ग्राम गुरसौली में एक किराए के मकान में रहकर लोगों को ताबीज-गंडे देने का काम करते हैं। शनिवार को उनकी तबियत बिगड़ गई, जिस पर उन्हें अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। मियां के अस्पताल में भर्ती होने के बाद उनके साथ रहने वाली महिलाओं और मकान मालिक के बीच मियां की नकदी और सोना-चांदी को लेने को लेकर झगड़ा होने लगा। झगड़े की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई, और झगड़ा शांत करके मियां के माल से भरी बोरी थाने ले आई। पुलिस मियां के अस्पताल से आने के बाद उनका माल उन्हें सुपुर्द करेगी। बोरे में नकदी सहित करीब एक करोड़ रुपये की कीमत का सोना-चांदी मिला है, जिसको हथियाने के लिए झगड़ा हो गया था।, वहीं पुलिस ने मियां को अस्पताल से बहेड़ी बुला लिया, मियां ने करीब बीस से पच्चीस लाख रुपये और एक सोने की एक ताबीज होने की बात बताई, वहीं क्षेत्र में चर्चा है कि 64 लाख रुपये मिले है।

> अभी सारे पैसे गिने जा रहे है, जो रुपये मिले है वह सब चलन में है। सौ, दो सौ और पांच सौ की नोट है।
> -अरुण कुमार, सीओ बहेड़ी

# घर के बाहर खेल रही बच्ची की ट्रक से कुचलकर मौत

संवाददाता, मीरगंज

- हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर भागा, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार** : घर के बाहर खेल रही बच्ची को ट्रक ने कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक को छोड़ मौके से भाग गया। सूचना पर चौकी प्रभारी मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। हादसे के बाद मृतक की मां और पिता बेहाल हो गए।

मीरगंज थाना क्षेत्र के गांव लभारी निवासी ओमवीर की चार वर्षीय बेटी प्रियांशी शनिवार दोपहर घर के बाहर खेल रही थी तभी उसके घर के पास स्थित एक धर्म कांटा पर लकड़ी से भरे ट्रक को चालक पीछे कर रहा था। उसी दौरान बच्ची ट्रक की चपेट में आ गई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन को छोड़कर भाग गया। मृतक का पिता ओमवीर धर्म कांटा पर ही काम करता है। इंस्पेक्टर मीरगंज सिद्धार्थ सिंह तोमर ने बताया कि हादसे की सूचना पर पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने वाहन को कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### महिला की संदिग्ध हालात में मौत, हत्या का आरोप

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार** : विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत हो गई, सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। फतेहगंज पूर्वी के ग्राम झादा गौटिया निवासी अनुराधा उर्फ सोनी (25) की शादी चार साल पहले लालाराम से हुई थी। दो साल पहले बेटे के जन्म के बाद से उसकी तबीयत खराब रहने लगी। शुक्रवार रात तबीयत खराब हुई तो परिजन उसे बरेली के एक निजी अस्पताल में ले गए जहां रात को ही उसकी मौत हो गई। सोनी के मायके पुरनपुर (पीलीभीत) को सूचना दी तो मायके वाले आ गए। जिन्होंने ससुरालियों पर सोनी की हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मायके वालों के कहने पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।

## सार-संक्षेप

### समाज को नई गति देते हैं समारोह: रश्मि पटेल



**रिठौरा, अमृत विचार** : कैलाश गंगा मेमोरियल आईटीआई कॉलेज में शनिवार को छठे दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में शिक्षा लेने के साथ-साथ जीवन में आत्मसात करना चाहिए। आज सरकार ने स्किल डेवलपमेंट के क्षेत्र में तमाम मौके उपलब्ध कराए है। जिनका छात्र पूरा लाभ ले सकते है। टॉपर रहे मोहम्मद मोहसिन, श्रेष्ठ,अमित कुमार चौधरी, अनिल कुमार अनिकेत, पृथ्वीराज , अक्षिता सक्सेना,उदित, रेनू, क्षितिज को प्रमाणपत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया। इस मौके पर कॉलेज के चेयरमैन हरनाम सिंह, विमला सिंह, कुलदीप सिंह,गुंजन गुप्ता, रोहित निगम, जितेन्द्र कुमार, रामबेटी, सपना, प्यारे लाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### विधायक श्याम बिहारी ने मेले का किया उद्घाटन



**भुता, अमृत विचार** : श्री रामलीला मेले का शनिवार को विधायक डॉ. श्याम बिहारी लाल ने दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। विधायक ने कहा कि रामलीला मेला होना चाहिए, संस्कार के लिए बहुत जरूरी है, लोगों के परिवार में अच्छे संस्कार आए, लोग अच्छी बात सीखें, माता-पिता की सेवा करें, समाज में सद्भाव आपसी तालमेल बनाए रहे, इसीलिए रामलीला का मंचन होता है। यह बहुत अच्छी बात है। इस मेले के उद्घाटन के समय कमेटी के सानू गुप्ता, प्रधान बृजेश गंगवार के अलावा डॉक्टर गया प्रसाद गंगवार महेंद्र सक्सेना, प्रधान अमित सिंह, रामखेलावन मिश्रा सहित दर्जनों भाजपा के पदाधिकारी तथा कमेटी के लोग मौजूद रहे।

### विधायक ने इंटरलॉकिंग रोड का किया उद्घाटन



**क्योलड़िया, अमृत विचार** : विधायक निधि से निर्मित इंटरलॉकिंग सड़क का विधायक डॉ. एमपी ने उद्घाटन किया। भदपुरा की ग्राम पंचायत महमूदापुर में मुख्य रोड से देवस्थान तक इंटरलॉकिंग का निर्माण 10 लाख की लागत से कराया गया था, जिसका शनिवार को विधायक ने उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जो वादा करती है उसे पूरा करती है। इस दौरान गन्ना समिति अध्यक्ष निर्भय गंगवार, शशि कपूर, सर्वेश गंगवार, बब्लू गंगवार, युधिष्ठिर गंगवार, प्रधान सुरभिक गंगवार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# नशे में घर लौटे युवक की इलाज के दौरान मौत

संवाददाता, कैंट

- परिजनों ने जहरीला पदार्थ खाने से मौत होने की आशंका जताई

**अमृत विचार** : शराब पीकर घर लौटे युवक की हालत बिगड़ने पर परिजन उसे शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी मौत हो गई। परिजनों ने जहरीला पदार्थ खाने से मौत होने की आशंका जताई है।

थाना कैंट क्षेत्र के मिर्जापुर निवासी राजवीर उर्फ नन्नू कश्यप (23) शराब पीने का आदि था। शुक्रवार रात 9 बजे वह नशे में घर आया और बिना खाना खाए सो गया। उसके भाई राजकरन ने 10 बजे उसे जगाया, लेकिन वह नहीं उठा। बेहोशी की हालत में परिजन रात 11 बजे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान रात करीब 12 बजे मौत हो गई। शनिवार को किसी कारणवश शव का पोस्टमार्टम नहीं हो सका है। रविवार को पोस्टमार्टम होगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पता चल सकेगा।

ग्रामीणों ने बताया कि नन्नू की शादी दो साल पहले थाना फरीदपुर क्षेत्र के एक गांव से हुई थी। वह शादी के बाद शराब पीने लगा। और शराब का अवैध कारोबार भी करने लगा। इससे पत्नी उसे छोड़कर चली गई। पत्नी के जाने के बाद वह शराब पीने का आदी हो गया था। उसके खिलाफ कैंट थाने में कई मुकदमे दर्ज हैं। मृतक नन्नू का पिता प्रताप हिस्ट्रीशीटर रहा है और पुलिस मुठभेड़ में मारा गया बदमाश बभिया निवासी पाताराम का साथी था। नन्नू चार भाइयों में सबसे छोटा था। उसके एक भाई की जहरीला पदार्थ खाकर, दूसरे भाई की ट्रेन से कटकर पहले ही मौत हो चुकी है। वहीं उसकी मां सोमवती लंबे समय से किसी मामले में जेल बंद है।

# मनरेगा कार्यों की दोबारा हुई जांच

संवाददाता,भमोरा


बरेली से आई टीम ने दोबारा की मनरेगा के तहत हुए कार्यों की जांच।

- प्रधानों और सचिवों ने कार्रवाई वापस नहीं होने पर दीपावली न मनाने का किया एलान

**अमृत विचार** : मनरेगा कार्यों में धांधली की जांच में पुष्टि होने पर सीडीओ के निर्देश पर बीडीओ आलमपुर-जाफराबाद की तहरीर पर आठ लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज हुई है।

शनिवार को दूसरे दिन धरने पर बैठे संगठनों के पदाधिकारियों ने विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा को ज्ञापन सौंपा। दबाव बढ़ने पर बरेली से आई टीम ने दोबारा मनरेगा कार्यों की जांच की वहीं, प्रधानों ने दीपावली नहीं मनाने और कार्रवाई वापस नहीं लेने पर सामूहिक इस्तीफा देने की बात कही।

शासन ने ब्लॉक आलमपुर -जाफराबाद के बीडीओ भगवान दास को हटा दिया। मुख्य विकास अधिकारी के आदेश पर शनिवार को डी सी मनरेगा हवीब अंसारी डीसी समूह योगेन्द्र पाल भारती के साथ जेई ने दोबारा निरीक्षण किया। धरना पर पहुंचे विधायक ने कहा जल्द समस्या का निस्तारण कर दिया जाएगा। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख पति वेदप्रकाश यादव के साथ ही प्रधान, सचिव और रोजगार सहायक रहे।

**फरीदपुर में दूसरे दिन भी रही तालाबंदी:** बीडीओं की कार्रवाई के विरोध में प्रधानों और सचिवों ने दूसरे दिन काम से दूर रहते हुए प्रदर्शन किया। इस मौके पर ओमवीर सिंह गुर्जर, वीरपाल कश्यप, रामसेवक यादव, संजय सिंह, राहुल यादव ,रविंद्र यादव, बाल कृष्ण समेत अन्य मौजूद रहे।

**दूसरे दिन भी काम से रहे दूर:** बिशारतगंज ब्लॉक में दूसरे दिन धरना प्रदर्शन में प्रधान पति विनोद मौर्य,संजू शर्म , सुजेंद्र सिंह, नौनिहाल सिंह, सर्वेश लोधी,शंकर लाल, सूरजपाल, धर्मवीर, राजेश कुमार, विजय कुमार राजवीर दिवाकर, रोजगार सेवक मुखराम, ओंकार सिंह, सचिव अजय कुमार, शशि शेखर, शिप्रा सिंह, सहित दर्जनों लोग शामिल रहे।

### गणित - विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने जीते इनाम



**मीरगंज, अमृत विचार** : जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के बैनर तले आयोजित दो दिवसीय गणित और विज्ञान प्रदर्शनी में राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पहले दिन आयोजित गणित प्रदर्शनी में बैच 2022 और 2023 के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया। अंतिम दिन विज्ञान प्रदर्शनी में बैच 2023 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजयी छात्रों को डाइट प्राचार्य कल्पना सिंह ने पुरस्कृत किया गया। प्रदर्शनी में प्रदर्शित टीएलएम सामग्री को सभी ने सराहा। विशेष रूप से छात्र मोहम्मद शादाब के 'सूर्यायन L1' मॉडल की बेहद प्रशंसा की गई। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष अमित सक्सेना और प्राचार्य डॉ. एसके सिंह और सचिव निरूपम शर्मा ने छात्रों को शुभकामनाएं दीं।

### इफको केवी में मनाया गया दादा-दादी दिवस




**आंवला, अमृत विचार** : केंद्रीय विद्यालय इफको में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन माह के तहत दादा-दादी दिवस मनाया गया। बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में करीब सौ वृद्धजन शामिल हुए। प्रधानाचार्या अमिता सिंह ने कहा दादा-दादी दिवस सर्वप्रथम वर्ष 1978 में अमेरिका में मनाया गया था। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य बच्चों में वृद्धजनों के प्रति आदर भाव का विकास करना है। नामित अध्यक्ष अमित गुप्ता ने कहा कि आज के समाज में वृद्धजनों की स्थिति पर हमें विचार करना चाहिए। बच्चों में आदर सम्मान की भावना जगाने के लिए शिक्षक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। विद्यालय वरिष्ठ शिक्षक आर सी शर्मा ने कहा कि वृद्धजनों के आशीर्वाद से यज्ञ, धन, कीर्ति और आयु का विकास होता है। कार्यक्रम में दादा दादी के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय, स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# अमृत सरोवर में डूबकर युवक की मौत

संवाददाता, नवाबगंज

- दोस्त ने बचाने का किया प्रयास लेकिन नहीं हुआ सफल
- पिछले साल दिपावली से दो दिन पहले हुई थी तीन बच्चों की मौत

**अमृत विचार** : ग्राम मिलक अलीनगर के अमृत सरोवर में डूबने से शनिवार शाम को एक युवक की मौत हो गई। दोस्त ने बताया वह उसके साथ तालाब के किनारे बैठा था, अचानक वह तालाब में कूद गया,जिसकी डूबने से मौत हो गई।

ग्राम शाहपुर इनामतुल्ला निवासी लालसिंह (20) अपने साथी बुद्धसेन के साथ शनिवार शाम सरोवर के किनारे बनी बेंच पर बैठकर बातचीत कर रहा था । अचानक ही वह उठकर तालाब में कूद गया, देखते ही देखते डूब गया । जिसे बचाने के लिए हेमपाल ने प्रयास किया, लेकिन वह सफल नहीं हो सका । हेमराज की सूचना पर ग्रामीण भी पहुंचे और उसे खोजने का प्रयास किया, कुछ ही देर में लालसिंह पानी की सतह पर उतराने लगा। लोगों ने उसे बाहर निकाला , लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी । सूचना पर पहुंची भोजीपुरा पुलिस ने रात में ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। बता दें कि इस तालाब में गत वर्ष दीपावली के दो दिन पहले तीन बच्चों की मौत हो गई थी।




### कार सेवा से बांध निर्माण...

**शीशगढ़** : किसान कल्याण समिति के सहयोग से किसानों ने ग्राम खमरिया बहगुल नदी पर कारसेवा से बांध बनाने का काम शुरू कर दिया। किसान लंबे समय से खमरिया स्थित बहगुल नदी पर बांध बनाने की मांग करते आ रहे हैं। समिति के अध्यक्ष पूर्व विधायक जयदीप सिंह बरार के नेतृत्व में किसानों ने कई बार शासन और प्रशासन से मिलकर बांध बनाने की मांग भी की थी। हर बार सर्वे करने के नाम पर आश्वासन देकर किसानों को टाल दिया जाता है।

# 31वीं उत्तर प्रदेश नार्थ जोन ताइक्वांडो प्रतियोगिता शुरू

- पहले दिन एएचएम कॉन्वेंट स्कूल में हुए रोमांचक मुकाबले

**बरेली, अमृत विचार:** दो दिवसीय 31वीं उत्तर प्रदेश नार्थ जोन सब जूनियर व जूनियर एवं सीनियर ताइक्वान्डो प्रतियोगिता शनिवार को एएचएम कॉन्वेंट स्कूल में शुरू की गई। पहले दिन बालक और बालिका वर्ग में रोमांचक मुकाबले हुए।

प्रतियोगिता का आरंभ अध्यक्ष अमर सिंह परमार, चेयरमैन ज्ञानेन्द्र शर्मा, स्कूल के निदेशक अनीश अहमद, महासचिव अनिल कुमार, सरदार अजय पाल सिंह व पंकज शर्मा ने किया। प्रतियोगिता में पूरे उत्तर प्रदेश से लगभग 400 से अधिक खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो संघ अध्यक्ष व विधायक प्रो. श्याम बिहारी लाल ने खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दी। चेयरमैन ने बताया कि रविवार को प्रतियोगिता प्रातः 9 बजे प्रारंभ होगी। निर्णायकों में शलभ अग्रवाल, रिशिका गुप्ता, दिव्या सिंह राघव, प्रगति रस्तोगी, डॉ. सुरेंद्र सिंह व विकेश यादव शामिल हैं। टीम कोच में राहुल सिंह, जगमोहन कमल कुमार, लव अग्रवाल, कपिल शर्मा व गुरफान आदि उपस्थित थे।

### इन्होंने जीते पदक

बालक वर्ग में अदविक, शौर्य रस्तोगी, गौरांग सहगल, करन सिंह, स्वर्णिम सहगल, विहान, साजेव, नकुल मौर्य, अथर्व अग्रवाल, सक्षम गोयल, आराध्य आनंद, हितार्थ पगरनी, राग रस्तोगी, अलोकितेश, अंश नागपाल, अहम चौहान, विनय यादव, साहिल खान, अभय कुमार शर्मा, नमिष सिंह गंगवार व कार्तिकेय गुप्ता ने स्वर्ण पदक जीता है। बालिका वर्ग में यशस्वी सिंह, दृष्टि, अवंतिका कठेरिया, आराध्या सिंह, प्रांजल सिंह, समीक्षा सिंह, अवनी कंसल, परी यादव, भूमिका सिंह, अग्रता शर्मा, आराध्या सिंह, पलक ओझा, लविष्का केशवानी, पूनम, जिकरा ज़ुबैर, आराध्या सिंह ने स्वर्ण पदक जीते हैं।

### 50 मीटर दौड़ में अंश ने मारी बाजी, पुरस्कार मिला



**मीरगंज, अमृत विचार** : न्याय पंचायत चुरई दलपतपुर की संकुल स्तरीय खेलों का आयोजन नोडल संकुल शिक्षक अमित कुमार के निर्देशन में किया गया। खेलों का आरंभ बीईओ राजेश कुमार और राजेंद्र प्रसाद इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार ने गया। 50 मीटर दौड़ में अंश मेवात प्रथम, चुरई विद्यालय के फरदीन 100 मीटर में प्रथम, 100 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में आयात 100 प्रथम, 200 मीटर बालिका वर्ग में प्राथमिक विद्यालय नथपुरा की पलक प्रथम रही, इसी तरह अन्य स्पर्धाओं का परिणाम रहा। सभी विजयी प्रतिभागियों को अतिथियों ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सुनीता सिंह, उर्मिला देवी ,निधि सक्सेना, धर्मपाल सिंह, धर्मपाल,अतिराज सिंह, मो. फरहान,पंकज सिंह,नाजिम, जाबिर हुसैन,रश्मि, नेहा सिंह,अनुपम, मानसी अग्रवाल,शालिनी राज रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

### बाल रामायण का महत्व बताया



**बरेली, अमृत विचार** : राजेंद्रनगर स्थित संस्कार बाल स्कूल में शनिवार को बाल सभा का आयोजन कर बच्चों को बाल रामायण का महत्व बताया। बाल रामायण के लेखक डॉ. दीपंकर गुप्त ने बताया कि श्री राम ने अपने आदर्शों के माध्यम से दिखाया कि कैसे अपने जीवन के साथ धार्मिकता के पथ पर चलना है। भारतीय संस्कृति, सभ्यता, भाषा और परिवेश से वर्तमान पीढ़ी को श्रीराम की जीवन गाथा से जोड़ना नितांत आवश्यक है। बच्चों सहित सभी को बाल रामायण की प्रतियां भी भेंट कीं। इस अवसर पर आलोक प्रकाश, शैफाली श्रीवास्तव, स्नेहा सरपाल, आस्था, इति मेहरोत्रा आदि उपस्थित रहे।

### ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर का रेडियो हैंड हेल्ड सेट हुआ गुम

**कैंट, अमृत विचार** : ट्रैफिक इंचार्ज मनीष शर्मा ने बताया कि ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर अनिल कुमार की ड्यूटी 12 अक्टूबर को कैंट स्थित एमईएस ग्राउंड में लगे दशहरा मेले में दोपहर 2 बजे से मेला समाप्ति तक थी। ड्यूटी पर तैनाती के दौरान रात करीब 10 :45 बजे वाहनों का डायवर्जन करते समय ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर अनिल कुमार का रेडियो हैंड हेल्ड सेट कहीं गुम हो गया। इसके संबंध में निरीक्षक यातायात कार्यालय में 15 अक्टूबर को शाम करीब 6 :15 बजे तस्करा दर्ज कराया गया है। शुक्रवार देर रात ट्रैफिक इंस्पेक्टर मनीष शर्मा की तहरीर पर कैंट पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है।

## सीडीओ ने मंदिर की देखीं व्यवस्थाएं

**आंवला, अमृत विचार** : सीडीओ जगप्रवेश शनिवार को मनौना स्थित श्री खाटूश्यामजी के मंदिर पहुंचे और श्री खाटूश्यामजी के दर्शन कर मंदिर की व्यवस्थाएं देखीं। उन्होंने मनौना गांव में निरीक्षण कर संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

सीडीओ ने मंदिर व्यवस्थापक श्यामेन्द्र सिंह चौहान से मंदिर और व्यवस्थाओं की जानकारी ली और स्वयं मंदिर परिसर में भ्रमण कर व्यवस्थाओं को देखा।प्रधान पति मुन्त्याज ने बताया कि मुख्य विकास अधिकारी ने मंदिर परिसर में और व्यवस्था बढ़ाने को कहा लोगों ने आंवला से मनौना मंदिर तक पथ प्रकाश की सुविधा कराने की मांग की। प्रधान पति ने बताया कि सीडीओ ने प्राथमिक विद्यालय, पंचायत घर, कब्रिस्तान, श्मशान भूमि आदि का निरीक्षण किया।

# इलाज के बाद किशोरी को भेजा बाल कल्याण समिति

संवाददाता, नवाबगंज

- पुलिस हिरासत में किशोरी की हालत बिगड़ने का मामला
- किशोरी की मां का आरोप, बेटी से मिलने तक नहीं दिया गया

**अमृत विचार** : तीसरी बार प्रेमी के साथ गई किशोरी की मां की शिकायत पर पुलिस ने उसे तीन दिन पहले प्रेमी के साथ बरामद कर लिया था । हिरासत में किशोरी की हालत बिगड़ने पर सकते में आई पुलिस ने उसका इलाज कराने के बाद बाल कल्याण समिति (सीडब्लयू सी ) भेज दिया।

इस दौरान किशोरी की मां को भी उससे नहीं मिलने दिया ।एक गांव की किशोरी छह माह पहले पड़ोसी गांव के अपने प्रेमी के साथ चली गई थी । मामला पुलिस तक पहुंचने पर उसे परिजनों के हवाले कर दिया गया, लेकिन वह तीसरी बार 22 अक्टूबर की सुबह फिर गायब हो गई । किशोरी की मां ने उसके कथित प्रेमी और उसके परिजनों पर अपहरण का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की ,आरोप है कि पुलिस के कोई कार्रवाई नहीं करने पर किशोरी की मां ने एसएसपी से शिकायत की । जिस पर तीन दिन पहले पुलिस ने किशोरी और उसके प्रेमी को बरामद कर लिया और इस दौरान हिरासत में रखकर पूछताछ करती रही । शुक्रवार शाम किशोरी की हालत बिगड़ने पर हड़कम्प मच गया और पुलिस ने उसे तुरंत सीएचसी में भर्ती करा दिया ।

## शादी का झांसा देकर युवती का किया शोषण

**बहेड़ी, अमृत विचार** : एक युवक ने युवती को शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण किया, जानकारी होने पर पीड़िता के पिता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। क्षेत्र के युवक का कहना है कि उसकी 19 वर्ष की बेटी का गांव के एक लड़के के प्रेम प्रसंग चल रहा है। पुत्री ने बताया कि शादी का झांसा देकर आरोपी उसका चार साल से शोषण कर रहा है। युवती के पिता का कहना है कि इसके बाद वह युवक के घर पहुंचा और उससे अपनी बेटी से शादी करने के लिए कहा। आरोप है कि युवक और उसके परिवार वाले बौखला गए और कहा कि अगर तूने हमारे खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई की तो तुझे जान से मार देंगे। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी रंजीत और धर्मपाल धर्मपाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### विद्यालय में रंगोली और कला प्रदर्शनी आयोजित



**सिरौली, अमृत विचार** : वसुंधरा इंटर कॉलेज के कक्षा 5 से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने दीपावली पर विद्यालय में कला प्रदर्शनी और रंगोली प्रतियोगिता में भागीदारी की। प्रधानाचार्या दुर्गा सिंह चौहान छात्रों की बनाई कलाकृतियों का निरीक्षण किया। इस मौके पर चीफ प्रोटेक्टर सत्येंद्र मोहन शर्मा , राजीव गुप्ता, देवकीनंदन, नीतू शर्मा, इशिका गुप्ता, आदि समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

### हादसे में बाइक सवार युवक की मौत



**बिशारतगंज, अमृत विचार** : रिश्तेदार के साथ शादी का कार्ड बांटकर लौट रहे बाइक सवार बिशारतगंज निवासी युवक पर बदायूं के थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र में शुक्रवार रात धान से भरा ट्रक पलट गया। जिससे दोनों युवकों की दबकर मौत हो गई। नवप्रभात सिंह पेशे से पत्रकार थे, उनकी मौत पर नगर के लोगों ने शोक जताया। शोक सभा में अतुलेश गुप्ता, नरोत्तम साहू, जयपाल,डॉ. बहार अहमद, राजकुमार मौर्य, रवि साहू आदि शामिल रहे।

# दीप उत्सव है आनंद का अतिरेक


हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> शरद पूनो की दीप्ति प्रीति ज्यादा गाढ़ी है ठीक वैसे ही 15 दिन बाद आने वाली कार्तिक अमावस्या का अंधकार बाकी अमावसों से ज्यादा गाढ़ा और गहरा जान पड़ता है। भारत ने प्रगाढ़ अंधकार वाली इस रात्रि को दीपोत्सव बनाया।

तीन दिन बाद भारत में दीपपर्व है। वातावरण मधुवाता है। कुछ दिन पहले गर्म हवाओं के झोंके थे। संप्रति वातायन में न शीत है और न ही उमस ताप। वर्षा रानी भी गरज बरस कर चली गईं। धन का पर्व धनतेरस है। भारत ने अपनी करेन्सी को रूपया कहा। मुद्रा का 'रूपया' नाम और भी दिलचस्प। 'रूप-या' संस्कृत से आया है। रूप-या का अर्थ हुआ-जो रूप है। रूपया बड़ा मजेदार है। आकर्षण भी है। रूप में यह कागज है। इस रूप के भीतर समस्त भौतिक वस्तुएं छुपी हैं। यहां रूपया दो, जो पसंद है वह लो। रूपया बड़ा शक्तिशाली है। ऋग्वेद में उचित ही मुद्रा को देवताओं जैसा शक्तिशाली बताया गया है। तरह-तरह के रूप धारण करना। रूपया बहुरूपया है। धनतेरस और दीपावली लक्ष्मी आराधना की मुहूर्त है। लक्ष्मी मनुष्य को धनार्जन 'शुभ लाभ' देती हैं। अर्थशास्त्र में उद्यमी को साहसी बताया गया है। वह साहस करता है, कारखाना वगैरह लगाता है। साहस का प्रतिफल पाता है। 'शुभ लाभ' भारतीय चिन्तन का विकास है। लाभ में श्रमिकों का शोषण, टैक्सचोरी और भ्रष्टाचार भी शामिल है। 'शुभ लाभ' ईमानदार उद्यमी का हिस्सा है।

पर्व त्योहार दिक् और काल के भीतर हैं। देव प्रकाशवाची हैं। जहां जहां ज्योतिर्गमय प्रकाश, वहां वहां दिव्यता और वहां-वहां देवता। हम भा-रत हैं। भा अर्थात प्रकाश, रत यानी संलग्न। माना जाता है कि प्रकाश और अंधकार का संघर्ष सनातन है। लेकिन यह सही नहीं है। अंधकार और प्रकाश दो नहीं हैं। प्रकाश का शून्य हो जाना अंधकार है। इसी तरह अंधकार शून्य होना प्रकाश है। सूर्य प्रकाश पुंज है। उन्हें नमस्कार हमारी संस्कृति है। हम चन्द्र को अर्घ्य देकर पूंजते हैं। चन्द्र ब्रह्माण्ड का मन है। पूर्णिमा का प्रकाश उपास्य है। दूसरे ही दिन से चांद घटने लगता है और अमावस तक रोजाना घटता है। अमावस परिपूर्ण अंधकार रात्रि है। अगले दिन से अंधकार पिटता है, प्रकाश बढ़ता है, 15 दिन बाद पूर्णिमा आती है। पूनो (पूर्णिमा) का चन्द्र अपनी पूरी आभा, प्रभा दीप्ति और प्रीति के साथ खिलता है। भारत ने प्रत्येक पूर्णिमा को उत्सव बनाया। अषाढ़ पूर्णिमा का चन्द्र बादलों से भी ढकता है। लेकिन उन्मुक्त चमकता है सो इस रात गुरू पूर्णिमा। श्रावण की पूर्णिमा रक्षाबंधन होती है लेकिन शरद् चन्द्र का क्या कहना? बहुत दूर आसमान में बैठा शरद् चन्द्र धरती की प्रीति में अमृतघट उलीचता है। भारत ने शरद पूनो के चन्द्र को बहुत प्यार किया है। वैदिक ऋषि सौ शरद जीने के अभिलाषी थे-जीवेम शरदं शतं। सौ शरद देखना भी चाहते थे-पश्येम शरदं शतं।

शरद पूनो की दीप्ति प्रीति ज्यादा गाढ़ी है ठीक वैसे ही 15 दिन बाद आने वाली कार्तिक अमावस्या का अंधकार बाकी अमावसों से ज्यादा गाढ़ा और गहरा जान पड़ता है। भारत ने प्रगाढ़ अंधकार वाली इस रात्रि को दीपोत्सव बनाया। शरद पूर्णिमा की रात रस, गंध, दीप्ति, प्रीति, मधु, ऋत और मधुआनंद तो इसके ठीक बाद झमाझम दीपमालिका। कार्तिकी अमावस का अंधकार प्रकाश की अनुपस्थिति ही नहीं होता। माना जाता है कि यह अस्तित्वगत होता है, अनुभूति प्रगाढ़ हो तो पकड़ में आता है। जहां जहां तमस वहां वहां प्रकाश-दीप। प्राचीन पूर्वजों की कर्मशक्ति का रचा गढ़ा तेजोमय प्रकाश है। प्रकाश ज्ञानदायी और समृद्धिदायी भी है। भारत दीप पर्व की रात-रात केवल भूगोल नहीं होता। भारत इस रात 'दिव्य दीपशिखा' हो जाता है। वातायन में शीत और ताप का प्रेम प्रसंग चलता है। घर, आंगन, तुलसी के चैबारे, गरीब किसान के दुआरे, खेत खलिहान, नगर, गांव, मकान, दुकान, ऊपर नीचे सब तरफ दीप शिखा।

तुलसीदास ने रामचरितमानस उत्तर काण्ड में दीप शिखा का रूपक बनाया है। वे सात्विक श्रद्धा को गाय बताते हैं, जपतप नियम को गाय का चारा। फिर इस गाय से परम धर्ममय दूध निकालते हैं। निष्काम भाव की अग्नि पर उबाल कर धैर्य आदि भावों से ठंढ़ा कर दही बनाते हैं। इस दही से 'मुदिता मथै विचार मथानी' के जरिए मक्खन निकालते हैं। इस मक्खन को योग अग्नि पर गरम कर 'ज्ञान घृत' पाते हैं। चित्त के दिया (दीपक) में इस घी को डालते हैं। तीन गुण तीन अवस्थाओं (जागृत, स्वप्न, सुषुप्ति) से परे 'तुरीय अवस्था' की बाती सजाते हैं। तुलसीदास बताते हैं कि यह दीपक विज्ञानमय है-एहि विधि लेसे दीप, तेज राशि विज्ञानमय। फिर कहते हैं "सोहमस्मि इति वृत्ति अखण्डा/दीपशिखा सोई परम प्रचण्डा।" दीपशिखा के प्रकाश में जीव ब्रह्म हो जाता है, "आत्म अनुभव सुख सुप्रकाशा।" तुलसी के सौन्दर्यबोध (बालकाण्ड) में भी दीपशिखा है "सुन्दरता कहु सुन्दर करई/छविगृह दीपशिखा जनु बरई।" दीपशिखा भारत का मन है। सभी साधकों के लिए दीप मालिका भारत के मन की स्वर्णमय दीपशिखा है। दीपक अपना हृदय-स्नेह (तेल) उड़ेलता है, बाती जलाता है। तब अंधकार से लड़ता है, प्रकाश देता है। दीपक के नीचे अंधेरा रहता है लेकिन दूसरों का तमसावृत पथ प्रकाशवान होता है।

दीप पर्व स्वाभाविक ही लक्ष्मी गणेश का नीराजन मुहूर्त बना। ऋग्वेद के रचनाकाल में गण (समूह) थे। प्रत्येक गण का एक गण प्रमुख या गणपति होता था और एक आराध्य देवता यानी गण-ईश था। ऋग्वेद (2.23.1) में बृहस्पति को गणपति कहा गया है, "गणानां त्वां गणिपतिं हवामहे-आप गणों के गणपति हैं।" ये गणपति प्रकाशदाता भी हैं। (वही मन्त्र 3) ऋग्वेद के गणपति कवि हैं, विद्वान है लेकिन यजुर्वेद के गणपति 'निधिपति' भी हैं-निधीनां त्वा निधिपति। दीप-उत्सव है अतिरिक्त आनंद का अतिरेक। सम्पूर्णता का केन्द्र है उत्स। उत्सव इसी केन्द्रक का उफनाया आनंद है। लेकिन उत्सव उल्लास नहीं रहे। पहले उत्सव की खबर ऋतु देती थी, माह और तिथि उत्सवों की सूचना थे, अब उत्सव की खबर अखबारी विज्ञापन देते हैं। विज्ञापन नया स्वप्न संसार देते हैं। बाजारी वस्तुएं उत्सव का विकल्प नहीं हो सकती। बाजार में मादक क्रान्ति है। उत्सवी मानुष हलकान है। करें तो क्या करें? दीपावली नाक का सवाल बन गई है। खरीददारी स्टेटस सिम्बल है। जिसने खरीददारी नहीं की, वह उत्सव से बाहर हो गया।

छान्दोग्य उपनिषद् के अनुसार "सृष्टि का समस्त सर्वोत्तम और पुरूषोत्तम प्रकाशरूपा है।" परम तेजोमय सूर्य हैं। वे सहस्त्र आयामी प्रकाशरूपा हैं। गीता के अर्जुन ने विश्वरूप देखा, उसके मुंह से शब्द फूटे "दिव्य सूर्य सहस्त्राणि-सहस्त्रों सूर्यो का प्रकाश एक साथ जगमगा उठा।" उपनिषद् के ऋषियों ने परमसत्ता की अनुभूति को प्रकाशरूप ही पाया। कठोपनिषद् (2.2.15), मुण्डकोपनिषद् (2.2.10) व श्वेताश्वतर उपनिषद् (6.10) में एक साथ गाए गए मंत्र में कहते हैं "न तत्र सूर्यो भाति, न चन्द्रतारकम/नेमा विद्युतो भान्ति कुतोऽयंमग्नि-वह न सूर्य चमकते हैं और न चांद तारे। बिजली भी नहीं, अग्नि की बात है क्या है?" बताते हैं "तमे भान्तमनुभाति सर्वं उसी के प्रकाश से यह सब प्रकाश है। तस्य भासा सर्वम् इदं विभाति-उसी की दीप्ति से यह सब प्रकाशित हैं। प्रकाश अमरत्व है, अज्ञान मृत्यु। वृहदारण्यक उपनिषद् (1.3.28) के ऋषि की प्रार्थना है, "असतो मा सद्गमय, तमसो मा ज्योतिर्गमय, मृत्योर्माऽमृतं गमयेति-हम असत् से सत्, तमम से ज्योति और मृत्यु से अमरत्व की ओर चलें।" ऋग्वेद के अंतिम सूक्त में कहते हैं, "हम साथ साथ चलें। साथ साथ वार्ता करें। हमारे सबके मन एक सामान हों। सामूहिकता का भाव भी उत्सव है।" भारत की ज्योतिर्गमय आकांक्षा चिरन्तन है। शुभकामना है, दीपावली भारत के जन गण मन को दीप्ति दे, आलोक दे, ज्योतिर्मय आभा दे, दीपशिखा की प्रभा दे। आत्मबोध दे, इतिहास बोध दे-मृत्र्योमां अमृतो गमय।

# विकास के बदलते मानक


डॉ.अशोक कुमार शुक्ला
सहायक भूमि व्यवस्था आयुक्त, राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश

प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थाओं में यह बोध कथा बड़ी रुचि के साथ सुनाई जाती है कि प्रदेश के किसी सुदूर जनपद में एक अंचल ऐसा भी था जहां बीसियों साल से किसी वरिष्ठ अधिकारी में पहुंचने की जरूरत ही नहीं समझी थी। इस जनपद में जब एक नए ऊर्जावान जिलाधीश की नियुक्ति हुई तो उन्होंने कुछ नया करने के उत्साह में झटपट उस सुदूर अंचल में पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण की योजना बना डाली। जब यह बात क्षेत्रीय लेखपाल को पता चली तो उसने भी झटपट ग्राम वासियों की सहायता से जिलाधीश के आगमन की तैयारी में गांव में साफ सफाई की व्यवस्था और छोटी मोटी शिकायतों का तत्काल ही निस्तारण कर डाला।

ग्राम में सम्पन्न हुई इन तात्कालिक व्यवस्थाओं से ग्राम के वृद्धजन इतने अभिभूत हो गए कि जब कलक्टर साहब गांव पहुंचे और निरीक्षण की औपचारिकता पूर्ण कर जाने लगे तो गांव की एक वृद्ध माता ने उनके सिर पर हाथ रखकर उन्हें आशीर्वाद दिया कि-"जाओ बेटा..! तुम्हारी खूब तरक्की हो और तुम तरक्की पाकर पटवारी हो जाओ।!" दरअसल उन वृद्ध माता की कल्पना में पटवारी से बड़ा कोई अधिकारी हो ही नहीं सकता था इसलिए उन्होंने अपने हिसाब से उन्हें सबसे बड़ा अधिकारी बन जाने का आशीर्वाद प्रदान किया।

लगभग ऐसी ही दंतकथा पुलिस विभाग के प्रशिक्षण संस्थानों में भी रुचि के साथ सुनाई जाती है कि जब जनपद पुलिस के मुखिया कप्तान साहब किसी सुदूर अंचल में निरीक्षण को पहुंचे गांव वालों ने उनको प्रोन्नत होकर थानेदार हो जाने का आशीर्वाद दे डाला क्योंकि उनकी नजर में पुलिस का सबसे बड़ा अधिकारी थानेदार ही होता था इस हिसाब से उन्होंने अपने हिसाब से कप्तान साहब को सबसे बड़ा अधिकारी बन जाने का आशीर्वाद दिया। अब ग्रामीण भारत की भोली जनता के बारे में विद्यमान इन बोध कथाओं में एक नई बोध कथा भी जुड़ने को संघर्ष कर रही है जो इस देश के निरंतर विकासशील होते जा रहे गांव के स्वरूप को प्रदर्शित करती है। हुआ कुछ यूं कि ऐसे ही एक गांव में विकास कार्यक्रमों का जबरिया भरपूर बीड़ा उठाने वाले प्रधान जी की शह पर इंजीनियर साहब के रूप में ख्याति प्राप्त जेई साहब की ढेर सारी शिकायतें आने के बाद उनके नियंत्रक अधिकारी एई साहब ने स्वयं गांव में जाकर विकास कार्यों का जायजा लेने का निर्णय ले लिया। एई साहब के इस निर्णय से प्रधान जी और जेई साहब की सांस सांतत में आना स्वाभाविक था इसलिए उनके निरीक्षण का सारा दारोमदार स्वयं प्रधान जी ने ही संभाल लिया और एई साहब के गांव पहुंचने पर प्रधान जी ने गांव वालों से उनका परिचय इन शब्दों के साथ कराया - "मेरे प्यारे ग्राम वासियों..! यह हमारे लिए प्रसन्नता का विषय है कि आज हमारे गांव में सहायक इंजीनियर महोदय का आना संभव हो सका है" प्रधान जी के संबोधन में "सहायक" शब्द पर विशेष बल दिया गया और उनके इस संबोधन का भोले भाले गांव वालों पर विशेष प्रभाव भी पड़ा।

यह सोचकर ग्रामवासियों की प्रसन्नता का ठिकाना नहीं रहा कि प्रधान जी के प्रयासों के चलते यह शुभ कार्य संपन्न हो सका है कि गांव के विकास के लिए अब इंजीनियर साहब यानी जेई साहब को एक "सहायक" भी मिल गया है। खैर जैसे.. तैसे एई साहब का निरीक्षण भी निपट गया और किसी ग्रामीण की ओर से "सहायक इंजीनियर" साहब को प्रोन्नत होकर पूर्ण इंजीनियर के रूप में जेई बन जाने का आशीर्वाद प्रदान करने की कोई कहानी अब तक नहीं सुनाई पड़ी है। विकासशील देश में विकास की धुरी के रूप में चिन्हित ग्राम में विकास की अलख जलाने वाले इंजीनियर साहब के बारे में आम जनता के मध्य व्याप्त प्रसन्नता आने वाले समय में एई साहब को प्रोन्नत होकर जेई बन जाने की दंतकथाएं सुनाई दें इसी विश्वास के साथ विकास बदलते मानकों पर चर्चा जारी रहेगी।

# लोकजीवन की अनंत भौतिक मनोवैज्ञानिक प्रक्रिया


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> यह ध्यान रखने की बात है कि समष्टि का जो तत्व है, वह लोक-संस्कृति में अधिक विकसित है। अभिजन भी है और सामान्यजन भी है और दोनों के बीच निरंतर व्यवहार और संवाद भी होता है।

लोक क्या है तथा तंत्र और लोक का क्या संबंध है? यह प्रश्न लोकतंत्रात्मक जीवन प्रणाली का केन्द्रीय प्रश्न है क्योंकि लोकतंत्र में जीवन की सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक और सांस्कृतिक और सभी प्रवृत्तियों की कसौटी लोकजीवन में होती है। इसलिए लोक के संबंध में बारबार जिज्ञासा करना, बारबार पूछना, बार बार उत्तर देना तथा निरंतर सोचना-विचारना लोकतंत्रात्मक समाज का सहज-स्वाभाविक दायित्व है। संसार की संस्कृतियां आज एक-दूसरे के सामने खड़ी हैं और परस्पर-परिचय कर रही हैं। एक अभिनव मानव-संस्कृति की रचना अग्रसर है। लोकतंत्र के राजनैतिक-अधिकार, आर्थिक विकास, सामाजिक-समानता और सांस्कृतिक स्वायत्तता ये चारों ही तत्व महत्वपूर्ण हैं और अनिवार्य हैं। संस्कृति, जातीय-अस्मिता तथा परंपरा का महत्त्व कम नहीं है। लोकजीवन में स्वतंत्रता, समानता, संपत्ति, अभिव्यक्ति और शोषण के विरुद्ध अधिकार, अपराधी को दंड तथा पंचपंचायत संबंधी कहानियां और कहावतों का भंडार है। लोकसंस्कृति सामूहिक-जीवन के सघन संबंधों में विकसित होती है।

यह ध्यान रखने की बात है कि समष्टि का जो तत्व है, वह लोक-संस्कृति में अधिक विकसित है। अभिजन भी है और सामान्यजन भी है और दोनों के बीच निरंतर व्यवहार और संवाद भी होता है। अभिजन-संस्कृति सामान्यजन-संस्कृतियों के बीच भी यह व्यवहार और संवाद होता है। अनेक सांस्कृतिक-प्रक्रियाओं के परिणाम-स्वरूप अनेक कारकों के माध्यम से मास-कल्चर अथवा जन-संस्कृति उभरती है, जिसमें देशी-विदेशी, जनपदीय, प्रदेशीय, नागर, ग्राम्य, वन्य सांस्कृतिक तत्त्वों का समाहार होता है। प्रत्येक व्यक्ति अपने आप में भी किसी न किसी संस्कृति का ही एक प्रतिनिधि है, सांस्कृतिक-धारा की एक लहर। एक भाषा, एक परिधान, एक खानपान, एक सरीखा पश्चिम प्रेरित जीवन आरोपित करने की कोशिशें। हमला तो हमारे लोक पर ही है। सारी दुनिया को एक रंग में रंग देने की यह कोशिश भी लोकविरुद्ध है। छोटी-छोटी लोकभाषाओं और लोकसंस्कृति विलुप्त हो रही हैं। लोक को झुठलाने के प्रयत्न हो रहे हैं।

अपनी पुस्तक भारतीय संस्कृति और हिंदी प्रदेश में डा.रामविलासशर्मा कहते हैं-वर्तमान परिस्थितियों में भारत की प्राचीन संस्कृति का अध्ययन अत्यंत प्रासंगिक है। इस संस्कृति के बारे में हमारी भ्रांतियां आज के राजनैतिक जीवन को प्रभावित करती हैं। प्राचीन संस्कृति सामंतों और पुरोहितों की रची हुई है, और आज के युग में हमें इससे कुछ भी लेना-देना नहीं है, यह भाव भ्रांतिजन्य है। संस्कृति मनुष्य से मनुष्य और प्रकृति से मनुष्य के सामंजस्य की निरन्तर-प्रक्रिया और उसका परिणाम है। इस समष्टि-प्रक्रिया में सामान्य से सामान्य जन की भूमिका होती है। यही समष्टि-प्रक्रिया है, जिससे एक कबीला दूसरे कबीले में, एक समुदाय दूसरे समुदाय में, एक जाति दूसरी जाति में अन्तर्भुक्त होती है और इस प्रकार समाज का निरन्तर विकास होता है। उसी प्रक्रिया से राष्ट्र बना है। विष्णु, राम और कृष्ण जैसे चरित्र उसी व्यापक प्रक्रिया की रचना है। राष्ट्र का तात्पर्य है भारत की शत सहस्र मानव जातियों की एकता समान सामूहिक स्मृतियों, समान आनुवंशिकता, सहिष्णुता तथा सह अस्तित्व एक साथ जिंदा रहना और इतिहास के सुख-दुःख तथा उतार समान अनुभूतियों से गुजरना समान अनुभूति की यह प्रक्रिया एक दिन की बात नहीं है। राष्ट्रीय एकीकरण को प्रक्रिया उसी दिन प्रारंभ हो गयी थी, जिस दिन भारत की धरती पर एक मनुष्य को दूसरा मनुष्य मिला था हितों का समर्थ बार-बार हुआ और बार होगा। किन्तु समायोजन' 'सपा' बड़ा सत्य है, अंततः "सभी समायोजन की प्रक्रिया में लय हो जाता है। नाग, गरूड़, गंधर्व, निषाद, यक्ष, वानर, देव तथा असुर आदि के जातियों, जिनके युद्धों की स्मृतियां पुराकथाओं में जीवित है, आज निज से गई अन्तर्मुक्त होकर एक दूसरे में समा गई। समायोजन की यह प्रक्रिया एक पल के लिए भी नहीं सकती निरंतर चलती रहती है तथा विविध जातियां और धर्म एक दूसरे में मुक्त हो जाते है। आदमी और आदमी का संबंध लोकजीवन की अनंत भौतिक मनोवैज्ञानिक प्रक्रियाओं का परिणाम है। लोक संस्कृति का विधान एकता का विधान है, क्योंकि उसका विकास सामूहिक जीवन के साक्षात् संबंधों में होता है। देश में जो वैचारिक-आन्दोलन उठे उनका व्यापक और गहरा प्रभाव सारे देश में हुआ। भिक्षुओं के गीत चलते रहे और समस्त देश में पहुंचे जैसे सिद्धों के गीत। पर्वों पर सामान्यजन गया। कुंभ जैसे पर्वों का कितना बड़ा योगदान है । जो लोग समझते हैं कि संस्कृति (आचारप्रणाली, विचारप्रणाली, विश्वासप्रणाली, अभिव्यक्तिप्रणाली, सौन्दर्यबोध) की रचना कोई तत्वद्रष्टा-विचारक या ऋषि (आचार्य-मानस या शास्त्र-मानस) करता है। वे लोक की भूमिका को नहीं देख पाते। जो यह समझते हैं कि देश की प्राचीन संस्कृति सामंतों और पुरोहितों की रचना है, वे गंगा के पास जाकर भी केवल घाटों को देख कर ही लौट आए। उन्होंने पुरोहित को तो देख लिया किन्तु लोक को वे देख ही नहीं सके। उन्होंने घाटों को तो अवश्य जाना किन्तु गंगा के प्रवाह को नहीं जाना, वह धारा, जो प्रेम की सर्वोपरिता का अभिषेक करती है, जहां राजा रंक एक साथ गोता लगाते हैं, जहां वर्ण, वर्ग, विषमता का निषेध है

घाट का क्या? वे तो वर्गस्वार्थ के द्वारा ही बनाए जाते हैं। इतनी विविधताएं अन्तर्भुक्त हो कर एक राष्ट्र बना है, यह उस समष्टि-प्रक्रिया का परिणाम है। एक समान मूल्य विकसित हुए। आत्मा का सिद्धान्त इतना व्यापक बना। हमने लोकोक्तियों में जीवन का एक ही सत्य देखा, लोककहानियों में जीवन की एक जैसी संवेदना देखी। लोकगीतों में एक ही हृदय का स्वर सुना। उत्तर-दक्षिण-पूरब और पश्चिम भारत की सभी दिशाओं में लगभग समान प्रतीकविधान है। कुंभ-कलश हो अथवा दीपज्योति।

# क्वाड और ब्रिक्स: कूटनीतिक ट्रिक्स


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

उक्त नामों के दो अंतरराष्ट्रीय सहयोग संगठन हैं। क्वाड में अमेरिका, भारत, जापान और आस्ट्रेलिया हैं। यह मुख्यतया दक्षिण चीन सागर में चीन के नाजायज एकाधिकार और दादागीरी पर अंकुश लगाने के लिए बनाया गया है इसके अंतर्गत ये देश समय समय पर उस सामुद्रिक क्षेत्र में गश्त और युद्धाभ्यास करते हैं, जिसे चीन अपना कहकर, उसपर अन्यों के प्रवेश की वर्जना करता है। ब्रिक्स ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका का व्यापारिक सहयोग संगठन है, जो मूलतः अमेरिका और पश्चिम के आर्थिक/व्यापारिक वर्चस्व पर अंकुश लगाने के लिए है। पहले गुट की स्थापना 2007 में तथा दूसरे की 2009 में हुई थी।

भारत दोनों में है। कहने को भले ही इसे तटस्थता या गुट निरपेक्षता कहा जाए, किंतु है यह दो नावों पर पैर रखना। क्वाड सरासर चीन के विरुद्ध है। वह इससे चिढ़ता है और इसका विरोध भी करता रहा है, तब ब्रिक्स के जरिये वह हमारा हितैषी कैसे हो जायगा! ब्रिक्स में तो हम 2009 से हैं, तो डोकलाम और गलवान घाटी की घटनाएं क्यों हुईं? डोकलाम में हमारी और चीनी सेनाएं कई दिन एकदम आमने सामने रहीं और गलवान में भिड़ंत भी हुई, जिसमें हमारे 20 जवान शहीद हुए थे। मीडिया के एक वर्ग के अनुसार चीन वहां हमारे क्षेत्र में कुछ आगे भी बढ़ आया। चीन अरुणाचल पर दावा करता रहता है। क्या अब वह यह दावा नहीं करेगा? शी जिनपिंग को मोदी द्वारा झूला झुलाने के बाद भी भारत को संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनने में वह रोड़ा अटकाता है। अभी रूस के 'कज़ान' में हुए इन देशों के शिखर सम्मेलन में मोदी और चीनी प्रमुख शी जिनपिंग गरम जोशी से मिले। मिलने के फौरन बाद दिए गए दोनों नेताओं के बयानों में स्पष्ट अंतर दिखा। चीन के बयान में सीमा विवाद महत्व नहीं रखता, व्यापारिक व अन्य सहयोग पर ही जोर दिखा, जबकि भारत सीमा विवाद अत्यंत महत्वपूर्ण मानता है। ज़ाहिर है हमारा बड़ा क्षेत्रफल चीन के कब्जे में है और चीन दोनों देशों के बीच की स्थापित 'मैकमाहोन' रेखा को नहीं मानता। अविश्वसनीय और धोखेबाज चीन भरोसेमंद कदापि नहीं। वह अनैतिक और प्रसारवादी है। विश्वास तो कभी नेहरू ने भी किया था और 1954 में उन्होंने और तत्कालीन चीनी प्रमुख चाउ-एन-लाई ने "पञ्चशील' के आदर्श सिद्धॉत अपनाए थे तथा 'हिंदी चीनी भाई भाई' के नारे भी लगे थे। उसका परिणाम 1962 में चीनी आक्रमण के रूप में सामने आ गया, जिसमें हमारा विशाल क्षेत्रफल चीन ने कब्जिया लिया था। ऐसे में यह सहयोग संगठन कूटनीतिक ट्रिक ही है, जिसे नाटक भी कहा जा सकता है। मेरे ख्याल से अपना शक्ति सचंय ही काम आएगा, ट्रिकें और स्वॉग नहीं।

# शब्द और भाषा



> बाघ ने हिरण को मारा। यह होने से थोड़ा अलग है। यहां चेतन को सचेष्ट होना पड़ता है। मानव को ज्यादा चेतन माना जाता है। अत: वह करेगा भी ज्यादा। जानवरों से ज्यादा करेगा। होने और करने के फलस्वरूप नई-नई चीजें बनती हैं।


डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

एक समय रहा होगा जब आदमी धरती पर नहीं रहा होगा। कहिए एक करोड़ या सौ करोड़ वर्ष अतीत में। प्रकृति में तब भी कुछ घटता होगा, होता होगा। लेकिन तब भाषा नहीं रही होगी। होना ज्यादा मौलिक है। आदमी का विकास हुआ। उसे भगवान ने बनाया-अपने जैसा या बंदर जैसा। ब्रह्मा के पुत्र मनु और पुत्री शतरूपा ने मानव को जन्म दिया, या फिर क्रमिक विकास होते-होते मानव बना। कैसे भी हो, मानव हुआ।

जीव हुआ तो करना हुआ। बाघ ने हिरण को मारा। यह होने से थोड़ा अलग है। यहां चेतन को सचेष्ट होना पड़ता है। मानव को ज्यादा चेतन माना जाता है। अतः वह करेगा भी ज्यादा। जानवरों से ज्यादा करेगा।

होने और करने के फलस्वरूप नई-नई चीजें बनती हैं। मानव ने इन होने, करने और चीजों का वर्णन करने के लिए, इस वर्णन को अन्य जीवों या सहचर मानवों को बतलाने के लिए शब्द बनाए। ध्वनियों के अर्थ में नहीं, वर्णनात्मक अर्थ में। इन्हीं शब्दों के साथ भाषा का विकास हुआ।

मेरे पेट में दर्द है। मुझे भूख लगी है। आपकी बात मुझे अच्छी नहीं लगी। मैं कल नहीं आऊंगा। बिल्ली दूध पी गई। मेरा बेटा इलाहाबाद में नौकरी करता है। शब्द बने और भाषा बनी। बीत दिनो एक अंग्रेजी कविता सोशल मीडिया पर साझा की। उसका शीर्षक है-अस्थि विसर्जन। मैंने सोचा-अंग्रेजी कविता का शीर्षक हिंदी में! कुछ जम नहीं रहा था। अंग्रेजी में मन मुताबिक शब्द मिल नहीं रहे थे। अंग्रेजी शब्द वह संप्रेषित करने में असमर्थ मिले जिसे अस्थि विसर्जन संप्रेषित करता है। सांस्कृतिक अनुगूंज।

मैंने सोचा, लैटिन में देखूं। बन जाए कोई शब्द शायद। नहीं जंचा। सोचा ग्रीक देख लूं। कुछ जंचा नहीं। जर्मन में भी नहीं। नहीं मिला। वैसे मुझे न लैटिन आती है, न ग्रीक न जर्मन। गूगल बाबा मदद नहीं कर सके। क्यों नहीं मिले शब्द? क्योंकि वहां अस्थि विसर्जन नहीं होता है। होलोकास्ट होता है। लेकिन वह अस्थि विसर्जन नहीं है। होता नहीं है, करते नहीं हैं, चीजें नहीं हैं, तो शब्द भी नहीं हैं। उन्होंने पौधों का अध्ययन किया, कीड़ों का अध्ययन किया, जानवरों का अध्ययन किया, शरीर के अंगों का अध्ययन किया, अनेक रासायनिक वस्तुओं का, प्रक्रियाओं का, मशीन के पुर्जों का, गणितीय धारणाओं का अध्ययन किया। अंग्रेजी तो गाय-गोरू चराने वालों की भाषा रही। उतनी लचीली नहीं जितनी लैटिन है, ग्रीक है, जर्मन है। तो उन्होंने शब्द ढाले, बनाए, तराशे। उनकी भाषा विकसित होती चली गई। अंतर्राष्ट्रीय भाषा बन गई। कैसे? करने से। होते हुए देखने से।

एक जमाना था जब हम आयुर्वेद करते थे। हजारों पौधे। नाम, वर्णन, द्रव्यगुण, उपयोग। पूरा निघंटु। आज हिंदीभाषी जनता के पास वे शब्द भी नहीं रहे। पौधे पहचानने वाले रहे नहीं। आज कौनी, खेरी और सावां पहचानने वाले ही नहीं मिलेंगे। कुलथी की दाल आसानी से नहीं मिलती। सौ वर्ष नहीं बीते हैं। हिंदी वालों ने स्थानीय और क्षेत्रीय शब्दों की भी उपेक्षा की है।

# दोहरी जाति व्यवस्था से सामाजिक बदलाव की ओर


बीना नयाल
लेखिका, अल्मोड़ा

> पुनर्जन्म के सिद्धांत के अनुसार हम न्याय के संदर्भ में सदैव प्रारंभिक अवस्था में रहते हैं। पूर्व जन्म में हमारी जाति तथा व्यवसाय क्या था? वह अज्ञात है और आगामी जन्म में भी हमारे लिए यह अज्ञात ही रहेगा।

जन्मना जायते शूद्रः संस्काराद्विज उच्यते। श्लोक का अर्थ है-जन्म से सभी शुद्र होते हैं, संस्कारों से वे ब्राह्मण बन सकते हैं। स्कंद पुराण के नागर खंड का यह श्लोक सनातन धर्म की गतिशीलता, लचीलेपन और व्यापक समावेशिता की भावना को दर्शाता है। आज भारतीय समाज में जाति ज्वलंत मुद्दा है। भारतवासी हिंदू अनेक जातियों और उपजातियां में बुरी तरह विभाजित है। 1947 का भारत जो लगभग सभी क्षेत्रों में विकास की शैशवावस्था में था, वर्तमान में लगभग सभी क्षेत्रों में परिपक्वता की ओर उन्मुख है, परंतु यह दुर्भाग्य की बात है हम जाति जैसे मुद्दों पर आज भी जड़ बने हुए हैं। तमाम संवैधानिक प्रावधानों व लाभकारी उपबंधो व नियमों के बावजूद शताब्दी वर्ष की और उन्मुख भारतवासियों से जातिगत सद्भाव तथा समरसता की जो उम्मीद की गई थी, वह अभी कोसों दूर है। जाति का कोढ़ व्यक्ति, समाज तथा राष्ट्र को दीमक की भांति खोखला करता जा रहा है।

आगामी जनगणना में जातिगत जनगणना की मांग पुरजोर तरीके से उठाई जा रही है। प्रश्न यह है क्या महज संवैधानिक प्रावधानों, कानून, नियमो व आर्थिक लाभ देकर किसी व्यक्ति अथवा जाति की सामाजिक स्थिति को बेहतर बनाया जा सकता है। गहराई से विश्लेषण किया जाए तो हम पाएंगे बिना सामाजिक संरचना में बदलाव व गतिशीलता के निम्न जाति की स्थिति को बेहतर नहीं बनाया जा सकता।

आज समय की मांग है प्राचीन वैदिक आख्यानों में वर्णित वर्ण व्यवस्था की और लौटने की। प्राचीन वर्ण व्यवस्था में आई विकृति को दूर करने का उपाय है आगामी जनगणना में प्रत्येक व्यक्ति के लिए दोहरी जाति व्यवस्था का प्रावधान करना होगा। एक जन्मना जाति जो वर्तमान में प्रचलित है जिसकी गणना की बात की जा रही है और दूसरी होगी अर्जित जाति जो व्यक्ति अपने पेशे, गुण, योग्यता तथा कर्म के आधार पर प्राप्त करता है। दोहरी जाति व्यवस्था से धीरे-धीरे आगे चलकर समाज में क्रांतिकारी सामाजिक बदलाव आएगा। जातिगत व्यवस्था में लचीलापन तथा गतिशीलता स्थापित होगी जो सनातनी वर्ण व्यवस्था का मूल उद्देश्य है। धीरे-धीरे जातियों में निहित पारस्परिक कटुता, वैमनस्यता आदि की भावना दुर्बल हो जाएगी और हम जातिगत सद्भाव तथा समरसता की और उन्मुख होंगे जो हिंदुत्व तथा अखंड भारत के लिए हर दृष्टिकोण से अपरिहार्य है।

वैसे भी सनातन धर्म पुनर्जन्म में विश्वास रखता है। पुनर्जन्म के सिद्धांत के अनुसार हम न्याय के संदर्भ में सदैव प्रारंभिक अवस्था में रहते हैं। पूर्व जन्म में हमारी जाति तथा व्यवसाय क्या था? वह अज्ञात है और आगामी जन्म में भी हमारे लिए यह अज्ञात ही रहेगा। अतः वर्तमान व्यवस्था को ही मानवीय संदर्भ में इस प्रकार निर्मित किया जाए ताकि ईश्वर द्वारा प्रदत्त हर अवस्था में हम मानवीय गरिमा और समान अधिकारों के साथ जीवन निर्वाह करें क्योंकि हमारे कर्म और हमारे द्वारा स्वीकार व्यवस्था ही अंततोगत्वा हमारी नियति का निर्धारण कर रही है। वर्तमान में हिंदू धर्म की सभी जातियों का सनातन में पूर्ण विश्वास व आस्था पुनः जागृत करने की आवश्यकता है क्योंकि वर्तमान समाज में जो हिंसा, अवसाद क्रोध और वैमनस्य फैल रहा है इसका मुख्य कारण सनातन के संदर्भ में एक कालखंड में कुछ लोगों द्वारा फैलाई गई भ्रामक धारणाएं हैं, जिसने कुछ जातियों तथा वर्गों को सनातन धर्म से काफी हद तक दूर कर दिया। सनातन धर्म की उत्सव प्रियता, इसकी गत्यात्मकता इसका प्राणतत्व और आनंद उस जीवनदायिनी और मोक्षदायिनी गंगा की भांति है जो सबके लिए सर्व सुलभ है। अतः समाज में दोहरी जाति व्यवस्था को प्रावधान उन बुरी शक्तियों को हतोत्साहित करेगा जो आर्थिक रूप से समृद्ध व सामाजिक रूप से प्रतिष्ठित होने के बावजूद व्यक्तिगत निहितार्थों को पूरा करने के लिए जाति का अवलंबन लेते हैं, देश व समाज को दीमक की तरह खोखला करने में लगे हुए हैं।

भारतीय वैदिक परंपरा में वर्ण गतिशीलता के अनेक उदाहरण है, जहां चारों वर्णों में कर्म के अनुसार ऊर्ध्वाधर या अधोमुखी दोनों ही दिशा में गतिशीलता संभव थी, अर्थात कोई भी व्यक्ति अपने कर्मों से ब्राह्मण से क्षत्रिय वैश्य अथवा शुद्र और शूद्र से ब्राह्मण भी हो सकता था। अतः समाज में हर वह व्यक्ति जो पेशे के अनुरूप जिस वर्ग से संबंध रखता है और संबंधित कर्म करता है उसकी अर्जित जाति में बदलाव आवश्यक है। धीरे-धीरे समय बीतने पर अर्जित जाति मुख्य जाति हो जाएगी और जन्म आधारित जाति गौण हो जाएगी। दोहरी जाति व्यवस्था का प्रावधान प्राचीन वैदिक वर्ण व्यवस्था को पुनर्जीवित करने के साथ व्यक्ति में आत्मिक संतोष, गरिमा और मानवीय अधिकारों को सुनिश्चित करने के साथ-साथ पारस्परिक सद्भाव, देश की उन्नति तथा विश्व गुरू बनने की दिशा में भी बेहतर प्रयास सिद्ध होगा।

# दूसरे समुदाय की ओर था इशारा, भाभी के घर निकला शव तो अवाक हुए लोग

## गांव में बढ़ रहा था तनाव, अगर बच्ची का शव गायब कर देते आरोपी तो हो सकता था सांप्रदायिक बवाल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शिकारपुर चौधरी मिश्रित आबादी का गांव है। मिष्ठी के गायब होने के बाद कुछ लोगों ने दूसरे समुदाय के लोगों पर शक जताना शुरू किया तो तनाव बढ़ने लगा। लेकिन कुछ ही देर बाद मिष्ठी का शव उसी की ताई के घर निकला तो लोग अवाक रह गए। बाद में यह भी पता चला कि सावित्री ने शव को ठिकाने लगाने के लिए बोरी में बंद कर रखा था। अगर वह शव को गायब करने में कामयाब हो जाती तो गांव में दोनों समुदायों के बीच विवाद हो सकता था।

बच्ची के अपहरण की सूचना पर एसएसपी अनुराग आर्य ने तीन टीमें गठित कर उसे तलाश करने का निर्देश दिया था। एक टीम ने उसे गांव के आसपास और दूसरी टीम ने गांव के घरों में उसे तलाश करना शुरू किया। तीसरी टीम सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक करने में जुट गई। पुलिस के इस अभियान के दौरान गांव में सभी घरों के दरवाजे खुले हुए थे। सिर्फ सावित्री ने घर के दरवाजे


मौके पर पूछताछ करती पुलिस।

नहीं खोले। पुलिस ने जब सावित्री के घर का दरवाजा खुलवाने की कोशिश की तो पुलिस टीम जब गांव में तलाशी के लिए पहुंची। तब सभी ने दरवाजे खोल दिए, लेकिन सावित्री ने अपना दरवाजा नहीं खोला। मिष्ठी के पिता राकेश उर्फ राजू ने ही कहा कि सावित्री उनकी भाभी हैं। मिष्ठी उनके साथ खेलती रहती है। वह ऐसा नहीं करेंगी। मिष्ठी कहीं और से गायब होगी।

इसके बावजूद दो सिपाहियों को घर की छत पर चढ़ाया गया जिन्होंने अंदर पहुंचकर दरवाजा खोला। इसके बाद पुलिस ने अंदर घुसकर घर की तलाशी ली तो कुछ ही देर में बोरी में बंद मिष्ठी का शव मिल गया। बोरी ऊपर से खुली हुई थी। साफ अंदाजा हो रहा था कि बच्ची का शव कहीं ले जाकर ठिकाने लगाने के लिए बोरी में

- गांव में सिर्फ सावित्री के घर के दरवाजे मिले बंद तो पुलिस को हुआ शक
- पिता के रोकने के बावजूद पुलिस ने छत पर चढ़कर ली घर की तलाशी

### पति, देवर और ससुर की मौत के बाद बढ़ा तंत्रमंत्र की ओर रुझान

**बरेली,अमृत विचार :** इज्जतनगर थाना क्षेत्र के गांव शिकारपुर चौधरी में बच्ची का देर रात रिश्ते की ताई के घर शव बरामद हुआ। आशंका जताई जा रही है कि बच्ची की हत्या तंत्र क्रिया के लिए की गई होगी। हालांकि पुलिस गंगाराम और सावित्री से पूछताछ कर रही है। गांव के लोगों ने बताया कि सावित्री मूल रूप से झारखंड की रहने वाली है। चार साल पहले उसके पति राधेश्याम और तीन साल पहले देवर बाबूराम की मौत हो गई थी। उसके तीन बेटे हैं लेकिन वे काफी समय से गांव में नहीं रहते हैं। गांव वालों के मुताबिक परिवार में लगातार दो मौतों और बेटों के साथ न रहने से सावित्री का भरोसा तंत्र मंत्र में बढ़ गया था। उसके चचिया ससुर गंगाराम भी पड़ोस में ही रहता है और तंत्र मंत्र भी करता है। यह भी पता लगा कि गंगाराम पिछले साल ही रेलवे से सेवानिवृत्त हुआ था लेकिन फिर भी पांच महीने पहले उसने शादी की है। लोगों ने आशंका जताई कि गंगाराम ने सावित्री को मिष्ठी की हत्या के लिए उकसाया होगा।

रखा गया था। सावित्री के घर में शव मिलने के बाद गांव के लोग अवाक रह गए।

मिष्ठी का शव मिलते ही राजू राजपूत के घर में हाहाकर मच गया। वह मकान बनवाने का ठेका लेते हैं। उनके एक बेटा और दो बेटियां और हैं। एलकेजी में पढ़ने वाली मिष्ठी सबसे छोटी होने के कारण सभी की दुलारी थी। उसका शव देखकर उसकी मां पूजा और बाबा उमराय भी बेहाल हो गए। उमराय ने बताया कि मिष्ठी उनके साथ खाना खाकर बाहर खेलने गई थी। अगर उन्हें पता होता कि जिस सावित्री को वह अपनी मां से ज्यादा चाहती है, वह उसकी हत्या कर देगी तो वह उसे कभी नहीं भेजते।

> मामले में रिपोर्ट दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। फरार अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।
> –सुरेश चंद गौतम, थाना प्रभारी सीबीगंज

## त्योहारी सीजन में शहर में लग रहा जाम सड़क पर खड़े हो रहे ई-रिक्शा और ऑटो

**बरेली, अमृत विचार:** त्योहारी सीजन में शहर में जाम की समस्या और बढ़ गई है। जाम की प्रमुख वजह ई-रिक्शा और टेंपो हैं। शनिवार को भी शहामगंत चौराहा, नावल्टी चौराहा, बीसलपुर चौराहा पर जाम लगा।

शहामतगंज चौराहा पर शनिवार दोपहर ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के न होने की वजह से लोग गलत तरीके से वाहन मोड़ रहे थे। चौराहे पर ही कालीबाड़ी की तरफ दुकानों का सामान रखा था और आटो और


बीसलपुर चौराहे पर शनिवार शाम करीब 4 :14 बजे लगा जाम। ● अमृत विचार

ई-रिक्शा सवारी भर रहे थे, जिसकी वजह से बार-बार जाम लग रहा था। नकटिया के अजय और राजेश भी जाम में फंस गए। उन्होंने कहा कि ई-रिक्शा और ऑटो की वजह से जाम लगता है। कुतुबखाना पुल बनने के बाद भी नावल्टी चौराहा पर जाम लग रहा है। शनिवार को यहां भी ई-रिक्शा वालों के सड़क पर ही सवारी भरने की वजह से जाम लगा और एंबुलेंस भी फंस गईं।

### ट्रैफिक लाइट बन रही जाम का कारण

बीसलपुर चौराहा और सुरेश शर्मा नगर चौराहे पर ट्रैफिक लाइटें होने के बाद भी जाम जाम लग रहा है। रेड सिग्नल का समय 120 सेकंड है, जबकि ग्रीन सिग्नल सिर्फ 40 सेकंड का होता है, जिससे जाम लगता है। लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## इतने चेहरे थे, उसके चेहरे पर आईना तंग आकर टूट गया



**बरेली,अमृत विचार :** बज्मे रईस साहित्यिक संस्था की तरफ से मिनी बाईपास स्थित एक शादी हॉल में शनिवार देर रात उस्ताद शायर मरहूम रईस बरेलवी की याद में ऑल इंडिया मुशायरा व कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की सदारत शायर मंसूर उस्मानी और डॉ. हिलाल बदायूं की निजामत में हुआ। कार्यक्रम में रसाज ग्रुप मुंबई के अध्यक्ष रईस अहमद, बहेड़ी विधायक अताउररहमान और बरेली बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज हरित ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की। मुशायरा में रईस बरेलवी अवार्ड 2024 मशहूर शायर अजहर इनायती को दिया गया। मंसूर उस्मानी ने कहा कि इतने चेहरे थे, उसके चेहरे पर आईना तंग आकर टूट गया। अजहर नित ने कहा कि अपनी तस्वीर बनाओगे तो होगा एहसास कितना दुश्वार है खुद को कोई चेहरा देना। माजिद देवबंदी ने पढ़ा कि सामने तिजारत मेरा ईमान नहीं है, हर दर पर झुके सिर यह मेरी शान नहीं है। कुंवर जावेद ने पढ़ा गीत अमर कर दे ऐसा अल्फाज कहां से लाऊं सोच रहा हूं तुम जैसे मुमताज कहां से लाऊं। डॉ. जावेद नसीमी, अजहर रईस, अतहर बरेलवी एडवोकेट, मुजफ्फर रईस एडवोकेट, मखदूम बरेलवी, डॉ. अनवर वारसी, राहिल बरेलवी आदि शामिल रहे।

## दूसरे समुदाय के युवक ने किया दुष्कर्म का प्रयास, गिरफ्तार


**सीबीगंज,अमृत विचार :** सीबीगंज में दूसरे समुदाय के युवक ने युवती के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर तमंचे की बट मारकर घायल कर अपहरण करने की भी कोशिश की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मुख्य आरोपी पूर्व प्रधान के बेटे को गिरफ्तार कर लिया। एक गांव में शुक्रवार देर रात युवती अपने कमरे में सो रही थी। इसी दौरान चंद्रपुर काजियान गांव निवासी पूर्व प्रधान का बेटा जुबैर अपने तीन साथी के साथ युवती के घर के बाहर बाइक से पहुंचा। जुबैर दीवार फांदकर घर में घुसा और युवती को घर के बाहर ले आया और दुष्कर्म की कोशिश की।

## दरगाह पर शहीद बाबा के कुल में उमड़े अकीदतमंद



**बरेली, अमृत विचार :** खन्नू मोहल्ला स्थित दरगाह पर शहीद मर्द बाबा के उर्स में शनिवार के कार्यक्रम की शुरुआत कुरानख्वानी से हुई। सुबह 11 : 38 बजे कुल शरीफ की रस्म अदा की गई, जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। देश में अमन और भाईचारे के लिए दुआ की। दिनभर चादरपोशी का सिलसिला चलता रहा। नगर निगम के उपसभापति सर्वेश रस्तोगी, समाजसेवी पम्मी खां वारसी, हाजी उवैस खान और इंजीनियर अनीस अहमद खां की दस्तारबंदी कर सम्मानित किया गया। दरगाह के मुतवल्ली सय्यद मुदस्सिर अली, इरशाद बिट्टू शेरी सिरौली वाले,अय्यान और अरान,उवैसी बच्चा कव्वाल, फराज मियां कादरी, हाजी शाहबाज खान, हाजी मिर्जा अजहर बेग, बिलाल खान, इमरान खान, दानिश जमाल आदि मौजूद रहे।

## भाजपा नेताओं ने सक्रिय सदस्यता अभियान में ताकत झोंकी



**बरेली, अमृत विचार :** भाजपा नेताओं ने सक्रिय सदस्यता अभियान में ताकत झोंक दी है। इसमें सांसद और विधायक भी जुटे हुए हैं। इसी माह में सक्रिय सदस्यता अभियान के तहत हर बूथ पर पांच सदस्य बनाए जाने हैं। शनिवार को सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार और विधायक डॉ. एमपी आर्य ने नवाबगंज में जिला अध्यक्ष और जिला प्रभारी के पास फार्म जमा कर अपनी सक्रिय सदस्यता का नवीनीकरण कराया। इस मौके पर सांसद ने कहा कि भाजपा का हर एक कदम समाज के हर वर्ग की समृद्धि और विकास की दिशा में बढ़ रहा है। इस दौरान जिला प्रभारी चौधरी देवेंद्र सिंह, जिला अध्यक्ष पवन शर्मा, अभियान के जिला संयोजक सोमपाल शर्मा, अंकित शुक्ला, राहुल साहू आदि उपस्थित रहे।

## बिना लाइसेंस पटाखे बेचने वाले को भेजा जेल

**बरेली, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने आलमगिरीगंज में बिना लाइसेंस पटाखे बेचने वाले युवक को शनिवार को कोर्ट में पेश किया। यहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। एसआई वेद सिंह ने बताया कि शुक्रवार शाम वह टीम के साथ गश्त कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें आलमगिरीगंज में बाबूराम धर्मशाला मोड़ के पास शोभित अग्रवाल पटाखे बेचता दिखाई दिया। पूछने पर आरोपी न तो लाइसेंस दिखा सका न ही अनुमति पत्र। आरोपी के कब्जे से पटाखो बरामद किए। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अवैध रूप से दीपावली पर पटाखा बेचने के लिए लाया था। आरोपी को जेल भेज दिया गया।

## चोरी करने के दो आरोपी तमंचे के साथ गिरफ्तार

**बरेली, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने चोरी करने वाले दो आरोपियों को तमंचे के साथ इस्लामिया ग्राउंड से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि वह आकाश उर्फ मानी और गणेशनगर के रहने वाला टिंकू है। आरोपियों के कब्जे से दो कारतूस, तमंचे और 65सौ रुपये बरामद किए। कोतवाली प्रभारी दिनेश शर्मा ने बताया कि आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। आकाश उर्फ मानी पर दर्जनों रिपोर्ट दर्ज हैं।

## विद्युत विभाग के पावर स्टाफ को मिलेगा भत्ता

**बरेली, अमृत विचार :** जुलाई में विद्युत विभाग के सभी कर्मचारियों का वर्दी भत्ते का भुगतान किया गया था, लेकिन विद्युत विभाग के ही पावर संवर्ग के कर्मचारियों के वर्दी भत्ते का भुगतान छूट गया। नरमू के केंद्रीय अध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी ने मंडल रेल प्रबंधक व सीनियर डीपीओ इज्जतजतनगर से वार्ता कर वर्दी भत्ता लगवाने का अनुरोध किया। इस पर मंडल रेल प्रबंधक ने आश्वासन दिया कि इस माह के वेतन में वर्दी भत्ता दिया जाएगा। इस बार दिवाली से पहले अक्टूबर माह की सैलरी में लगकर आ गया है।


**महाराणा प्रताप उ.मा. विद्यालय अहियापुर, थाना बिथरी चैनपुर (बरेली)**

**नीलामी सूचना**

महाराणा प्रताप उ.मा. विद्यालय अहियापुर थाना बिथरी चैनपुर (बरेली) के परिसर में यूकेलिप्टस के दो (2) वृक्षों की नीलामी दिनांक 5 नवम्बर 2024 दिन मंगलवार को प्रात: 9:00 बजे होगी, वन एवं वन्य जीव प्रभाग बरेली के मूल्यांकन करवा लिया गया है। इच्छुक व्यक्ति व ठेकेदार सम्पर्क करें।

प्रसिद्धि नारायण वर्मा
(प्रधानाचार्य)
मो. 8433101904

**कार्यालय ग्राम पंचायत तिलियापुर, विकास खंड फतेहगंज पश्चिमी (बरेली)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मो व विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में ग्राम पंचायत तिलियापुर में मनरेगा योजना से निर्माण कार्य हेतु कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका सामग्री विवरण निम्नवत है- प्रथम श्रेणी ईट, सीमेंट, रेत, बजरी, बजरफुट, सरिया व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है आदि।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत |
|---|---|---|
| 1. | हफीजउद्दीन के घर से रियाजउद्दीन के घर तक सीसी व नाली निर्माण कार्य। | 305000 |
| 2. | खुशनवी के घर से अख्तर के घर तक नाली व सीसी निर्माण कार्य | 380000 |

उक्त कार्य हेतु सीलबंद निविदायें दिनांक 27.10.2024 से 04.11.2024 दोपहर 2 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिनांक 04.11.2024 को सायं 4 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष ग्राम पंचायत सचिवालय पर खोली जायेगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

रईसउद्दीन-प्रधान — आलोक यादव-सचिव

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता**
**बरेली वृत लो0नि0वि0, बरेली**

पत्रांक : 10211/141 सी0 (इं0टेण्डर)-3/24 दिनांक: 22.10.2024

**ऑन-लाइन निविदा आमंत्रण सूचना**

1- महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली के अंतर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ऑन लाइन ई-निविदा दिनांक 29/10/2024 से दिनांक 21/11/2024 की माध्यान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित कर दिनांक 21/11/2024 को अपरान्ह 12.30 बजे खोला जाना प्रस्तावित किया गया है:-

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | खण्ड का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0) | बिड सिक्युरिटी (लाख रू0) | टेण्डर फीस व स्टेशनरी जार्च+ जी0एस0टी0 | फर्म/ठेकेदारों की आवश्यक पंजीकरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | पुवायाँ-नाहिल-सिंधीपुर मार्ग (अ0जि0मा0) के चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण कार्य पर सड़क सुरक्षा का कार्य। (वित्तीय वर्ष 2024-25) | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0 वि0 शाहजहाँपुर | 48.38 | 4.42 | 2725.00 | ''ए'' श्रेणी मार्ग सुरक्षात्मक/ साइनेज |
| 2 | बिलसण्ठी खुर्द जेवा जसवन्तपुर महमूदपुर सहजनिया रघुनाथपुर गार्ग (लखीमपुर सीमा तक) के चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण कार्य पर सड़क सुरक्षा का कार्य। (वित्तीय वर्ष 2024-25) | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0 वि0 शाहजहाँपुर | 60.85 | 5.05 | 2725.00 | ''ए'' श्रेणी मार्ग सुरक्षात्मक/ साइनेज |

निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

(प्रकाश चन्द्र)
अधीक्षण अभियन्ता
बरेली वृत, लो0नि0वि0 बरेली

(महेन्द्र कुमार पाल)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0 वि0 शाहजहाँपुर

UP - 221435 दिनांक 25.10.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in, पर उपलब्ध है।

**कार्यालय-अधीक्षण अभियन्ता,**
**ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल बरेली**
पता:-निकट डी0एम0 कम्पाउण्ड, स्टेशन रोड, बरेली।

पत्रांक: 771/ग्रा0अ0वि0/निविदा-शाह0/ई-टेण्डर/2024-25/दिनांक:- 21.10.2024

**-:: ई-प्रक्योरमेन्ट सूचना ::-**

1. महामहिम श्री राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल बरेली के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 मे 'ए' एवं 'बी' श्रेणी भवन में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न बिल ऑफ क्वान्टिटी के अंकित दरों में जी0एस0टी0 के अतिरिक्त अन्य सभी कर सम्मिलित है, जी0एस0टी0 का भुगतान सरकार के निर्देशानुसार नियमानुसार अलग से किया जायेगा। निविदादाता निम्न कार्य के लिए निविदा डाल सकता है। निविदादाता से अपेक्षा की जाती है, कि निविदा डालने से पूर्व निविदा प्रपत्र मे अंकित एस0बी0डी0 के अन्तर्गत न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में शर्तो का भली-भाँति अध्ययन कर लें।

**2. कार्यो से संबंधित विवरण निम्नवत् है-**

| क्र0सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) जी.एस.टी. सहित | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र मूल्य+ स्टेशनरी+ जी0एस0टी0 रू0 में | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | शाहजहॉपुर | जनपद शाहजहाँपुर में राजस्व ग्रामों में सीमा स्तम्भों का निर्माण। | 91.82 | 1.84 | 2714.00 | 06 माह | श्रेणी 'ए' एवं 'बी' (भवन) |

3. वेब साइट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि:- 29.10.2024
4. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्ध की तिथि एवं समय - 29.10.2024 प्रात: 10:00 बजे से।
5. प्री-बिड मीटिंग की तिथि एवं समय- 30.10.2024 प्रात: 11:00 बजे।
बैठक हेतु स्थल- कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल-बरेली।
6. बिड डाक्यूमेन्ट डाउनलोडिंग प्रारम्भ करने की तिथि एवं समय- 29.10.2024 प्रात: 10:00 बजे से।
7. ई-निविदा के माध्यम से ई-निविदा डालने की प्रारम्भ तिथि- 29.10.2024 प्रात: 10:00 बजे से।
8. ई-निविदा के माध्यम से ई-निविदा डालने की अन्तिम तिथि एवं समय- 27.11.2024 दोपहर 04:00 बजे तक।
9. ई-निविदा के माध्यम से प्राप्त निविदा खोलने की तिथि एवं समय- 27.11.2024 सायं 04:30 बजे।
10. टेण्डर प्रक्रिया से पूर्व का कोई भी शपथ-पत्र मान्य नहीं होगा।
11. निविदा ऑनलाइन वेबसाइट http//etender.up.nic.in पर उपलब्ध होगी एवं इसी साइट पर डाली जाएगी।
12. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-10 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

(रवि कान्त वर्मा)
अधीक्षण अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग परिमण्डल-बरेली
राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से

UP - 221286 दिनांक 25.10.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in, पर उपलब्ध है।

**कार्यालय नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा, पीलीभीत**

पत्रांक : 78/न.पं.गु.भि./2024-25 दिनांक : 26.10.2024

**प्रेस विज्ञप्ति**
**(ODF++) घोषित किये जाने हेतु**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्र संख्या-23/न.पं. गु.भि./2024-25 दिनांक 22.06.2024 द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत क्षेत्र के समस्त 10 वार्डो के समस्त सम्मानित नागरिकों के बहुमूल्य प्रयासों से नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा के समस्त मानकों को पूर्ण करते हुए नगर क्षेत्र के समस्त 10 वार्डो को (ODF++) घोषित किया गया था, जिससे सम्बन्धित जनसाधारण से 15 दिवस के अन्दर आपत्ति/सुझाव मांगे गये थे जिसमें कोई आपत्ति/सुझाव प्राप्त नहीं हुई है।

अत: नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा को स्वत: (ODF++) घोषित किया जाता है। यदि कोई भी व्यक्ति खुले में कूड़ा डालते पाया जाता है तो उसके विरूद्ध एस. डब्लू.एम. 2016 के अन्तर्गत विधिक एवं दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा पीलीभीत।
अध्यक्ष, नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा पीलीभीत।

**कार्यालय नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा, पीलीभीत**

पत्रांक : 79/न.पं.गु.भि./2024-25 दिनांक : 26.10.2024

**प्रेस विज्ञप्ति**
**Garbage Free City (One Star)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्र संख्या-24/न.पं. गु.भि./2024-25 दिनांक 22.06.2024 द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत क्षेत्र के समस्त 10 वार्डो के समस्त सम्मानित नागरिकों के बहुमूल्य प्रयासों से नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा के समस्त मानकों को पूर्ण करते हुए नगर क्षेत्र को Gabage Free City (One Star) घोषित किया गया था, जिससे कोई आपत्ति/सुझाव प्राप्त नहीं हुई है।

अत: नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा को Gabage Free City (One Star) घोषित किया जाता है। यदि कोई भी व्यक्ति खुले में कूड़ा डालते पाया जाता है तो उसके विरूद्ध एस.डब्लू.एम. 2016 के अन्तर्गत विधिक एवं दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा पीलीभीत।
अध्यक्ष, नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा पीलीभीत।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मुड़िया भकिमपुर वि. खण्ड नवाबगंज, बरेली**

**निविदा सूचना**

मनरेगा योजना के कार्ययोजना वर्ष 2024-25 के अनतर्गत कार्य कराये जाने हेतु आवश्यक सामग्री सीमेन्ट, बालू, मिट्‌टी, सरिया, बजरफुट, रेता, ईट, रोड़ी, बजरी आदि की आपूर्ति कराये जाने हेतु अनुभवी संस्था के चयन हेतु निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदा की शर्ते एवं विवरण निविदा पत्र में अंकित है। निविदा के जी. एस.टी. फर्म का रजिस्ट्रेशन पैन कार्ड की प्रमाणित कॉपी संलग्न करनी होगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा। निविदा दिनांक 25.10.2024 से 27.10.2024 अपरान्ह 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जिसे उसी दिनांक 27.10.2024 सायं 4:00 बजे निविदादाताओं/उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | माप | अनु. लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | भगवान जी के घर से बिलासी राम के घर सी.सी. और नाली निर्माण | 160 मी. | 700000/- |
| 2. | देवदत्त के घर से लोकेश के घर तक सी.सी. और नाली निर्माण | 170 मी. | 700000/- |
| 3. | धाराजीत के घर से भीम सेन के घर तक सी.सी. और नाली निर्माण | 170 मी. | 700000/- |

भूपा देवी, प्रधान — राजपाल सिंह, सचिव

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
**प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बरेली**

पत्रांक : 5012/ई-टेण्डर/24-25 दिनांक 22.10.2024

**अल्पकालीन ऑन-लाइन निविदा आमंत्रण सूचना**

1- महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बरेली के अंतर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ऑन लाइन ई-निविदा दिनांक 29.10.2024 से दिनांक 12.11.2024 की मध्यान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित कर दिनांक 12.11.2024 को अपरान्ह 12:30 बजे खोला जाना प्रस्तावित किया गया है:-

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | खण्ड का नाम | लगत (लाख रू0) सिविल कार्य की लागत | 05 वर्ष अनुरक्षण की लागत | कुल अनुमानित लागत (4+5) | निविदा की धरोहर धनराशि (लाख रू0) | टेण्डर फीस व स्टेशनरी चार्ज+ जी0एस0टी0 (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | फर्म/ ठेकेदारों की आवश्यक पंजीकरण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | विशेष मरम्मत के अन्तर्गत गरगईया से चुरैलाडाम से हसनपुर सम्पर्क मार्ग की मरम्मत व सुधार कार्य। (05 वर्ष के अनुरक्षण सहित) | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 26.30 | 2.50 | 28.80 | 2.88 | 944.00 | तीन माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य) |

2- निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर स्वहपद किया जा सकता है।

(राजेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0बरेली

UP - 221404 दिनांक 25.10.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in, पर उपलब्ध है।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,**
**निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0,**
**लखीमपुर-खीरी**

पत्रांक- 1640/निविदा सूचना/2024-2025 दिनांक- 22.10.2024

**ई-प्रोक्योरमेण्ट नोटिस (अल्पकालीन)**

1. अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, लखीमपुर-खीरी द्वारा महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के श्रेणी ए,बी,सी,डी में पंजीकृत निविदाताओं से ई-टेडरिंग के माध्यम से जनपद लखीमपुर-खीरी में मार्ग निर्माण कार्य हेतु निम्नलिखित कार्य जिनकी निर्माण लागत सम्मुख अंकित है, प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित करते है।

| क्र0 सं0 | जनपद | कार्य का नाम | निविदा की लागत (रू0. लाख) | बिड सिक्योरिटी (रू0. लाख) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (समस्त करों सहित)(रू0.) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | विशेष मरम्मत के कार्य। | | | | |
| 1 | लखीमपुर - खीरी | जंगल नं0 10 सम्पर्क मार्ग के किमी0 1 से 2(700) में विशेष मरम्मत का कार्य। (बाढ़ से क्षतिग्रस्त) | 24.00 | 2.40 | Rs.944.00 | 02 माह |
| 2 | " | भोलापुरवा सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। (बाढ़ से क्षतिग्रस्त) | 6.00 | 0.60 | Rs.855.00 | 02 माह |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 29.10.2024 से 07.11.2024 तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 07.11.2024 को समय मध्यान्ह 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 07.11.2024 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी।
निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(के0के0 झा)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-1,लो0नि0वि0, लखीमपुर-खीरी

UP - 221398 दिनांक 25.10.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in, पर उपलब्ध है।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,**
**लघु सिंचाई खण्ड,बरेली**

पत्रांक 902/ल0सिं0/रेन0वाटर हार्वेस्टिंग/निविदा/ 2024-25 दिनांक 18.10.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या-12/2024-25**

महामहिम राज्यपाल महोदय,उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता,लघु सिंचाई खण्ड बरेली द्वारा जनपद बरेली में मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत शासकीय एवं अर्द्वशासकीय भवनों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना हेतु निम्न कार्यो को करने के लिए सिंचाई विभाग में पंजीकृत ठेकेदार/फर्म अथवा लघु सिंचाई विभाग में दो वित्तीय वर्षो का कार्य करने का अनुभव रखने वाले ठेकेदार/फर्म निविदा के लिए पात्र होगें, से मैन्यूअल विधि के माध्यम से प्रतिशत दर पर निविदायें स्थल के अनुमोदन की प्रत्याशा में आंमत्रित की जाती है।

**कार्य का विवरण**

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | कार्य की लागत | धरोहर धनराशि रूपये में | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0टी0 एवं स्टेश्नरी सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम डंडिया विकास खण्ड बिथरी चैनपुर के आगंनबाडी केन्द्र में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना। | 116219.00 | 12000.00 | 75+14+500=589.00 | एक माह |
| 2. | ग्राम भगवानपुर धीमरी विकास खण्ड बिथरी चैनपुर के पंचायत घर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना। | 171199.00 | 17500.00 | 75+14+500=589.00 | एक माह |

निविदा हेतु आवेदन पत्र नकद रू0 589.00 का शुल्क देकर अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से दिनांक 29.10.2024 से दिनांक 09.11.2024 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रात: 10:00 बजे सायं 05:00 तक प्राप्त किये जा सकते है। समस्त निविदा प्रपत्र दिनांक 11.11.2024 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से अपरान्ह 3:30 तक मुहरबन्द लिफाफे में (लिफाफे पर कार्य का कमांक एवं कार्य का नाम एवं निविदा संख्या सुस्पष्ट अंकित होनी चाहिए) अधोहस्ताक्षरी कार्यालय एवं अधीक्षण अभियन्ता,लघु सिंचाई वृत्त,बरेली कार्यालय में डाले जायेगें,डाली गयी समस्त निविदायें अधीक्षण अभियन्ता,लघु सिंचाई वृत्त,बी0डी0 कॉम्पलेक्स तृतीय तल प्रियदर्शनी नगर बरेली की अध्यक्षता में गठित समिति एवं उपस्थित निविदादाताओं/अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष दिनांक 12.11.2024 को प्रात: 11:00 बजे खोले जायेगें। उक्त तिथि में अवकाश घोषित होने पर कार्यवाही अगले कार्यदिवस में तत्समय की जायेगी। निविदा सम्बन्धी जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

UP - 221307 दिनांक 25.10.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in, पर उपलब्ध है।

अधिशासी अभियन्ता,
लघु सिंचाई खण्ड, बरेली

# पुलिस हिरासत में व्यापारी की मौत इंस्पेक्टर समेत पांच पर रिपोर्ट दर्ज

## परिजन का आरोप, पिटाई से हुई मौत, अस्पताल के पास प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** चिनहट पुलिस की हिरासत में व्यापारी मोहित पांडेय (30) की मौत हो गई। परिजन पुलिस पर पिटाई का आरोप लगा रहे हैं। पुलिस ने शुक्रवार देर रात को व्यापारी व उसके भाई को कर्मचारी से रुपये के लेन-देन के विवाद में पकड़ा था। पुलिस ने व्यापारी व उसके भाई पर शांति भंग की कार्रवाई करते हुए हवालात में बंद कर दिया।

व्यापारी की मौत की सूचना मिलते ही परिजन और करीबी लोहिया अस्पताल पहुंचे। जहां देर शाम सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी इंस्पेक्टर और आरोपी पुलिसकर्मियों के निलंबन की मांग कर रहे थे। वहीं देर रात इंस्पेक्टर अश्वनी चतुर्वेदी, आदेश समेत पांच के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है। चिनहट के जैनाबाद इलाके में मोहित पांडेय परिवारीजन के साथ रहता था। उनकी घर के पास ही स्कूल ड्रेस की दुकान थी। शुक्रवार रात को रुपये को लेकर मोहित और आदेश में विवाद हो गया था। दोनों पक्षों ने 112 पर इस संबंध में शिकायत की थी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम रात करीब 10 बजे मोहित और आदेश को चिनहट कोतवाली ले गई थी।



अस्पताल के बाहर प्रदर्शन करते लोग।

### थाने में पुलिस ने की थी पिटाई

भाई शोभाराम का आरोप है कि चिनहट पुलिस ने मोहित को बुरी तरह से पीटा। जिसके कारण उसकी हवालात में हालत बिगड़ गई। आरोप है कि पुलिस की पिटाई से शनिवार दोपहर मोहित की हालत इतनी खराब हो गई कि उसकी मौत हो गई। पुलिसकर्मी उसके साथ मोहित को पहले चिनहट सीएचसी ले गए। वहां से लोहिया अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# राज्य सरकार के ऊपर लगा 11 हजार का हर्जाना

**लखनऊ, अमृत विचार :** हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक जनहित याचिका में आदेश के बावजूद जवाब न दाखिल होने पर सख्त रुख अपनाते हुए राज्य सरकार पर 11 हजार रुपए का हर्जाना लगाया है। यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने अजीत कुमार सिंह की ओर से दाखिल एक जनहित याचिका पर पारित किया। याचिका पर पिछली सुनवाई के दौरान न्यायालय ने जवाब न दाखिल होने पर अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य व परिवार कल्याण के कार्यालय के किसी राजपत्रित अधिकारी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा हाजिर होने का आदेश दिया था। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में संयुक्त सचिव, चिकित्सा व स्वास्थ्य सेवा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा सुनवाई के दौरान उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना में फर्जीवाड़ा, सात गिरफ्तार

संवाददाता, बलरामपुर

- पूर्व से बने व अर्द्धनिर्मित मकानों की जियो टैगिंग से सरकारी धन की कर रहे थे बंदरबांट

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री आवास शहरी योजना में सेंधमारी करने वाली संस्था क्रिएटिव कंसोर्टियम के तीन कर्मियों व चार लाभार्थियों को नगर एवं उतरौला कोतवाली की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए कर्मचारी अर्द्धनिर्मित मकानों के स्थान पर पूर्व से निर्मित मकानों पर फर्जी जियो टैगिंग कर लाभार्थियों को अनुचित लाभ दिलाकर सरकारी धन की बंदरबांट कर रहे थे।

नगर कोतवाली पुलिस द्वारा पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान गोरखपुर के थाना खोराबार के ग्राम बड़गो निवासी कार्तिक मोदनवाल, थाना गौरा चौराहा के जैतापुर निवासी विजय कुमार यादव, बलरामपुर नगर के मोहल्ला गदुरहवा निवासी मोहम्मद वशीक, मोहम्मद समीर के तौर पर हुई है। उतरौला पुलिस ने कानपुर मार्ग लखनऊ निवासी अनिमेश तिवारी हाल पता सुभाषनगर उतरौला, आर्यनगर निवासी राहुल व रोहित सिंह को गिरफ्तार किया है। एसपी विकास कुमार ने बताया कि वादी मुकदमा संस्था क्रिएटिव कंसोर्टियम नीरज कुमार सिंह निवासी कीर्तिनगर नई दिल्ली ने बीते 24 अक्टूबर को नगर कोतवाली व उसके बाद उतरौला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप लगाया कि संस्था के कर्मियों व लाभार्थियों ने योजना के अंतर्गत अर्द्धनिर्मित मकानों के स्थान पर पूर्व से बने मकानों पर फर्जी जियो टैगिंग करते हुए कूटरचित अभिलेख भुगतान के लिए तैयार कर सरकारी धन का दुरुपयोग किया है। जांच में आरोप सही पाए गए। जिसके बाद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें गठित की गईं।

## सार-संक्षेप

### सांड़ के हमले में एक और किसान की मौत

**दातागंज, अमृत विचार :** सांड़ के हमले में हर महीने मौतें हो रही हैं। दातागंज क्षेत्र में एक और किसान की सांड़ के हमले में मौत हो गई। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। लोगों ने तहसील प्रशासन से छुट्टा सांड़ की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। कोतवाली दातागंज क्षेत्र में बरेली जाने वाले मार्ग पर गुरुवार शाम मोहल्ला गौस नगर निवासी लल्ला मियां (60) पुत्र अजीमउल्ली बाजार जाने के लिए घर से निकले थे। रास्ते में बरेली चौराहे पर रुक गए। जहां पीछे से आए सांड़ ने उन्हें उठाकर जमीन पर पटक दिया। कई बार सींघों से पटकने से वह उसी समय घायल हो गये। आसपास मौजूद लोगों ने सांड़ को भगाकर लल्ला मियां को बचाया। सूचना मिलने पर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। उन्हें बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां शुक्रवार देर रात उनकी मौत हो गई।

### इरफान सोलंकी मामले में सुनवाई अब 5 नवंबर को

**प्रयागराज, अमृत विचार :** कानपुर से समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक इरफान सोलंकी और उनके भाई रिजवान सोलंकी की सजा के खिलाफ अपील और जमानत पर सुनवाई उपचुनाव के कारण पूर्व निर्धारित तिथि से पहले यानी 5 नवंबर को सूचीबद्ध की गई है। दरअसल सोलंकी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर मामले पर जल्दी सुनवाई की मांग की थी। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट को मामले पर 10 दिन के अंदर सुनवाई का निर्देश दिया था। आदेश के परिप्रेक्ष्य में हाई कोर्ट में लिस्टिंग एप्लीकेशन डाली गई, जिस पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने जमानत पर सुनवाई के लिए पांच नवंबर की तिथि तय की है। जबकि पहले इस पर 6 नवंबर को सुनवाई होनी थी। मालूम हो कि सोलंकी बंधुओं पर कानपुर की एक महिला के घर पर कब्जा करने की नीयत से आगजनी करने के मामले में कोर्ट ने सात साल कैद की सजा सुनाई है, जिसे उन्होंने वर्तमान अपील में चुनौती दी है। सात साल की कैद की सजा को उम्रकैद में तब्दील करने की मांग में राज्य सरकार ने भी शासकीय अपील दाखिल की है। उक्त तिथि पर दोनों मामलों पर एक साथ सुनवाई होगी।

### बिलसंडा में एक करोड़ की जीएसटी चोरी पकड़ी गई

**पीलीभीत, अमृत विचार :** शहर के पुत्तन आतिशबाज के बाद जीएसटी चोरी से जुड़ा एक बड़ा मामला सामने आया है। जिसमें बिलसंडा के पंजा किराना स्टोर ने जीएसटी की चोरी की। सालाना 25 करोड़ के टर्नओवर था। इस साल के आठ करोड़ से अधिक के माल की बिक्री में महज 500 रूपये टैक्स नगद जमा किया गया। इसमें बड़े पैमाने पर जीएसटी चोरी निकलकर आ रही है। बता दें कि अभी दो दिन पहले ही बरेली की जीएसटी टीम ने शहर में पुत्तन आतिशबाज की दुकान पर छापा मारकर जीएसटी चोरी का बड़ा खेल पकड़ा था। अब एक अन्य सूचना के बाद बिलसंडा में पंजा किराना स्टोर में जीएसटी चोरी पकड़ी गई है। यहां पर बरेली की जीएसटी टीम ने शुक्रवार देर शाम छापा मारा।

### पकड़ी गई लेडी डॉन अन्नू धनखड़

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** जिस लेडी डॉन अन्नू धनखड़ को दिल्ली पुलिस ने पकड़ा है, वह शुक्रवार को न सिर्फ जिले की एसएसबी के हत्थे लगी थी, बल्कि खीरी पुलिस की निगरानी में भी रही। एसएसबी और पुलिस की चूक से वह यहां से निकल गई। युवती गैंगस्टर हिमांशु उर्फ भाऊ की सहयोगी है और दिल्ली के राजौरी गार्डन स्थित बर्गर किंग रेस्तरां में हुई अमन की हत्या में वांछित है। यह जानकारी होने पर खीरी पुलिस खुलासे का क्रेडिट हाथ से जाने पर माथा पीटती नजर आई। दिल्ली में बर्गर किंग रेस्त्रां में जून 2024 को अमन हत्याकांड हुआ था। इस मामले में मोस्ट वांटेड लेडी डॉन अन्नू धनखड़ को दिल्ली के साथ ही एक अन्य मामले में हरियाणा पुलिस तलाश रही थी। उसे शुक्रवार को नेपाल सीमा पर एसएसबी ने पकड़कर संपूर्णानगर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने उसे वन स्टॉप सेंटर लखीमपुर भेज दिया। दोपहर दो बजे तक पुलिस की निगरानी में रही। अन्नू का भाई विवेक उसे लेने लखीमपुर आया तो पुलिस ने उसकी सुपुर्दगी में दे दिया। वह अन्नू को लेकर चला गया, लेकिन देर शाम जब दिल्ली पुलिस द्वारा अन्नू धनखड़ को गिरफ्तार किए जाने की जानकारी हुई तो लखीमपुर खीरी पुलिस सकते में आ गई।

### 5 किशोरियां हुईं लापता, रिपोर्ट दर्ज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अलग-अलग थाना क्षेत्रों से 5 किशोरियां अचानक लापता हो गई हैं। किशोरियों के परिजनों ने संबंधित थानों में रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना नागफनी क्षेत्र में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 16 साल की बेटी 25 अक्टूबर को घर से कोचिंग सेंटर के लिए निकली थी, लेकिन घर वापस नहीं लौटी है। मझोला थाना क्षेत्र के लाकड़ी फाजलपुर से 15 वर्षीय किशोरी किराए पर रहने वाले जिला रामपुर निवासी 24 वर्षीय युवक के साथ 22 अक्टूबर की सुबह 10 बजे फरार हो गई। मझोला थाना क्षेत्र के जयंतीपुर क्षेत्र से 23 अक्टूबर की शाम 14 साल की किशोरी पड़ोस में ही बिजली का काम करने वाले युवक संदीप के साथ फरार हो गई। थाना बिलारी क्षेत्र के अंतर्गत 17 वर्षीय किशोरी गांव करसरा स्थित शादी समारोह में सहेलियों के साथ गई थी, जहां उसकी मुलाकात युवक जतिन से हुई और युवती उसके साथ फरार हो गई। वहीं, मैनाठेर इलाके से भी एक 15 साल की किशोरी फैक्ट्री में काम करने वाले युवक के साथ फरार हो गई हैं।

# बिलारी में मंदिर से लौट रहीं नाबालिग बहनों के अपहरण का प्रयास

संवाददाता, बिलारी (मुरादाबाद)

**अमृत विचार :** बिलारी कोतवाली क्षेत्र के स्योंडारा गांव में शनिवार की शाम शनि मंदिर से पूजा कर लौट रहीं दो नाबालिग बहनों को अज्ञात बाइक सवार उनके दादा से मिलवाने के बहाने अपने साथ ले गया। अनजान रास्ते पर ले जाते देखकर छोटी बहन शोर मचाने लगी तो बाइक सवार ने उसे रास्ते में ही छोड़ दिया और बड़ी बहन को अपने साथ ले गया। नाबालिग लड़की के अगवा होने की सूचना पर पुलिस सक्रिय हुई और तलाश शुरू कर दी। करीब डेढ़ घंटे के बाद बाइक सवार दूसरी किशोरी को भी संभल जिले में बेरनी गांव के पास छोड़कर भाग निकला। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

कोतवाली बिलारी क्षेत्र के स्योंडारा गांव की दो बहनें शनिवार शाम को शनि मंदिर से लौट रही थीं। रास्ते में बाइक सवार युवक मिला और बोला कि उनके बाबा पास के खेत में बुला रहे हैं। दोनों बहनें युवक के झांसे में आ गईं और बाइक पर बैठ गईं। युवक जब बाइक को गलत रास्ते पर ले जाने लगा तो छोटी बहन ने शोर मचाना शुरू कर दिया। इस पर बाइक सवार ने उसे उतार दिया और बड़ी बहन को साथ ले गया। छोटी बहन ने घर पहुंचकर परिजनों को जानकारी दी। परिजनों ने तत्काल 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी।

# इंडिगो में बम की सूचना जांच में निकली फर्जी

**लखनऊ, अमृत विचार :** चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट से शनिवार को बेंगलुरु जाने को तैयार इंडिगो एयरलाइंस के विमान में बम होने की सूचना हड़कंप मच गया आनन-फानन विमान को टैक्सी वे पर लाया गया और सीआईएसएफ के जवानों ने उसे अपने कब्जे में ले लिया। एयरपोर्ट अधिकारियों की सूचना पर पहुंचे बम निरोधक दस्ते ने विमान की बारीकी से जांच की। लेकिन जांच के दौरान बम निरोधक दस्ते को कोई वस्तु नहीं मिली। जिसके बाद विमान को बेंगलुरु के लिए रवाना कर दिया गया। एक पखवारे में चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट से उड़ाने भरने वाली तीन उड़ानों में बम होने की सूचना मिल चुकी है।

# यूपी एनसीसी फुटबाल में बरेली बनी चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी (टीएमयू) में यूपी डायरेक्टरेट इंटर ग्रुप फुटबाल चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला बरेली और वाराणसी-ए के बीच कांटे का रहा। आखिरकार बरेली की टीम ने 1-0 से वाराणसी-ए से चैंपियन ट्राफी छीन ली।

प्रारंभ से ही दोनों टीमें एक-दूसरे पर हावी रहीं। नतीजतन फर्स्ट हॉफ तक कोई भी टीम गोल नहीं दाग सकी, लेकिन सेकेंड हॉफ के 60वें मिनट पर बरेली की ओर से अर्नव श्रीवास्तव ने गोल दागकर मैच को रोमांचक बना दिया, लेकिन वाराणसी-ए की टीम अंत तक एक भी गोल नहीं दाग सकी। इससे पूर्व मुख्य अतिथि टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन, ग्रुप कमांडर, बरेली कर्नल एसएस गुलेरिया आदि मेहमानों को एनसीसी कैडेट्स ने सलामी दी। इन मेहमानों ने विजेता टीम बरेली को चैंपियन ट्राफी, जबकि उपविजेता टीम वाराणसी-ए को रनर अप शील्ड के अलावा शेष सभी खिलाड़ियों को मेडल से नवाजा। प्रतियोगिता में सर्वाधिक गोल करने का खिताब कानपुर के सुधांशु कुमार, बेस्ट गोलकीपर का खिताब वाराणसी-ए के आदर्श कुमार और बेस्ट डिफेंडर का खिताब बरेली के प्रियांशु कुमार ने नाम रहा। गोरखपुर के आनंद को बेस्ट स्ट्राइकर के टाइटल से नवाजा गया।



ट्रॉफी के साथ विजेता बरेली की टीम। ● अमृत विचार

# उप चुनाव: भाजपा-सपा में सीधे मुकाबले के आसार

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद हो रहे 9 सीटों के उप चुनाव पर प्रदेशभर की निगाहें है। दिलचस्प है कि अब दोनों तरफ पीडीए की लड़ाई है। एक तरफ पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक हैं तो दूसरी तरफ पिछड़ा. दलित और अगड़े। हरियाणा की तरह नया प्रयोग हक में आया तो वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव की रणनीति इसी तर्ज पर आगे बढ़ेगी। बसपा भी अपने पुराने फार्मुले से मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने के साथ कई सीटों पर प्रत्याशियों का समीकरण बिगाड़ती दिख रही है।

नामांकन के बाद शनिवार से प्रत्याशियों का प्रचार जोर पकड़ चुका है। एनडीए के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय नेतृत्व और संघ की प्रतिष्ठा भी दांव पर है। दूसरी ओर, पूर्व मुख्यमंत्री सपा प्रमुख अखिलेश यादव, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी समेत दोनों दलों के दिग्गजों की टीम लोकसभा जैसा परिणाम देकर चौंकाने की रणनीति पर मैदान में डटी है। मायावती भी अपना दम दिखाने में जुटीं हैं।

### बसपा-आसपा व ओवैसी के साथ रिश्तेदार फैक्टर भी हावी

उप चुनाव में चार फैक्टर की चर्चा शुरू हो गई है। भाजपा इन्हें अपने पक्ष में मान रही तो, विपक्ष मतदाताओं को सतर्क करने में वोटकटवा जैसे शब्द का प्रयोग भी शुरू कर दिया है। इसके लिए असदुद्दीन ओवैसी पहले से बदनाम रहे हैं। इसबार भी उनकी पार्टी एआईएमआईएम से मैदान में मीरापुर से अरशद राणा और कुंदरकी से मोहम्मद वारिस को उतारकर हर एक वोट से इंडी खेमा के लिए चुनौती पेश कर रहे हैं। मीरापुर में सपा के सुम्बुल राणा के लिए बसपा के शाह नजर व आसपा के जाहिद हुसैन को भी नुकसान माना जा रहा है। हालांकि एनडीए से रालोद प्रत्याशी मिथलेश पाल की चुनौतियां भी कम नहीं है। इसी तरह कुंदरकी में भाजपा के रामवीर सिंह ठाकुर को वोट बैंक के सहारे कड़ी चुनौती दे रहे सपा के हाजी रिजवान को बसपा के रफतउल्ला और आसपा से हाजी चांद बाबू को भी मिलने वाले हर एक परेशान करने वाला होगा। जबकि बसपा ने अंबेडकरनगर की कटेहरी सीट से जितेंद्र वर्मा को उतारकर अपने पुराने दिग्गज नेता लालजी वर्मा के सपा सांसद बनने पर उनकी विरासत संभालने उतरीं पत्नी शोभावती की मुश्किलें बढ़ा दी है।

# वक्फ संशोधन बिल के विरोध में जमीअत का 3 को दिल्ली में मोर्चा

जमीर सिद्दीकी, कानपुर

**अमृत विचार :** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड कभी अवाम के बीच नहीं जाता था लेकिन वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ जनता को जागरूक करने के लिए मैदान में है।

अब जमीअत उलमा हिंद की अगुवाई में 3 नवंबर को इंदिरा गांधी इनडोर स्टेडियम, नई दिल्ली मे सुबह 10 बजे से अधिवेशन होने जा रहा है। इसमें कानपुर से बड़ी संख्या में लोग जाएंगे। जमीअत उलमा हिंद के कार्यवाहक प्रदेश महामंत्री शहरकाजी मौलाना हाफिज अब्दुल कुद्दूस हादी ने कानपुर आए पर्सनल लॉ बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना खालिद सैफ उल्लाह रहमानी से भेंट करके वक्फ संशोधन बिल का विरोध तेज करने पर मंथन किया। शहरकाजी ने बताया कि 3 नवंबर के कार्यक्रम में जमीअत उलमा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी भी शिरकत करेंगे।

## उत्तराखंड

# उत्तरकाशी में बवाल के बाद तीसरे दिन खुले बाजार, तीन गिरफ्तार

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** उत्तरकाशी में पथराव और लाठीचार्ज की घटना के बाद तीसरे दिन शनिवार को बाजार खुले। वहीं काली कमली धर्मशाला में बैठक व प्रेसवार्ता करने पर पुलिस ने तीन लोगों को धारा 163 का उल्लंघन करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। ये तीनों बवाल करने वालों में भी शामिल हैं।

शहर की एक मस्जिद हटाने को लेकर गुरुवार को खासा विवाद हुआ था। इस मुद्दे को लेकर एक धार्मिक संगठन ने जनाक्रोश रैली का आयोजन किया था। जिसे पुलिस-प्रशासन ने हल्के में लिया रैली के दौरान प्रदर्शनकारियों ने जमकर बवाल किया था। पथराव, लाठीचार्ज के के चलते खूब हंगाम हुआ। इस मामले में पुलिस ने आठ लोगों को नामजद करते हुए 200 अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बवाल के बाद तीसरे दिन उत्तरकाशी व आसपास के बाजार खुले।

इधर, काली कमली धर्मशाला में जनाक्रोश रैली निकालने वाले धार्मिक संगठन के तीन पदाधिकारियों जितेंद्र सिंह, सोनू नेगी व सूरज डबराल ने शनिवार को बैठक कर प्रेस वार्ता आयोजित की थी। पुलिस ने इसे धारा 163 के उल्लंघन का मामला मानते हुए तीनों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए तीनों लोग बवाल के मामले में दर्ज मुकदमे में भी नामजद हैं।



उत्तरकाशी में पुलिस की गाड़ी में बैठा पकड़ा गया आरोपी।

- धारा 163 के उल्लंघन का आरोप तीनों बवाल करने वालों में भी शामिल

# सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों में ढिलाई पर सैलरी रोकी

**देहरादून, अमृत विचार :** सीएम हेल्पलाइन में दर्ज जन शिकायतों का समय से निस्तारण नहीं होने पर पौड़ी के जिलाधिकारी आशीष चौहान ने सख्त नाराजगी जताई है। उन्होंने एसडीएम कोटद्वार, डीपीआरओ, डीएफओ लैंसडाउन और चिकित्सा अधिकारी (पशुपालन) की दीवाली से पहले सैलरी रोकने के निर्देश दिए हैं। वहीं, राजस्व विभाग, ऊर्जा विभाग, लोक निर्माण विभाग, पेयजल विभाग और ग्राम्य विकास विभाग समेत 21 विभागों के अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। विभिन्न विभागों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी आशीष चौहान ने यह निर्देश दिए। खनन अधिकारी का नियमित रूप से निरीक्षण नहीं करने पर स्पष्टीकरण मांगा है।

# बिलासपुर में जमीन बताकर की 6 करोड़ की धोखाधड़ी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** आवास विकास के रहने वाले एक ठेकेदार को खुद की जमीन बताकर करोड़ों की धोखाधड़ी किए जाने का मामला सामने आया है। जब पड़ताल की तो पता चला कि यूपी में स्थित जमीन आरोपी के सगे चाचा की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आवास विकास निवासी अभय कुमार गोयल ने बताया कि वह निर्माण कार्यों का ठेकेदार है और अपने बेटे पारस गोयल और पार्टनर राजीव सिंघल के साथ मिलकर जमीन की खरीद-फरोख्त भी करते हैं। इसी दौरान उनकी मुलाकात तजिंदर सिंह बाजवा निवासी ग्राम टैमरा फार्म बिलासपुर यूपी और करनाल हरियाणा निवासी पवनिंदर सिंह वासन ने गांव टैमरा में 8.33 एकड़ भूमि बेचने का प्रस्ताव रखा। बातचीत के दौरान सौदा बना तो आरोपियों ने 1.10 करोड़ रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से सौदा किया और बयाना 10 लाख भी ले लिए। 6 सितंबर से मार्च 2024 तक 6.7 करोड़ की धनराशि का भुगतान कर दिया। आरोप था कि जब तजिंदर सिंह और पवनिंदर सिंह वासन से रजिस्ट्री करने की बात कही। पवनिंदर ने जमीन को चाचा की बेटियों के नाम होना बताया। साथ ही आश्वासन दिया कि वह जमीन खरीद में पार्टनर बन जाएगा और जल्द ही भूखंड की रजिस्ट्री करवा देगा। कई माह बीत जाने के बाद भी जमीन की रजिस्ट्री और धनराशि वापस नहीं कि तो अप्रैल माह में दोनों आरोपियों ने धमकी देनी शुरू कर दी। संदेह होने पर पड़ताल की तो पता चला कि पवनिंदर ने अपने रिश्तेदारों के नाम भूमि कर दी है। शिकायतकर्ता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

### साजिश के तहत हड़पे करोड़ों रुपये

**रुद्रपुर :** हरियाणा करनाल निवासी पवनिंदर सिंह की बिलासपुर में आना जाना था और तजिंदर सिंह बाजवा के माध्यम से ही दोनों ने निर्माण कार्य ठेकेदार से मुलाकात की। खुद ही टैमरा गांव की जमीन बेचने का प्रस्ताव रखा। आरोपियों को पता था कि ठेकेदार जमीन की खरीद फरोख्त करता है। यही कारण है कि दोनों ने बड़ी सोची समझी साजिश के तहत धोखाधड़ी का खेल रचा।



### खालिस्तानी आतंकियों की दी धमकी

**रुद्रपुर।** शिकायतकर्ता अभय कुमार गोयल का आरोप था कि जब धोखाधड़ी की भनक लगी तो उसने छह करोड़ वापस करने का दबाव बनाया। आरोप था कि आरोपी तजिंदर सिंह बाजवा और पवनिंदर सिंह वासन ने बेटे व पार्टनर को धमकाते हुए कहा कि उसके कनाडा के खालिस्तानी आतंकवादियों से ताल्लुक हैं और पूरे परिवार की हत्या करवा दूंगा। साथ ही अभद्रता करते हुए रकम वापस नहीं करने की बात कही। पीड़ित ने जानमाल का भी खतरा बताया है।

# उप डाकघर में 32 लाख का गबन ग्रामीण डाक सेवक गिरफ्तार

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार:** कांडा थाना अंतर्गत सिमगढ़ी उपडाकघर में विभागीय जांच में प्रथम दृष्टया 32 लाख रुपये से अधिक के घोटाले की पुष्टि हुई है। बागेश्वर डाकघर निरीक्षक की ओर से दर्ज मुकदमे में पुलिस ने आरोपी ग्रामीण डाकसेवक सुरेंद्र सिंह पंचपाल को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोडके ने अपने कार्यालय में पत्रकार वार्ता में बताया कि सिमगढ़ी कमेड़ीदेवी में ग्रामीण डाकसेवक पर घोटाले के आरोप के बाद विभागीय स्तर पर जांच की गई थी। शनिवार को बागेश्वर डाकघर के निरीक्षक अनिल कुमार व्यास ने कांडा पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई। रिपोर्ट के मुताबिक कमेड़ीदेवी के पूर्व शाखा डाकपाल सुरेंद्र सिंह पंचपाल पुत्र गोवर्धन पंचपाल ने अपनी नियुक्ति के बाद से ही खाताधारकों के साथ धोखा किया तथा 59 खाता धारकों के 25 लाख 66 हजार 9 सौ 50 रुपये गबन कर लिए। साथ ही सिमगढ़ी डाकघर में रखे 7,1855 रुपये कम पाए गए। जांच में कुल 32 लाख अढ़सठ हजार आठ सौ पांच रुपये का गबन सामने आया है।

# पनीर से भरे पांच ड्रम पकड़े

**बाजपुर, अमृत विचार:** दीपावली पर्व पर मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए जारी अभियान के तहत शनिवार की प्रातः सात बजे दोराहा पुलिस चौकी प्रभारी रमेश चंद्र बेलवाल ने पुलिस टीम के साथ चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान ई-रिक्शा में टांडा रामपुर उत्तर-प्रदेश से लाया जा रहा पनीर से भरे पांच ड्रम पकड़ लिए। ड्रमों से करीब ढाई क्विंटल पनीर बरामद हुआ है।

पुलिस की सूचना पर पहुंचे खाद निरीक्षक पवन कुमार ने पनीर के आठ सैंपल भरे और एक व्यक्ति को कड़ी हिदायत देकर छोड़ दिया गया।

# नौकरी दिलाने के नाम पर ठगे 8.50 लाख

संवाददाता, अल्मोड़ा

- पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पर दर्ज किया मुकदमा

**अमृत विचार :** सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर आठ लाख 85 हजार रुपये ठगी का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं, पुलिस अब जांच में जुट गई है।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार देघाट थाना क्षेत्र निवासी युवक मनीष कुमार ने पुलिस में तहरीर सौंपी है। कहना है कि उन्होंने सिविल इंजीनियरिंग से डिप्लोमा किया है। बताया कि नवंबर 2023 उनका परिचय एक जानने वाले व्यक्ति के माध्यम से गिरीश चंद्र मिश्रा, जिला नैनीताल से हुई। जिसके बाद आरोपी ने उनसे जान पहचान बढ़ाई, फोन पर लगातार वार्ता की। आरोप है कि इस बीच आरोपित ने बताया कि उत्तराखंड सचिवालय में कार्यरत है, और कई लोगों की नौकरी लगा चुका है। इसके बाद आरोपी ने वीडियों कॉल के माध्यम से कई घंटे वार्ता की और उसे अपने जाल में फंसा लिया। बताया कि इस बीच आरोपी ने बताया कि एक आइएएस से अच्छे संबंध है, वह उनकी नौकरी कनिष्ठ अभियंता (जेई) के पद पर लगा देगा। फोन पर पैसो की डिमांड करने लगा। बताया कि झांसे में आकर उन्होंने अपनी बहन के खाते से आरोपी के खाते में 8 लाख 50 हजार रुपये भेज दिए। बताया कि इसके बाद फरवरी में जेई का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। लेकिन इसमें उनका चयन नहीं हुआ। इसके बाद उन्होंने पैसे वापस मांगे। जिसके बाद आरोपी ने उन्हें एक सप्ताह का समय मांगा। लेकिन आज तक उन्हें उनकी धनराशि वापस नहीं दी। जबकि अब पैसे मांगने पर आरोपी उन्हें धमका रहा है।

# आठवीं की छात्रा से दुष्कर्म में आरोपी युवक गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** प्यार के जाल में फंसा कर एक युवक ने कक्षा आठ की छात्रा से दुष्कर्म किया। मामला खुला और जब परिजनों ने विरोध किया तो छात्रा भाग कर प्रेमी के पास दिल्ली पहुंच गई। पुलिस ने दोनों को किसी तरह दिल्ली से बुलाया तो पता लगा कि छात्रा दो माह के गर्भ से है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

हरिपुर शिवदत्त बरेली रोड निवासी संजय पाल (20 वर्ष) पुत्र रामस्वरूप टीपीनगर चौकी क्षेत्र में अपने रिश्तेदार की चिकन शॉप में काम करता था और यहीं रहता था। चिकन शॉप के पास ही कक्षा आठ में पढ़ने वाली 14 वर्षीय किशोरी अपने परिवार के साथ रहती है। बताया जाता है कि संजय की छात्रा से दोस्ती हो गई और प्यार के जाल में फंसा कर उसने छात्रा से दुष्कर्म किया। कुछ समय बाद ही दोस्ती का राज खुल गया। छात्रा की मां को पता लगा तो उसने बेटी का मोबाइल छीन लिया और सिम तोड़ कर फेंक दिया। साथ ही संजय के घर वालों को भी इसकी जानकारी दी।

### आठवां दीपोत्सव : राम की पैड़ी के घाटों पर विधि-विधान से शुरू हुआ काम, निगरानी के लिए घाट प्रभारी तैनात

# घाटों पर सजने लगे दीए, पहले दिन बिछाए गए पांच लाख

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राम की पैड़ी के सरयू घाट पर शनिवार से घाटों पर दीए बिछाने का काम सुबह 11 बजे से शुरू हुआ। पहले दिन आठ हजार स्वयंसेवकों ने 54 घाटों पर पांच लाख दीपक बिछाए। इस दौरान स्वयं सेवकों का उत्साह सरयू की लहरों से ऊंचा दिखाई दिया। आठ-आठ स्वयं सेवकों की जोड़ी हर ब्लॉक में 256 दीए बिछाते मिली।



सरयू घाट पर दीए बिछातीं स्वयंसेविकाएं ● अमृत विचार

दिव्य दीपोत्सव के लिए घाट के प्रभारियों के संयोजन में सरयू नमन और मंत्रों के उच्चारण के साथ दिये बिछाने का काम शुरू हुआ। 'अमृत विचार' की टीम को स्वयं सेवक तन्मयता के साथ दीपक बिछाने में जुटे दिखे। छात्राओं में एक अलग ही उल्लास दिखा। पैकिंग से पांच-पांच दिये निकालकर एक-एक कर घाट पर बनें ब्लॉक में सजा रहीं थीं। बीच-बीच में घर फोन कर बता भी रहीं थीं कि अब तक इतने दीए बिछा लिए है।

राम की पैड़ी पर विचरण कर रहे श्रद्धालु और लोग भी अपना कौतुहल नहीं रोक पा रहे थे। बस्ती की निर्मला देवी ने पूछा बेटा दीपक कब जलेंगे, स्वयं सेवकों ने बताया कि 30 अक्टूबर को, बोलीं मौका मिला तो आऊंगी। महाराष्ट्र से आए कुमुद कुमार ने कहा कि घाटों पर सजते दीए देख कर अच्छा लग रहा है। जब यह प्रज्वलित होंगे तब अनूठा दृश्य होगा। दीपोत्सव के नोडल अधिकारी प्रो. एसएस मिश्र ने बताया कि भजन संध्या स्थल के एक घाट को छोड़कर सभी 54 घाटों पर पहले दिन पांच लाख दीपक बिछाए गए हैं।

## फूलों की लड़ियां और लाइटों से सजेगा रामपथ

**अयोध्या, अमृत विचार :** आठवें दीपोत्सव को लेकर अयोध्या को फूल और लाइटों से सुसज्जित किया जा रहा है। सरयू घाट हो या मठ मंदिर सभी स्थल जगमग लाइटों से प्रकाशमान हो रहे हैं। स्थानीय निवासी, साधु-संत समेत सभी को दीपोत्सव से जोड़ने की तैयारी की जा रही है। महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने शनिवार को बताया कि संपूर्ण रामपथ को फूलों और दीयों से सजाने का कार्य किया जाएगा। यहां के व्यापारी और स्थानीय निवासी मुख्य मार्ग पर बने फुटपाथ को बड़े ही सुंदर ढंग से सजाने जा रहे हैं। बड़ी मात्रा में फूलों की लड़ियां पथ पर लगे रेलिंग पर लगाई जाएंगी। लेजर शो के लिए तैयारी का ट्रायल भी लिया गया।



लेजर शो की तैयारी का किया गया ट्रायल। ● अमृत विचार

## वर्ल्ड गिनीज बुक की टीम पहुंची, तीन चरणों में गिनेगी दीए

**अयोध्या, अमृत विचार :** राम की पैड़ी पर दीपकों की गणना करने के लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड की टीम कंसल्टेंट व गणना टीम के प्रमुख निश्चल बरोट टीम के साथ अयोध्या पहुंच चुकी है। टीम ने राम की पैड़ी के घाटों पर भ्रमण कर तैयारियां भी देखीं। उन्होंने बताया कि इस बार दीए अधिक हैं। इसलिए 400 लोगों की टीम को उतारा गया है। तीन चरणों में काउंटिंग होगी। अंतिम बार ड्रोन से वीडियो शूट कर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) सॉफ्टवेयर की मदद से दीपों की गिनती कर नतीजे जारी किए जाएंगे। निश्चल बरोट ने बताया कि सबसे अधिक समय ड्राई दीपों को गिनने में लगता है। 29 की शाम तक सूखे दीपों की गिनती पूरी कर ली जाएगी। 30 को एक बार दीए जलाने के बाद गिनती होगी। हमारे तीन कॉमर्शियल ड्रोन 10 मिनट में गिनती करते हैं। इसके बाद हमारा सॉफ्टवेयर तत्काल रिजल्ट दे देता है। उन्होंने ने बताया कि पिछली बार दीए कम थे। हमारी टीम के 20 लोग ही आए थे। इस बार 30 लोगों की टीम आई है।

# रुपये लेने का प्रमाण दिखाएं तो राजनीति छोड़ दूंगा: डॉ. निषाद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** निषाद पार्टी के अध्यक्ष व मत्स्य विकास मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने कहा कि अगर रुपये लेने का कोई साक्ष्य किसी के पास है तो उनके सामने लाया जाय तो वह राजनीति छोड़ देंगे। उन्होंने शनिवार को उपचुनाव में सीट के बदले 10 लाख रुपये लेने के आरोपों का खंडन किया।



मत्स्य विकास मंत्री ने कहा कि टिकट देना भाजपा का काम है। आरोप लगाने वाले हरिशंकर बिंद के संबन्ध में उन्होंने कहा कि वह कभी भी निषाद पार्टी में नहीं रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि बिंद ने पूर्व सांसद फूलन देवी की संपत्ति पर कब्जा कर लिया है। सपा सरकार में बिंद ने नौकरी दिलाने के नाम पर निषाद व बिंद समाज के युवकों से रुपये वसूले थे।

मालूम हो कि उपचुनाव में एनडीए की विश्वसनीय सहयोगी होने के बाद भी निषाद पार्टी को सीट नहीं मिली। सीट पाने से वंचित रहने पर संजय निषाद ने बीते दिन कहा था कि उन्हें एनडीए की जीत चाहिए, सीट नहीं। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के साथ साझा प्रेस वार्ता में उन्होंने किसी भी तरह की नाराजगी से इन्कार किया था।

उनका कहना था कि कई बार देश, राज्य और समाज के हित में बड़े और कड़े फैसले लेने पड़ते हैं। उनके समाज के लोगों को आरक्षण चाहिए, जिसे भाजपा ने दीपावली के बाद इस पर गंभीर पहल का भरोसा दिलाया है। इसके बाद उन पर टिकट को लेकर आरोप लगने शुरू हो गए।

## संजय निषाद पर की जाय कार्रवाई-अमिताभ ठाकुर



आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व आईजी अमिताभ ठाकुर ने विधानसभा उपचुनाव में टिकट के नाम पर दो करोड़ की मांग प्रकरण में चर्चा में आए मंत्री संजय निषाद पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने इस सिलसिले में भारत निर्वाचन आयोग को पत्र भेजा है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई की मांग की गई है। निर्वाचन आयोग को भेजी गई अपनी शिकायत में उन्होंने निषाद पार्टी के नेता हरिशंकर बिंद के आरोपों का उल्लेख किया है।

# अखिलेश, डिंपल और शिवपाल यादव समेत 40 नेता बने सपा के स्टार प्रचारक

### प्रचारकों में जेल में बंद आजम खान का नाम शामिल होने से तरह-तरह की चर्चाएं शुरू

राज्य ब्यूरो लखनऊ

**अमृत विचार:** राज्य में नौ विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव में मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए सपा ने 40 स्टार प्रचारकों के नाम की घोषणा कर दी है। शनिवार को घोषित नामों में सपा प्रमुख अखिलेश यादव, सांसद रामगोपाल यादव, राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव, सांसद डिंपल यादव और आजम खान का नाम शामिल है। प्रचारकों में जेल में बंद आजम खान का नाम शामिल होने से तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं हैं।

सपा के स्टार प्रचारकों में अखिलेश यादव, . प्रो. रामगोपाल यादव, मोहम्मद आजम खां, डिंपल यादव, जया बच्चन, शिवपाल सिंह यादव, रामजी लाल सुमन, श्याम लाल पाल, बाबू सिंह कुशवाहा,









लालजी वर्मा, हरेंद्र मलिक, अवधेश प्रसाद, नरेश उत्तम पटेल, इंद्रजीत सरोज, माता प्रसाद पांडेय, विशम्भर प्रसाद निषाद, राम अचल राजभर, ओम प्रकाश सिंह, कमाल अख्तर, शाहिद मंजूर, रामगोविंद चौधरी, लालबिहारी यादव, जावेद अली खान, राजाराम पाल, महबूब अली, जियाउर्रहमान बर्क, देवेश शाक्य, रामआसरे विश्वकर्मा, रमेश प्रजापति, किरनपाल कश्यप, राम औतार सैनी, रेखा वर्मा, त्रिभुवन दत्त, अतुल प्रधान, मिठाईलाल भारती, आबिद रजा, संजय कविता, राजपाल कश्यप, मो. शकील अहमद और जुगुल किशोर वाल्मिकी शामिल हैं। मालूम हो कि नौ विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव में 13 नवंबर को मतदान होगा, जबकि 23 नवंबर को मतगणना उपरांत परिणाम घोषित किए जाएंगे।

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी का कहना है कि आजम खान सजायाफ्ता है, चुनाव नहीं लड़ सकते पर उनसे प्रचार करने की मंशा सपा की है। जेल में बंद अपराधी, माफिया, गुंडे बदमाश सपा के साथ न आए तो सपा चुनाव नहीं जीत सकती है। जो अपराधी जेल में बंद है प्रचार के लिए बाहर नहीं आने वाले है।

## योगी संभालेंगे उप चुनाव की कमान

**अमृत विचार, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उप चुनाव में भाजपा के स्टार प्रचारक होंगे। इसके अलावा उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी व संगठन महामंत्री धर्मपाल विभिन्न सीटों पर चुनाव प्रचार करेंगे। प्रचार के लिए पार्टी ने फिलहाल बाहर से किसी बड़े नेता को नहीं बुलाया है। मुख्यमंत्री ने 30 मंत्रियों 13 कैबिनेट व 17 राज्य मंत्री को पहले ही प्रभारी के तौर पर चुनाव क्षेत्रों में उतार रखा है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री की हर क्षेत्र में दो रैली कहां-कहां होगी, इसके लिए प्रत्याशियों से स्थान व तिथियों की जानकारी मांगी गई है।



# नर्स के हाथ बांधे, मुंह में कपड़ा ठूंसकर किया सामूहिक दुष्कर्म

संवाददाता, बरगढ़ (चित्रकूट)

- घर से अस्पताल जाते समय जंगल की झाड़ियों में घसीट ले गए शोहदे

**अमृत विचार :** साइकिल से निजी अस्पताल जा रही 23 वर्षीय नर्स को शोहदे जंगल की झाड़ियों में घसीट ले गए। हाथ बांधकर और मुंह में कपड़ा ठूंसकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। घटना के बाद बदहवास युवती रेलवे ट्रैक के पास पहुंची, जहां गैंगमैन ने उसके हाथ खोले और पुलिस व परिजनों को सूचना दी। पीड़िता को गंभीर हालत में प्रयागराज में भर्ती कराया गया है। पिता ने गैंगरेप का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है।

बरगढ़ थाना क्षेत्र की युवती घर से 10 किमी दूर एक निजी अस्पताल में नर्स का काम करती है। शनिवार को वह रोज की तरह सुबह करीब पौने नौ बजे साइकिल से अस्पताल के लिए निकली थी। साढ़े नौ बजे उन्हें सूचना मिली कि बेटी बदहवास हालत में रेलवे ट्रैक पर मिली है। पीड़िता ने बताया कि ड्यूटी पर जाते समय पीछा कर रहे युवक ने बाइक से रास्ता रोककर उसे साइकिल से गिरा दिया। इस बीच दो-तीन युवक और आ गए। उन्होंने दुपट्टे से हाथ बांध दिए और मुंह में उसका ही अंडरगार्मेंट ठूंस दिया। इसके बाद सामूहिक दुष्कर्म किया। एसओ बरगढ़ राकेश मौर्या ने बताया कि अज्ञात लोगों के विरुद्ध दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज की गई है। युवती की मेडिकल रिपोर्ट का इंतजार है। एसपी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि युवती के अनुसार वह बेहोश हो गई थी। उसके साथ क्या हुआ, पता नहीं। आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जाएंगे। पुलिस टीमें बना दी गई हैं।

## 6 नवंबर से खुल जाएंगे पर्यटन केंद्र

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में इस वर्ष सैलानियों के लिए 6 नवंबर से दुधवा टाइगर रिजर्व, कतर्नियाघाट समेत अन्य इको टूरिज्म सेंटर खुल जाएंगे। यह पर्यटन सत्र बीते वर्षों की अपेक्षा नौ दिन पहले शुरू हो रहा है। यह जानकारी देते हुए पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम ने शनिवार को बताया कि ईको पर्यटन विकास बोर्ड ने स्कूली छात्रों के लिए 499 रुपये का एक टूर पैकेज तैयार किया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के प्रमुख ईको टूरिज्म स्थल दुधवा नेशनल पार्क और कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य में पर्यटकों के अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए नेचर गाइड्स को प्रशिक्षित किया गया है। प्रमुख सचिव ने बताया कि पर्यटकों के भ्रमण के लिए जिप्सी, हाथी और नेचर गाइड आदि तैयार हैं। दुधवा टाइगर रिजर्व को सैलानियों के लिए तैयार किया जा रहा है। गाइडों द्वारा सैलानियों को सरीसृपों के साथ-साथ वन्यजीवों तथा बाघों के बारे में विस्तार से बताया जाएगा।

# अनिवार्य सेवानिवृत्ति के खिलाफ जज की याचिका खारिज

विधि संवाददाता, लखनऊ

- जनपद न्यायाधीश, बदायूं ने याची के खिलाफ गोपनीय रिपोर्ट की थी तैयार

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अनिवार्य सेवानिवृत्ति के खिलाफ दाखिल एक अपर सत्र न्यायाधीश की याचिका को खारिज कर दिया है। न्यायालय ने कहा कि न्यायिक अधिकारी के अनिवार्य सेवानिवृत्ति के लिए एक भी प्रतिकूल टिप्पणी पर्याप्त है, वर्तमान मामले में यह नहीं कहा जा सकता कि याची के खिलाफ कोई भी सामग्री रिकॉर्ड पर नहीं थी।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने अनिवार्य तौर पर सेवानिवृत्ति किए गए तत्कालीन अपर सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार की सेवा संबंधी याचिका पर पारित किया। याची 22 मार्च 1996 को सिविल जज, जूनियर डिवीजन के तौर पर नियुक्त हुआ था। 15 दिसंबर 2003 को वह सिविल जज, सीनियर डिवीजन के तौर पर प्रोन्नत हुआ। 16 अगस्त 2013 को उसे उच्चतर न्यायिक सेवा में प्रोन्नति दी गई और वह अपर सत्र न्यायाधीश के तौर पर नियुक्त किए गए। इस दौरान जनपद न्यायाधीश, बदायूं ने याची के खिलाफ एक गोपनीय रिपोर्ट तैयार की। इसके पश्चात इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति ने मामले में विजिलेंस जांच का आदेश दिया। विजिलेंस ने भी याची के विरुद्ध अपनी रिपोर्ट दाखिल की। वर्ष 2020 में हाईकोर्ट की स्क्रीनिंग कमेटी ने याची के अनिवार्य सेवानिवृत्ति की सिफारिश की। इसके बाद प्रशासनिक समिति ने भी उक्त सिफारिश को मंजूर कर लिया, तत्पश्चात मामला फुल कोर्ट के समक्ष गया व फुल कोर्ट ने 25 नवम्बर 2021 को याची के अनिवार्य सेवानिवृत्ति का आदेश दिया।

न्यायालय ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के पश्चात परित अपने निर्णय में उपरोक्त टिप्पणियों के साथ याचिका को खारिज कर दिया।

# नशे में धुत युवक ने 2 वर्षीय बेटे को पटककर मार डाला

**बांगरमऊ (उन्नाव), अमृत विचार:** नशे में दारापुर गांव निवासी एक युवक ने शराब पीने का विरोध करने पर पहले पत्नी को पीटा और फिर उसकी गोद से दो साल के बच्चे को छीन कर जमीन पर पटक दिया।

जख्मी बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। पत्नी ने मामले में पति के विरुद्ध तहरीर पर हत्या की एफआईआर दर्ज करने के साथ ही गिरफ्तार भी कर लिया। पत्नी नगमा बानो के मुताबिक पति अक्सर नशे में धुत होकर घर आता है और उसको पीटता है। शनिवार शाम भी वह नशे में घर आया तो उसने इसका विरोध किया। इससे नाराज होकर उसने उसकी पिटाई की। विरोध किया तो नाराज शारून ने उसकी गोद से दो वर्षीय बेटे को छीन लिया।

# कानपुर में दो छात्रों का अपहरण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 4 दिन तक घटना दबाए रही पुलिस, सोशल मीडिया पर मामला छाया तब हुई सक्रिय

**अमृत विचार :** कानपुर के कल्याणपुर थाना क्षेत्र में 2 छात्रों का अपहरण हो गया। घटना 22 अक्टूबर शाम 4 बजे की है। परिजनों ने खोजबीन के बाद पता नहीं चलने पर दूसरे दिन थाने में तहरीर दी। पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया। लेकिन बच्चों का पता लगाने के बजाए वारदात दबाए रही। मामला सोशल मीडिया पर छाया तब सक्रिय हुई।

देवी सहाय नगर निवासी ऑटो चालक रवि कुमार का 13 वर्षीय पुत्र आदर्श उर्फ जिगर नरेंद्र सरस्वती इंटर कॉलेज पुराना शिवली रोड में कक्षा 6 का छात्र है। अभिनव और आदर्श दोस्त हैं। बाद में अभिनव अपने घर पहुंच गया लेकिन आदर्श वापस नहीं आया। पास ही आईआईटी सोसाइटी निवासी फोटोग्राफर अंकित सिंह ने बताया कि उनका 12 वर्षीय बेटा करीम उर्फ कृष्णा जवाहर लाल इंटर कॉलेज में कक्षा-8 का छात्र है। आदर्श और कृष्णा भी अच्छे दोस्त हैं। उसी शाम दोनों मिले। इसके बाद उन्हें अगवा कर लिया गया। पीड़ित परिवारों ने एक बाबा और युवक पर अपहरण की आशंका जताई है।


## वर्ग पहेली-234

**बाएं से दाएं**

1. कक्ष, कमरा।
4. जो असहनीय हो, असह्य।
5. दूसरों की भलाई, दूसरे के हित का काम, उपकार।
7. 1. किसी द्रव को गले से नीचे उतारना 2. शराब पीना 3. हुक्का या सिगरेट आदि का धुआं खींचना 4. किसी तरल पदार्थ को सोख लेना 5. क्रोध को मन में ही दबा लेना।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. जो सरकारी न हो, अराजकीय 2. जिसके लिए शासन जवाबदेह न हो 3. जनता द्वारा स्थापित या संचालित
3. ऋण, कर्ज़।
5. बच्चों का चुंबन, चुम्मी।
6. 1. पशुओं का खाद्य पदार्थ, जैसे- घास-भूसा, डंठल आदि 2. मछली पकड़ने के लिए कांटे में लगा केंचुआ आदि 3. उपाय, विकल्प 4. किसी को फंसाने के लिए दिया जाने वाला लालच। (मु.) -फेंकना : किसी को लोभ में फंसाने का प्रयास करना।




### वर्ग पहेली -233 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 चिं | 2 गु | ड़ | ना | | |
| | ण | | | 3 धा | |
| | सा | | 4 गो | र | सी |
| 5 मं | ग | ल | पा | णि | |
| | र | | 6 च | क | ई |
| | | 7 ब | ल | | |
| 8 पां | व | | | 9 झूँ | क |

## सुडोकू -147

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | | | 2 | | 6 |
| | 5 | | | 8 | | 7 | | 9 |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 2 | 3 | | | 5 | | | 8 |
| | | 4 | | | | 9 | | |
| 5 | | | 1 | | | 3 | 7 | |
| 2 | | | 9 | | 6 | | | 7 |
| 6 | | 7 | | 2 | | | 4 | |
| 8 | | 1 | | | | 6 | | |

### सुडोकू - 146 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 4 | 5 | 1 | 8 | 7 | 9 | 6 |
| 9 | 6 | 1 | 2 | 4 | 7 | 8 | 5 | 3 |
| 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 |
| 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 | 8 | 4 |
| 4 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 6 | 7 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 4 | 7 | 5 | 3 | 2 | 9 |
| 3 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 | 9 | 6 | 5 |
| 6 | 7 | 2 | 9 | 5 | 3 | 4 | 1 | 8 |
| 5 | 4 | 9 | 6 | 8 | 1 | 2 | 3 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 अक्टूबर रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-कार्तिक, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-एकादशी पूर्णरात्रि तक तत्पश्चात द्वादशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-हेमंत।
चन्द्रबल- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मघा 12.24 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

**मेष:** आज आप काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। गृहस्थ जीवन में सावधानी रखें। बेवजह दूसरे लोगों से सलाह न लें। प्रेमी जन को उपहार दे सकते हैं। मनोरंजन में आप काफी धन खर्च करेंगे। प्रतियोगी परीक्षा में आप बेहतरीन प्रदर्शन कर सकते हैं।

**वृष:** आज साझेदारी वाले व्यवसाय में लाभ प्राप्त होगा। अनावश्यक खर्चों से आपको बचना चाहिए। गुस्से में आने के बजाय शान्तिपूर्ण तरीके से काम करें। कन्सल्टेन्सी से जुड़े कार्यों में लाभ होगा। आज पुराने मित्रों से मिलना हो सकता है।

**मिथुन:** आज पूरा दिन आपके लिए काफी बढ़िया रहने वाला है। जीवनसाथी के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। आपकी अच्छी आदतों से लोग प्रेरणा लेंगे। आय के नए स्रोत विकसित होने के योग बन रहे हैं। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**कर्क:** आज निजी कम्पनियों जॉब कर रहे लोगों की आय बढ़ सकती है। आज आपको पर्याप्त आराम अवश्य करना चाहिए। साझेदारी वाले व्यवसाय में पारदर्शिता रखें। इन्टरनेट का सावधानी पूर्वक प्रयोग करेंगे। कमीशन से जुड़े कारोबार में लाभ होगा।

**सिंह:** आज दिन का प्रारम्भिक भाव बहुत अच्छा रहेगा। छोटी दूरी की यात्रा हो सकती है। रुके हुए कार्य दोबारा शुरू होने के योग बन रहे हैं। सरकारी जॉब कर रहे लोगों के ऊपर काम का दबाव कम होगा। जॉब में अचानक स्थान-परिवर्तन हो सकता है।

**कन्या:** आज अपनी गलत आदतों को सुधारने का प्रयास करें। ज्यादा मेहनत के कारण मांसपेशियों में खिंचाव की समस्या होगी। जिद्दी स्वभाव के कारण आपके नजदीकी लोग नाराज हो सकते हैं। अपशब्दों का प्रयोग कम से कम करें। कारोबार में कठिनाई होगी।

**तुला:** आज व्यवसाय में बड़ा धन लाभ होने की सम्भावना है। दैनिक दिनचर्या व्यवस्थित रहेगी। सहकर्मियों के प्रति अपना व्यवहार और सहयोग अच्छा रखें। घर का वातावरण सुखद रहेगा। परिवार के वरिष्ठ सदस्य आपसे प्रसन्न रहेंगे।

**वृश्चिक:** आज जो युवा जॉब ढूंढ रहे हैं, उनको कहीं से जॉब के ऑफर प्राप्त होने के योग बन रहे हैं। व्यापार में बड़ा निवेश कर सकते हैं। आपको अपने आत्मसम्मान की चिन्ता रहेगी। अपने विरोधियों पर ज्यादा विश्वास न करें। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है।

**धनु:** आज आप भविष्य को लेकर कुछ महत्वपूर्ण निर्णय करने का विचार बनायेंगे। कारोबार में बड़े ऑर्डर मिलने के योग बन रहे हैं। प्रतिष्ठित लोगों से आपके सम्पर्क मजबूत होंगे। वैवाहिक जीवन काफी सुखद रहेगा। आज आप घरेलू कार्यों में व्यस्त रहने वाले हैं।

**मकर:** आज आपकी दिनचर्या थोड़ी अव्यवस्थित हो सकती है। दिखावे की प्रवृत्ति से आपको बचना चाहिए। दूसरों के सामने अपनी छवि को लेकर चिन्ता रहेगी। विरोधी आपको परेशान करने का प्रयास करेंगे। स्वास्थ्य के प्रति बिल्कुल लापरवाह न रहें। जल का पर्याप्त मात्रा में सेवन करें।

**कुंभ:** आज धन के मामलों को लेकर आपको समस्या हो सकती है। पारिवारिक सुख का भरपूर आनन्द लेंगे। विद्यार्थियों को पढ़ाई में अच्छे परिणाम मिलेंगे। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बितायेंगे। भाग्य आपके पक्ष में रहेंगे।

**मीन:** आज कार्यक्षेत्र में मनमानी भरे रवैये के कारण नुकसान हो सकता है। दोपहर के बाद स्थितियां आपके अनुकूल होंगी। अपने काम के अलावा दूसरे कार्यों में ज्यादा फोकस कर सकते हैं। अचल सम्पत्ति के क्रय-विक्रय से लाभ होगा। व्यापारियों को धन उधार देने से बचना चाहिए।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
जीवन युद्ध — सुबह : 10.46
खून भरी मांग — रात : 07.00

**&pictures**
जवानी जानेमन — सुबह : 07.03
समय 2 — रात : 08.00

**Sony Pix**
2012 — सुबह : 10.15
स्पाइडर मैन 2 — शाम : 06.59

**Zee Cinema**
चमेली की शादी — सुबह : 11.30
सुरक्षा — शाम : 06.05

**Zee Action**
बदला नाग का — सुबह : 11.01
हॉलीडे — रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी एक्शन पर रात : 07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पिताजी- बेटा, मेरे लिए 1 गिलास पानी लाना,
पहला लड़का- नहीं लाऊंगा,
दूसरा लड़का- रहने दो पापा, ये तो है ही बद्दतमीज़
आप खुद ले लो, और मेरे लिए भी 1 गिलास ले आना।

सुरेश-तेरे घर से हमेशा हंसने की आवाज़ आती है,
इतनी खुशी का राज़ क्या है?
रमेश-मेरी बीवी मुझे जूते मारती है,
लग जाए तो वो हंसती है,
नहीं लगे तो मै...

## एक नजर

### मप्र में दो सड़क दुर्घटनाओं में छह लोगों की मौत

**बड़वानी/छिंदवाड़ा (मप्र)।** मध्यप्रदेश के बड़वानी और छिंदवाड़ा जिलों में दो सड़क दुर्घटनाओं में छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को बताया कि बड़वानी में पिता-पुत्र समेत चार लोगों की मौत हो गई, जबकि छिंदवाड़ा जिले में दो की मौत हो गई। बड़वानी जिले के सेंधवा कस्बे में ट्रक गाय से टकराने के बाद पैदल चल रहे लोगों पर पलट गया, जिससे चार लोग कुचल गए। छिंदवाड़ा में अमरवाड़ा कस्बे के पास तेज रफ्तार वाहन से बचने के प्रयास में दोपहिया वाहन पेड़ के टकराने से दो लोगों की मौत हो गई। एएसपी अवधेश प्रताप सिंह ने यह जानकारी दी।

### राजस्थान : दुर्घटना में पिता-पुत्र सहित 3 की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के अनूपगढ़ कस्बे के पास शनिवार सुबह सड़क हादसे में पिता-पुत्र सहित तीन लोगों की मौत हो गई और दो घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह हादसा एनएच 911 पर 15ए गांव के बस अड्डे के पास कार व पिकअप वाहन की टक्कर से हुआ। सहायक उपनिरीक्षक ग्यारसी लाल ने बताया कि कार में सवार चालक प्रभु, उसके पिता ओमप्रकाश व एक अन्य रिश्तेदार बलबीर की मौत हो गई। उनके साथ सफर कर रहा किशोर प्रशांत घायल हो गया। वहीं, पिकअप चालक करणी सिंह भी घायल हो गया है।

### मणिपुर में हथियार और विस्फोटक बरामद

**इम्फाल।** मणिपुर के बिष्णुपुर और इम्फाल पश्चिम में सुरक्षाबलों ने हथियार एवं विस्फोटक बरामद किए हैं। पुलिस ने शनिवार को बताया कि बिष्णुपुर के उयुंगमाखोंग में तलाशी अभियान के दौरान एक मैगजीन के साथ 7.62 एमएम की एक सेल्फ-लोडिंग राइफल, छह हथगोले, चार ग्रेनेड आर्म रिंग, आंसू गैस के दो गोले, तीन स्टिंगर ग्रेनेड और 2.3 किलो का एकआईईडी बरामद किया गया है। पश्चिम जिले के शांतिपुर माखा लेईकाई में एक सिंगल बैरल बंदूक, 9 एमएम की दो पिस्तौल, दो मैगजीन, एक 7.62 एलएमजी मैगजीन और डेटोनेटर के साथ तीन हथगोले (एस-67) बरामद किए गए हैं।

### करंट से शावक समेत तीन हाथियों की मौत

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में करंट से एक शावक समेत तीन हाथियों की मौत हो गई है। वन विभाग के अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि जिले के तमनार क्षेत्र में हादसा हुआ। रायगढ़ वनमंडल की अधिकारी स्टाईलो मंडावी ने बताया कि प्राथमिक जांच से पता चला है कि शुक्रवार देर रात छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल की 11 केवी लाईन के संपर्क में आने से तीनों हाथियों की मौत हुई है। यह घटना तमनार वन परिक्षेत्र में चुहकीमार के जंगल में हुआ है।

# भाजपा की दूसरी सूची में 22 नाम शामिल

## महाराष्ट्र विस चुनाव : छह मौजूदा विधायकों के नाम सूची में, दो को नहीं दिया गया टिकट


मुंबई, एजेंसी

- महायुति गठबंधन में शामिल भाजपा अब तक 121 उम्मीदवारों के नामों की कर चुकी है घोषणा

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार को 22 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की, जिसमें छह मौजूदा विधायकों के नाम शामिल हैं जबकि दो को टिकट नहीं दिया गया है। शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के साथ महायुति गठबंधन में शामिल भाजपा अब तक 121 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर चुकी है।

दूसरी सूची के अनुसार पार्टी ने वाशिम और गढ़चिरौली के मौजूदा विधायकों को टिकट नहीं दिया है जबकि अकोट, नासिक सेंट्रल, पेन, खड़कवासला, पुणे छावनी और उल्हासनगर के छह मौजूदा विधानसभा सदस्यों को इस बार भी उम्मीदवार बनाया गया है। विधान परिषद के दो सदस्यों गोपीचंद पाडलकर और रमेश कराड को भी टिकट दिया गया है। पाडलकर को जाट जबकि कराड को लातूर ग्रामीण से टिकट दिया गया है। यहां पर कांग्रेस ने दिग्गज नेता विलासराव देशमुख के पुत्र धीरज विलासराव देशमुख को मैदान में उतारा है। इस तरह से अब यहां पर लड़ाई श्री कराड और श्री देशमुख के बीच देखने को मिलेगी। उल्लेखनीय है कि भाजपा ने इससे पहले अपनी पहली सूची में 99 उम्मीदवारों के नामों का एलान किया था। इस तरह से पार्टी अब तक 121 प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर सूची जारी की है। महाराष्ट्र विधानसभा की 288 सीटों के लिये 20 नवंबर को मतदान होगा और नतीजे 23 नवंबर को आयेंगे।

### महायुति के सहयोगी 8 सीटों पर कर रहे बात : बावनकुले



**मुंबई।** भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने शनिवार को कहा कि अगले महीने होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों के लिए महायुति के तीन घटक दलों के बीच सात से आठ सीटों पर बातचीत अब भी जारी है। महायुति के तीन सहयोगियों में से दो भाजपा और एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना ने अलग-अलग अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है, जबकि तीसरे सहयोगी, अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने अब तक उम्मीदवारों की दो सूची जारी की हैं। उन्होंने कहा कि सात से आठ सीटों पर अब भी चर्चा चल रही है। हम एक परिवार की तरह लड़ रहे हैं - बड़े भाई और छोटे भाई सहित सभी को साथ लेकर। भाजपा की दूसरी सूची कल जारी की जाएगी और हम एक संयुक्त घोषणापत्र भी जारी करेंगे। बावनकुले ने विपक्षी महा विकास आघाडी के कथित फॉर्मूले का मज़ाक उड़ाया, जिसमें तीनों सहयोगी 90-90 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने दावा किया कि हमने सुना है कि राहुल गांधी ने सीट बंटवारे की बातचीत को ठीक से न संभालने से राज्य के नेताओं को निकाल दिया। उन्होंने कहा कि महायुति गठबंधन के विपरीत एमवीए के पास कोई विकास एजेंडा नहीं है।

# कांग्रेस ने अब तक 87 प्रत्याशी किए घोषित

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस की दूसरी सूची में 23 और तीसरी में 16 नाम शामिल
- जालना विधायक व सुनील केदार की पत्नी अनुजा के नाम प्रमुख

कांग्रेस ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार को पहले 23 और फिर 16 उम्मीदवार घोषित किए। पार्टी अब तक कुल 87 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर चुकी है। पार्टी ने शनिवार रात 16 उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी की, जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेता माणिक राव ठाकरे को दिग्रस से उम्मीदवार बनाया गया है। इसी तरह आसिफ जकारिया को वांद्रे पूर्व और सचिन सावंत को अंधेरी पश्चिम से टिकट दिया गया है।

कांग्रेस ने मालेगांव मध्य से एजाज बेग को उम्मीदवार बनाया है, जबकि यह सीट समाजवादी पार्टी अपने लिए मांग रही थी। कांग्रेस ने शनिवार को दिन में 23 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की, जिसमें जालना से मौजूदा विधायक कैलाश गोरंट्याल और पार्टी नेता सुनील केदार की पत्नी अनुजा के नाम प्रमुख हैं। कांग्रेस ने अपनी पहली सूची में 48 उम्मीदवारों की घोषणा की थी। कांग्रेस अब तक 87 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। पार्टी ने वरिष्ठ नेता सुनील केदार की पत्नी अनुजा को चुनाव मैदान में उतारा है। अनुजा नागपुर जिले की सावनेर सीट से चुनाव लड़ेंगी। विपक्षी दल ने जालना से विधायक कैलाश गोरंट्याल को बरकरार रखा है। पार्टी ने अपने उम्मीदवारों की पहली सूची में 25 मौजूदा विधायकों को बरकरार रखा था।

### एमवीए में सीट बंटवारे को लेकर मंथन जारी

एमवीए में सीटों के तालमेल को अभी अंतिम रूप नहीं दिया जा सका है, जिसे लेकर मंथन जारी है। कांग्रेस के महाराष्ट्र प्रभारी रमेश चेन्निथला ने सीईसी की बैठक के बाद कहा था कि एमवीए एकजुट है और सीटों के तालमेल को अंतिम रूप दे दिया जाएगा। एमवीए ने 85-85 सीट पर चुनाव लड़ने की घोषणा की गई थी।

### राकांपा (एसपी) की 22 नामों की दूसरी सूची जारी

**मुंबई।** राकांपा (एसपी) ने शनिवार को 22 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की, जिसमें पार्टी विधायक संदीप क्षीरसागर को बीड से तो नासिक जिले के डिंडोरी से सुनीता चारोस्कर को विधानसभा उपाध्यक्ष नरहरि जिरवाल के खिलाफ उतारा गया है, जिन्हें अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा ने उतारा है। राकांपा (एसपी) अब तक 67 नाम घोषित कर चुकी है। राकांपा (एसपी) महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष जयंत पाटिल ने कहा कि उम्मीदवारों की जीत की संभावना के आधार पर निर्णय लिए जा रहे हैं।

# केजरीवाल का भाजपा को चुनाव लड़ने की चुनौती, हमले की साजिश का आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी



- उत्तर-पश्चिम दिल्ली के बादली की जनसभा में आप नेता ने मतदाताओं से भाजपा को वोट न देने का किया आग्रह

आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर पश्चिमी दिल्ली में पदयात्रा के दौरान उन पर हुए हमले की साजिश रचने का शनिवार को आरोप लगाया। साथ ही भाजपा को विधानसभा चुनाव लड़कर अपनी ताकत साबित करने की चुनौती दी।

आप ने एक दिन पहले ही दावा किया था कि पदयात्रा के दौरान अरविंद केजरीवाल पर भाजपा के गुंडों ने हमला किया था। दावों को दोहराते हुए केजरीवाल ने उत्तर-पश्चिम दिल्ली के बादली की जनसभा में कहा कि कल भाजपा ने विकासपुरी में अपने गुंडों का प्रयोग कर मुझ पर हमला किया। क्या आप मुझे मारना चाहते हैं? अगर आपमें ताकत है तो चुनाव लड़िए। आप नेता ने मतदाताओं से भाजपा को वोट न देने का आग्रह करते हुए किया कि भाजपा उनकी सभी योजनाओं को बंद कर देगी। भाजपा को वोट देंगे तो वे स्कूल बंद और आपको 10,000 रुपये का बिजली बिल भेजना शुरू कर देंगे।

### गुरुग्राम : घर में आग लगने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

**गुरुग्राम (हरियाणा)।** गुरुग्राम में एक घर में आग लगने से 17 वर्षीय किशोर समेत परिवार के चार लोगों की जलकर मौत हो गई। घटना के समय वे घर में सो रहे थे। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान बिहार के मूल निवासी मुश्ताक, नूर आलम, साहिल और अमन के रूप में हुई है। ये सभी सेक्टर-10 स्थित सरस्वती एन्क्लेव कॉलोनी में किराए के मकान में रह रहे थे। पुलिस ने बताया कि घटना शुक्रवार को आधी रात के करीब 12:15 बजे हुई।

# जन प्रतिनिधि के रूप में मेरी पहली यात्रा जन सेनानी के रूप में नहीं : प्रियंका

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने शनिवार को कहा कि वायनाड से निर्वाचित होने पर एक जन प्रतिनिधि के रूप में उनकी यह पहली यात्रा



जरूर होगी, लेकिन जन सेनानी के तौर पर नहीं क्योंकि लोकतंत्र, न्याय और संविधान में निहित मूल्यों के लिए लड़ना उनके जीवन की बुनियाद रही है। प्रियंका ने कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर गत 23 अक्टूबर को वायनाड से नामांकन किया था। उन्होंने शनिवार को वायनाड के लोगों को लिखे खुले पत्र में कहा कि वह उनके साथ मिलकर काम करेंगी और उनके समक्ष मौजूद चुनौतियों का समाधान करने में मदद करेंगी।

### प्रियंका के हलफनामे में संपत्ति का पूरा विवरण न देने का आरोप

**नई दिल्ली।** भाजपा ने प्रियंका गांधी पर वायनाड लोकसभा सीट से उपचुनाव लड़ने के लिए हलफनामे में अपनी और अपने पति रॉबर्ट वाड्रा की संपत्तियों की जानकारी नहीं देने का आरोप लगाया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने दावा किया कि प्रियंका गांधी सुप्रीम कोर्ट निर्देश का उल्लंघन कर रही हैं, जिसमें उम्मीदवारों को अपनी, जीवनसाथी की संपत्ति का पूर्ण विवरण देने को कहा गया है।

### कांग्रेस मंत्री की अपमानजनक टिप्पणी पर राज्य से मांगी रिपोर्ट

**रांची।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने शनिवार को झारखंड के मंत्री व कांग्रेस नेता इरफान अंसारी की भाजपा नेता सीता सोरेन पर की अपमानजनक टिप्पणी पर राज्य सरकार को नोटिस भेजा। साथ ही आरोपों पर की कार्रवाई की तीन दिन में रिपोर्ट मांगा है। आयोग ने नोटिस मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, गृह विभाग के प्रधान सचिव, जामताड़ा जिले के उपायुक्त और एसपी को दिया है। आयोग ने कहा कि यदि तय अवधि में जवाब नहीं मिलता है, तो वह समन जारी कर सकता है।

# कोल्डप्ले, दिलजीत के कॉन्सर्ट की टिकट बिक्री के घोटाले में केस दर्ज

नई दिल्ली, एजेंसी

- ईडी ने दिल्ली, महाराष्ट्र, राजस्थान कर्नाटक और पंजाब में 13 स्थानों की थी छापे मारे

ईडी ने ब्रिटिश रॉक बैंड कोल्डप्ले और गायक एवं अभिनेता दिलजीत दोसांझ के दिल-लुमिनाटी कॉन्सर्ट के टिकटों की कालाबाजारी संबंधी धन शोधन मामले की जांच में छापेमारी के बाद कथित अनियमितताओं का पता लगाया है। निदेशालय ने शनिवार को यह जानकारी दी।

जांच एजेंसी ने धन शोधन के तहत मामला दर्ज करने के बाद पांच राज्यों - दिल्ली, महाराष्ट्र (मुंबई), राजस्थान (जयपुर), कर्नाटक (बेंगलुरु) और पंजाब (चंडीगढ़) में 13 स्थानों पर छापे मारे। दिल-लुमिनाटी कॉन्सर्ट राष्ट्रीय राजधानी के जवाहरलाल नेहरू (जेएलएन) स्टेडियम में 26-27 अक्टूबर को होना है, जबकि कोल्डप्ले' का कॉन्सर्ट म्यूजिक ऑफ द स्फीयर्स वर्ल्ड टूर जनवरी 2025 में नवी मुंबई में होगा।

### ओडिशाः मंदिर से लौट रही महिला से सामूहिक दुष्कर्म में तीन लोग गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के नयागढ़ जिले में 21 वर्षीय महिला से सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि यह घटना 20 को हुई जब महिला और उसका मंगेतर फतेगढ़ राम मंदिर से लौट रहे थे। 24 अक्टूबर को दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, पुरुषों के समूह ने पिथाखई जंगल के पास उन्हें रोका और उन्हें जंगल में लेकर गए। वहां उन्होंने उसके मंगेतर को चाकू के बल पर बंधक बनाया और महिला से सामूहिक दुष्कर्म किया। आरोपियों ने घटना की वीडियो बनायी और सोशल मीडिया पर अपलोड कर दी। पुलिस ने महिला से सामूहिक दुष्कर्म के संबंध में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। महिलाओं एवं बच्चों के खिलाफ अपराध इकाई की महानिरीक्षक एस. शाइनी मामले पर नजर रख रही हैं।

# आदिवासी समुदाय के बिना विकास संभव नहीं : मुर्मू

भिलाई, एजेंसी



- आईआईटी-भिलाई के तीसरे और चौथे दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति ने रखे विचार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आदिवासी समुदायों से प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाने की सीख लेने की जरूरत पर जोर देते हुए कहा है कि आदिवासी भाई-बहनों की सक्रिय भागीदारी के बिना देश का विकास संभव नहीं है। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में शनिवार को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी-भिलाई) के तीसरे और चौथे संयुक्त दीक्षांत समारोह में उन्होंने प्रौद्योगिकी के माध्यम से आदिवासी समुदाय के मुद्दों और समस्याओं के समाधान के लिए संस्थान के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, आईआईटी भिलाई के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स (बीओजी) के अध्यक्ष कृष्णमूर्ति वेंकटरमन और आईआईटी भिलाई के निदेशक प्रोफेसर राजीव प्रकाश मौजूद थे।

राष्ट्रपति ने कहा कि छत्तीसगढ़ की धरती आदिवासी संस्कृति और परंपराओं से समृद्ध है। जनजातीय समाज के लोग सदियों से पर्यावरण के साथ समन्वय बनाकर जीवन-यापन कर रहे हैं। आदिवासी भाई-बहन, प्राकृतिक जीवन-शैली से संचित किए हुए ज्ञान का भंडार हैं। इनको समझकर और उनकी जीवन-शैली से सीख लेकर, हम भारत के सतत विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि देश का सम्पूर्ण विकास तभी संभव है जब हमारे जनजातीय भाई-बहनों की उसमें सक्रिय भागीदारी हो। आईआईटी भिलाई आदिवासी समाज की प्रगति के लिए तकनीकी क्षेत्र में विशेष प्रयास कर रहा है।

## कारोबार/कृषि

### बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन- तुलसी 2460, राज श्री 1790, फ़ॉर्चून कि. 2265, रविन्द्रा 2355, फॉर्चुन ली. 2085, जय जवान 1990, सचिन 2060, सूरज 2015, अवसर 2085, राग गोल्ड 2200, गृहणी ली 2065, क्लासिक (किलो) 2190, मोर 2185, चक्र टिन 2230, ब्लू 2235, आशीर्वाद मस्टर्ड 2235, स्वास्तिक 2430 । किराना-(प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 31800, लाल मिर्च 18000-22000, धनिया 8000-10000, अजवायान 15500-23000, मेथी 7000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800-900, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 900, किसमिस पीली 140-180, मखाना 900-1150 । चावल- ( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10000, स्पाइस 7600, शरबती कच्ची 4450, शर्बती स्टीम 4600, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 8500, राजभोग 6950, हरी पत्ती (1किलो,5 किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जेनिथ 9300, गलैक्सी 7400, सूमो 4000, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 5150, खजाना 5150 । दाल दलहन -मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10700, राजमा चित्रा 12700-13600, राजमा भूटान नया 11700, मलका काली 7150-7700 मलका दाल 7375-8000, मलका छाँटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 9600-10200, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 11600, उड़द साबुत दिल्ली 11400, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900,चना काला 8650, दाल चना 9150, लाल हिंदुस्तान 9250, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9800, चना अकोला 9000, डबरा 10200-11200, सच्चा हीरा 12900, मोटा हीरा 14800, अरहर गोला मोटा 11200, अरहर पटका मोटा 11400, अरहर कोरा मोटा 11700, अरहर पटका छोटा 15300-15700, अरहर कोरी छोटी 16000 ।चीनी-डालमियां 4090, पीलीभीत 4070, नवाबगंज 4060, बहेड़ी 4070 ।

### सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 81000 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 80000 |
| सिल्वर ( पक्की) | 980 (अनुमानित) |

# सरकार भविष्य के लिए कौशल प्रशिक्षण देने को प्रतिबद्ध : मोदी

## प्रधानमंत्री ने कौशल दीक्षांत समारोह को दिए संदेश में उम्मीद जताई

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भरोसा दिया कि सरकार भविष्य के लिए तैयार, वैश्विक रूप से प्रासंगिक कौशल प्रशिक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध है। एक आधिकारिक बयान में शनिवार को यह जानकारी दी गई।



- कहा- युवा तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने में निभाएंगे बड़ी भूमिका

प्रधानमंत्री ने कौशल दीक्षांत समारोह को दिए गए लिखित संदेश में उम्मीद जताई कि भारत के युवा पेशेवर वैश्विक कार्यबल पर एक स्थायी प्रभाव डालेंगे और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की इसकी यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मोदी ने कहा कि भारत अपने युवा कार्यबल की विशेषज्ञता और पैमाने के कारण कुशल प्रतिभाओं के एक शक्ति केंद्र के रूप में तेजी से वैश्विक स्तर पर पहचाना जा रहा है। बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री मोदी ने भरोसा दिया कि युवाओं को सशक्त बनाने पर केंद्रित नीतियों के साथ, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय भविष्य के लिए तैयार, वैश्विक रूप से प्रासंगिक कौशल प्रशिक्षण के लिए प्रतिबद्ध है।उन्होंने राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान करने के लिए कुशल युवाओं की भूमिका पर जोर दिया, और उन्हें भारत की सबसे बड़ी ताकत बताया।

### 15,000 आईटीआई निभा रहे अहम भूमिका

कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि 15,000 आईटीआई कौशल विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस साल आम बजट आईटीआई (औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान) सुधार को प्राथमिकता दी गई है।

# डेब्ट फंड्स : आपके पोर्टफोलियो का मजबूत साथी

डेब्ट फंड्स म्यूचुअल फंड की प्रमुख श्रेणी हैं, जो मुख्यत: ऋण उपकरणों में निवेश करती हैं। ये सरकारी बॉण्ड, कॉर्पोरेट बॉण्ड और अन्य वित्तीय साधनों का समावेश करते हैं, जिससे निवेशकों को स्थिर आय का लाभ मिलता है। इन फंड्स में निवेश करना आसान है और ये आमतौर पर शेयर बाजार की तुलना में कम जोखिम प्रदान करते हैं। हालांकि, ब्याज दर और क्रेडिट जोखिम का ध्यान रखना जरूरी है। डेब्ट फंड्स वित्तीय स्थिरता की तलाश करने वालों के लिए एक आकर्षक विकल्प हैं। आईए इसके बारे में जानें...



### डेब्ट फंड्स क्या है?

डेब्ट फंड्स, जिसे ऋण फंड भी कहा जाता है, म्यूचुअल फंड की श्रेणी है जो मुख्य रूप से विभिन्न प्रकार के ऋण उपकरणों में निवेश करती है। इनमें सरकारी व कॉर्पोरेट बॉण्ड, डिपॉजिट और अन्य ऋण साधन हैं। ये फंड बाजार के ब्याज दरों के उतार-चढ़ाव से प्रभावित होते हैं और आमतौर पर स्थिर आय प्रदान करने का उद्देश्य रखते हैं।

### निवेश कैसे करें?

- **निवेश प्लेटफॉर्म चुनें :** आप म्यूचुअल फंड कंपनी की वेबसाइट, बैंक या वित्तीय सलाहकार के माध्यम से निवेश कर सकते हैं।
- **फंड का चयन करें :** विभिन्न डेब्ट फंड्स की तुलना करें, उनकी परफॉर्मेंस, प्रबंधन शुल्क और जोखिम प्रोफ़ाइल देखें।
- **केवाईसी प्रक्रिया :** सभी आवश्यक दस्तावेज़ (जैसे पहचान पत्र, पते का प्रमाण) को तैयार करें और केवाईसी प्रक्रिया पूरी करें।
- **निवेश राशि निर्धारित करें :** आपको तय करना होगा कि आप कितना निवेश करना चाहते हैं, एकमुश्त या एसआईपी से।
- **फंड में निवेश करें :** आवश्यक विवरण भरकर अपने निवेश को अंतिम रूप दें और राशि जमा करें

### निवेशकों को लाभ

- **स्थिर आय :** डेब्ट फंड नियमित आय का स्रोत प्रदान करते हैं।
- **कम जोखिम :** शेयर बाजार की तुलना में जोखिम कम होता है।
- **लिक्विडिटी :** आप संपत्ति को अपेक्षाकृत जल्दी नकद में बदल सकते हैं।
- **टैक्स लाभ :** कुछ डेब्ट फंड, विशेषकर दीर्घकालिक निवेश के लिए, टैक्स लाभ भी देते हैं।

### जोखिम

- **ब्याज दर :** ब्याज दरों में वृद्धि होने पर इस फंड की वैल्यू गिर सकती है।
- **क्रेडिट :** यदि निवेशित कंपनी या सरकार भुगतान में असफल होती है तो नुकसान हो सकता है।
- **तरलता :** कुछ डेब्ट फंडों में निकासी की प्रक्रिया में काफ समय लग सकता है, जिससे आपको नुकसान हो सकता है।

इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए, आपको अपनी वित्तीय स्थिति और निवेश के लक्ष्यों के आधार पर निर्णय लेना चाहिए। साथ ही आपको निवेश को जोखिम को भी ध्यान में रखकर निवेश करना चाहिए।

# वैश्विक अर्थव्यवस्था की साफ्ट लैंडिंग की संभावना: वित्तमंत्री

वाशिंगटन, एजेंसी



- सीतारमण ने वाशिंगटन-डीसी के ग्लोबल थिंक टैंक को किया संबोधित चेताया- अर्थव्यवस्थाएं अभी उतनी तेजी से आगे नहीं बढ़ रही

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि कई साल से मुश्किल दौर का सामना कर रही वैश्विक अर्थव्यवस्था की साफ्ट लैंडिंग कर संभावना बढ़ रही है। अर्थव्यवस्था में साफ्ट लैंडिंग का तात्पर्य आर्थिक विकास के दौरान आने वाली ऐसी एक चक्रीय मंदी है जो पूर्ण मंदी की स्थिति आए बिना समाप्त हो जाती है।

वित्तमंत्री ने कहा कि कई देशों और बहुपक्षीय वित्तीय संस्थाओं के साथ काम करने से अच्छे दिन आने वाले हैं, लेकिन उन्होंने चेताया कि अर्थव्यवस्थाएं अभी उतनी तेजी से आगे नहीं बढ़ रही हैं। सीतारमण ने वाशिंगटन-डीसी के ग्लोबल थिंक टैंक से कहा कि दो दिवसीय वार्ता में यही संभावना नजर आई कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की साफ्ट लैंडिंग होगी। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, केंद्रीय बैंकों और सभी संस्थानों व सरकारों ने मुद्रास्फीति को कम बनाए रखा है इसलिए साफ्ट लैंडिंग की संभावना बढ़ी है। वहीं सीतारमण ने विश्व बैंक को भागीदारी बढ़ाने, मध्यम आय वाले देशों को उधार के लिए प्रोत्साहित करने और विकास प्रभाव को गहरा करने के लिए प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण मॉडल के साथ किफायती बनाने की मांग की है।


### कॉर्पोरेट्स आयकर रिटर्न 15 नवंबर तक कर सकेंगे दाखिल

- सीबीडीटी ने 15 दिन बढ़ाई समयसीमा, गत वर्ष बढ़ाकर की थी 31 अक्टूबर

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने शनिवार को मूल्यांकन वर्ष 2024-25 के लिए कॉर्पोरेट्स द्वारा आयकर रिटर्न दाखिल करने की समय सीमा 15 दिन बढ़ाकर 15 नवंबर तक कर दी। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने परिपत्र में कहा कि पिछली 31 अक्टूबर की समयसीमा बढ़ाई जाएगी। 2024-25 (वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कर रिटर्न दाखिल करने) के लिए नयी समयसीमा अब 15 नंवबर है। नांगिया एंडरसन एलएलपी टैक्स पार्टनर के संदीप झुनझुनवाला ने कहा कि कर रिटर्न दाखिल करने की यह विस्तारित अवधि कर ऑडिट रिपोर्ट पर लागू नहीं होगी। इससे पहले सितंबर में, सीबीडीटी ने कर ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की अंतिम समयसीमा सात दिन तक बढ़ाकर सात अक्टूबर कर दी थी।

# क्रिप्टोकरेंसी वित्तीय स्थिरता के लिए जोखिम

वाशिंगटन, एजेंसी



- आरबीआई गवर्नर बोले- इससे ऐसी स्थिति पैदा होगी, जिससे केंद्रीय बैंक मुद्रा आपूर्ति पर नियंत्रण खो देगा

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि क्रिप्टोकरेंसी वित्तीय स्थिरता और मौद्रिक स्थिरता के लिए जोखिम है। उन्होंने कहा कि इससे ऐसी स्थिति पैदा हो सकती है, जहां केंद्रीय बैंक अर्थव्यवस्था में मुद्रा आपूर्ति पर नियंत्रण खो देगा।

दास ने कहा कि मेरा मानना है कि यह ऐसी चीज है, जिसे वित्तीय प्रणाली पर हावी होने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। इसमें वित्तीय स्थिरता के लिए बहुत बड़ा जोखिम है। इसमें मौद्रिक स्थिरता के लिए बहुत बड़ा जोखिम है। यह बैंकिंग प्रणाली के लिए भी जोखिम पैदा करता है। उन्होंने प्रमुख थिंक-टैंक पीटरसन इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल इकोनॉमिक्स में कहा कि यह ऐसी स्थिति भी पैदा कर सकता है, जहां केंद्रीय बैंक अर्थव्यवस्था में मुद्रा आपूर्ति पर नियंत्रण खो देगा। दास ने कहा कि यदि केंद्रीय बैंक अर्थव्यवस्था में मुद्रा आपूर्ति पर नियंत्रण खो देगा है, तो प्रणाली में उपलब्ध नकदी की जांच कैसे होगी। उन्होंने कहा कि संकट के समय मुद्रा आपूर्ति को नियंत्रित कर केंद्रीय बैंक मुद्रास्फीति को नियंत्रित करता है। इसलिए, हम क्रिप्टो को जोखिम के रूप में देखते हैं।

### दूसरे वर्ष भी दास को शीर्ष केंद्रीय बैंकर का पुरस्कार

**मुंबई।** आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास को अमेरिका की पत्रिका ग्लोबल फाइनेंस ने शीर्ष केंद्रीय बैंकर का दर्जा दिया है। यह लगातार दूसरा वर्ष है जब उन्हें विश्व स्तर पर शीर्ष केंद्रीय बैंकर का दर्जा दिया गया है। आरबीआई ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि दास को दूसरे साल सेंट्रल बैंक रिपोर्ट कार्ड 2024 में ए प्लस का पुरस्कार मिला है।

# अंडर-17 एशियाई कप क्वालीफिकेशन से एक जीत दूर भारत, थाईलैंड से सामना

चोनबरी (थाईलैंड), एजेंसी



- दो मैचों में लगातार दो जीत हासिल कर चुकी है भारतीय टीम अहम होगा ये मुकाबला

भारत एएफसी अंडर-17 एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने से एक कदम दूर है और उसे रविवार को यहां ग्रुप डी के अपने अंतिम मैच में मेजबान थाईलैंड पर बस जीत की दरकार है। दो मैच में दो जीत से इश्फाक अहमद की कोचिंग वाली भारतीय टीम अभी अंकों में थाईलैंड की बराबरी पर है लेकिन गोल अंतर से उससे पिछड़ रही है।

इससे उसे रविवार को मुकाबले में किसी भी हालत में जीत दर्ज करनी होगी ताकि वह शीर्ष स्थान हासिल कर टूर्नामेंट के लिए स्वतः क्वालीफाई कर ले। शुक्रवार को तुर्कमेनिस्तान पर 1-0 की जीत से भारत ने अपनी उम्मीद जीवंत रखी। इस मैच में उसके लिए निंगथोखोंगजाम ऋषि सिंह ने गोल दागा पर थाईलैंड ने ब्रुनेई दारूस्सलाम पर 19-0 की जीत से शानदार गोल अंतर से ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया।

भारत ने इससे पहले ब्रुनेई को 13-0 से हराया था जबकि थाईलैंड ने तुर्कमेनिस्तान पर 2-0 की जीत से अपना अभियान शुरू किया था। थाईलैंड अगर इस मैच को ड्रॉ कराने में सफल रहता है तो वह ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल करके क्वालीफाई कर लेगा जबकि भारत जीत से ही सीधे टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर सकता है, लेकिन भारत को सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान पर काबिज पांच टीम में रहने की स्थिति से भी प्रवेश करने का मौका मिल सकता है।

**सीनियर महिला टी-20 प्रतियोगिता**

## रेलवे का अजेय क्रम बरकरार केरल और हिमाचल प्रदेश भी जीता

**लखनऊ, अमृत विचार :** सीनियर महिला टी-20 क्रिकेट क्रिकेट प्रतियोगिता के ग्रुप डी मुकाबलों में शनिवार को हिमाचल प्रदेश, अजेय रेलवे और केरल ने अपने मुकाबले जीत कर हुए पूरे अंक बटोरे। रेलवे ने चंडीगढ़ को 58, हिमाचल प्रदेश ने त्रिपुरा को चार विकेट और केरल ने हरियाणा को 20 रन से हराया।

अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में फ्लड लाइट में खेले गए मुकाबले में त्रिपुरा की टीम ने दो विकेट खोकर 103 रन बनाए। जवाब में हिमाचल प्रदेश ने आसानी से निर्धारित लक्ष्य हासिल कर लिया। वहीं रेलवे ने छह विकेट खोकर 153 रन का विशाल स्कोर बोर्ड पर टांगा। जवाब में चंडीगढ़ की टीम पांच ओवर में टीम 95 रनों का सफर तय कर सकी। एक अन्य मैच में केरल ने छह विकेट खोकर 125 रन बनाये। अक्षया ने 66 गेंदों 60 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। जवाब में हरियाणा की टीम 19.3 ओवर में 105 रन बनाकर सिमट गई।

# भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर जीता कांस्य

जोहोर बाहरू (मलेशिया), एजेंसी

**सुल्तान जोहोर कप**



पेनल्टी शूटआउट में गोल दागने के बाद जश्न मनाता भारतीय खिलाड़ी। ● एजेंसी

गोलकीपर बिक्रमजीत सिंह के शानदार प्रदर्शन की मदद से भारत ने शनिवार को यहां पेनल्टी शूटआउट में न्यूजीलैंड को 3-2 से हराकर सुल्तान जोहोर कप जूनियर पुरुष हॉकी टूर्नामेंट में कांस्य पदक जीता। निर्धारित समय में मैच 2-2 सबसे बराबर रहा जिसके बाद शूटआउट का सहारा लिया गया। शूटआउट में भारत की तरफ से स्ट्राइकर गुरजोत सिंह, मनमीत सिंह और सौरभ आनंद कुशवाह ने पेनल्टी को गोल में बदला, जबकि बिक्रमजीत ने तीन बचाव करके भारत को जीत दिलाई।

इससे पहले निर्धारित समय में दिलराज सिंह (11वें मिनट) और मनमीत सिंह (20वें) ने भारत को शानदार शुरुआत दिलाई लेकिन न्यूजीलैंड ने अंतिम क्वार्टर में ओवेन ब्राउन (51वें) और जोंटी एल्म्स (57वें) के गोल की मदद से अच्छी वापसी की। भारत ने पहले 20 मिनट में ही दो गोल कर दिए थे। खेल के 11वें मिनट में ही दिलराज ने मुकेश टोप्पो की मदद से गोल करके भारत को 1-0 से आगे कर दिया। दूसरे क्वार्टर में भी भारत ने खेल पर नियंत्रण बनाए रखा। मनमीत ने 20वें मिनट में अनमोल एक्का और मुकेश के शानदार स्टिकवर्क की मदद से मैदानी गोल किया। इसके बाद भारत ने लगातार हमले किए लेकिन वह अपनी बढ़त और मजबूत नहीं कर पाया। तीसरे क्वार्टर में किसी भी टीम में कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई लेकिन न्यूजीलैंड ने चौथे क्वार्टर में दो महत्वपूर्ण गोल करके वापसी की, जिससे भारत की कांस्य जीतने की उम्मीदें अधर में लटक गईं। खेल के 51वें मिनट में ब्राउन ने ब्रैडली रोथवेल के क्रॉस पर बड़ी खूबसूरती से मैदानी गोल किया। इसके छह मिनट बाद एल्म्स ने गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। एल्म्स ने भारत के खिलाफ पिछले मैच में हैट्रिक बनाई थी।

**खेल डायरी**

### डब्ल्यूटीटी चैंपियंस के क्वार्टरफाइनल में पहुंचीं मनिका



**नई दिल्ली।** भारत की स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा ने रोमानिया की 14वीं रैंकिंग वाली बर्नाडेट एस को हराकर फ्रांस के मोंटपेलियेर में चल रहे डब्ल्यूटीटी चैंपियंस टूर्नामेंट महिला एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दुनिया की 30वें नंबर की खिलाड़ी बत्रा ने 29 मिनट में 11-9, 6-11, 13-11, 11-9 से जीत दर्ज की। उन्होंने पेरिस ओलंपिक प्री क्वार्टर फाइनल में भी इसी प्रतिद्वंद्वी को हराया था। अब बत्रा का सामना चीन की कियान तियांयी से होगा। कियान ने अपनी हमवतन वांग यिदि को 11-7, 11-9, 13-11 से हराया। भारत की श्रीजा अकुला को दुनिया की 13वें नंबर की खिलाड़ी पुएर्तो रिको की एड्रियाना डियाज ने पहले दौर में हरा दिया था।

### इंटरनेशनल सीरीज बैंकॉक में संयुक्त दूसरे स्थान पर रेहान

**बैंकॉक।** भारतीय गोल्फर रेहान थॉमस ने दूसरे दौर (63) के बाद तीसरे दौर में भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए शनिवार को यहां छह अंडर 64 का कार्ड खेला और इंटरनेशनल सीरीज बैंकॉक गोल्फ टूर्नामेंट में खुद को खिताब की दौड़ में बनाए रखा। संयुक्त अरब अमीरात में बसे इस भारतीय खिलाड़ी का तीन दौर के बाद कुल स्कोर 14 अंडर है और वह पांच अन्य खिलाड़ियों के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। थॉमस इस टूर्नामेंट के कट में जगह बनाने वाले तीन भारतीय खिलाड़ियों में से एक थे। अन्य भारतीय खिलाड़ियों में गगनजीत भुल्लर (65-66-68) 11 अंडर के साथ संयुक्त 17वें जबकि करणदीप कोचर (66-69-65) 10 अंडर के साथ संयुक्त 24वें स्थान पर हैं। अमेरिका के पीटर उइहलेन (64-62-67) ने 17 अंडर के कुल स्कोर के साथ तीन शॉट की बढ़त हासिल कर ली है।

### जेनेसिस चैंपियनशिप में 51वें स्थान पर खिसके शुभंकर

**इंचियोन।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने डीपी विश्व टूर पर जेनेसिस चैंपियनशिप के तीसरे दौर में चार ओवर 76 का निराशाजनक कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 51वें स्थान पर खिसक गए। शुभंकर (71, 68, 76) दूसरे दौर जैसा मजबूत कार्ड नहीं खेल सके जिसने उन्हें कट में जगह बनाने में मदद की थी। वह तीन दौर में एक अंडर पर बने हुए हैं। बेयोंग हुन एन ने चुनौतीपूर्ण दिन से उबरते हुए एक अंडर 71 का कार्ड खेला जिससे वह 12 अंडर पार से दक्षिण कोरिया के साथी टॉम किम के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे हैं।

### ऑस्ट्रेलिया ओपन पूर्व चैंपियन केनिन फाइनल में

**तोक्यो।** पूर्व ऑस्ट्रेलिया ओपन चैंपियन सोफिया केनिन ने नौवी वरीयता प्राप्त केटी बूल्टर को 6-4, 6-4 से हराकर पेन पेसीफिक ओपन के फाइनल में प्रवेश कर लिया। ऑस्ट्रेलिया ओपन 2020 चैंपियन और फ्रेंच ओपन उपविजेता केनिन ने ब्रिटिश प्रतिद्वंद्वी की सर्विस दूसरे सेट के सातवें गेम में तोड़ी और अपनी सर्विस बरकरार रखकर मैच जीत लिया। अब उनका सामना पेरिस ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग किंवेन और डायना स्नाइडर के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

### नॉर्थईस्ट यूनाइटेड और हैदराबाद एफसी की बड़ी जीत

**गुवाहाटी।** नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए शनिवार को यहां जमशेदपुर एफसी को 5-0 से करारी शिकस्त दी जो उसकी इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में सबसे बड़ी जीत भी है। उधर कोलकाता में खेले गए एक अन्य मैच में हैदराबाद एफसी ने मोहम्मडन स्पोर्टिंग को 4-0 से हराकर वर्तमान सत्र में अपनी पहली जीत दर्ज की। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी की जीत में मोरक्को के स्ट्राइकर अलाएद्दीन एजारेई ने पांचवें व 90वें, विंगर पार्थिब गोगोई ने 44वें व 55वें और स्थानापन्न मिडफील्डर मैकार्टन निक्सन ने 82वें मिनट में गोल दागे। यह पहला अवसर है जबकि नॉर्थईस्ट यूनाइटेड ने आईएसएल के किसी मैच में पांच गोल किए। अलाएद्दीन एजारेई को दो गोल करने और एक गोल में मदद करने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया। इस जीत के बाद नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी छह मैचों में दो जीत, दो ड्रा और दो हार से आठ अंक लेकर तालिका में 10वें से पांचवें स्थान पर पहुंच गई है।

**दूसरे टेस्ट का तीसरा दिन:** 18 टेस्ट श्रृंखलाओं में भारत को मिली पहली हार, सेंटनेर के आगे नहीं टिके भारतीय बल्लेबाज

# 69 साल में पहली बार जीता न्यूजीलैंड



**यशस्वी जायसवाल**

77 रन | 65 गेंद | 9/3 चौके छक्के

पुणे, एजेंसी

भारत को 12 साल में घरेलू टेस्ट श्रृंखला में पहली पराजय झेलनी पड़ी जब मिचेल सेंटनेर की बेहतरीन स्पिन गेंदबाजी के दम पर न्यूजीलैंड ने उसे दूसरे क्रिकेट टेस्ट में 113 रन से हराया और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में भी शीर्ष स्थान से हटाने का खतरा पैदा कर दिया।

भारत की लगातार 18 टेस्ट श्रृंखलाओं में यह पहली हार थी। न्यूजीलैंड ने करीब 70 साल में पहली बार भारत में टेस्ट श्रृंखला जीती है। न्यूजीलैंड टीम 1955 से यहां दौरा कर रही है लेकिन इतने साल में भारत के किले में सेंध नहीं लगा सकी। स्पिन को खेलने में महारथी माने जाने वाले भारतीय बल्लेबाज सेंटनेर का सामना नहीं कर पाये जिन्होंने 13 विकेट लिए। जीत के लिए 359 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 245 रन पर आउट हो गई। यशस्वी ने 77 और रविंद्र जडेजा ने 42 रन बनाए लेकिन उनके अलावा कोई कीवी गेंदबाजों का डटकर सामना नहीं कर सका। बेंगलुरू में पहले टेस्ट में 46 रन पर आउट होने वाली भारतीय टीम की 2012-13 में इंग्लैंड के हाथों हारने के बाद यह श्रृंखला की पहली हार है। कीवी टीम ने भारत का अपनी धरती पर लगातार 18 टेस्ट श्रृंखला जीतने का सिलसिला तोड़ा। भारत ने इस शताब्दी में अपनी धरती पर टेस्ट श्रृंखला में यह चौथी हार है।

**1955** से न्यूजीलैंड कर रही है भारत का दौरा पर नहीं जीत सकी थी श्रृंखला

**2012** में इंग्लैंड ने भारत को घर में हराई थी सीरीज



तीसरे दिन भारत की दूसरी पारी में विराट कोहली का विकेट लेने के बाद जश्न मनाती न्यूजीलैंड की टीम। ● एजेंसी

### यशस्वी 1000 रन के विशिष्ट क्लब में

**पुणे।** यशस्वी जयसवाल एक कैलेंडर वर्ष के भीतर घरेलू टेस्ट मैचों में एक हजार रन का आंकड़ा पार करने वाले नए बल्लेबाज बन गए हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के दूसरे टेस्ट में यशस्वी ने यह उपलब्धि हासिल की है। युवा भारतीय बल्लेबाज ने क्रिकेट के कुछ महान खिलाड़ियों के क्लब में अपनी उपस्थिति दर्ज करा ली है। जायसवाल ने 2024 के लिए घरेलू टेस्ट में कुल एक हजार रन बनाए हैं। इससे पहले एक कैलेंडर वर्ष में घरेलू टेस्ट में एक हजार से अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों की विशिष्ट सूची में गुंडप्पा विश्वनाथ, सुनील गावस्कर जैसे दिग्गज शामिल हैं।

### किसी की क्षमता पर संदेह नहीं : रोहित

**पुणे।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने शनिवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में हार के बाद अपने बल्लेबाजों को दोष देना उचित नहीं समझा लेकिन उन्होंने उन्हें याद दिलाया कि किसी मजबूत प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ उन्हें अपनी रणनीति पर भरोसा करना होगा। रोहित ने कहा मुझे किसी की क्षमता पर कोई संदेह नहीं है। मैं इसका किसी तरह से पोस्टमार्टम नहीं करूंगा लेकिन बल्लेबाजों को अपनी रणनीति के साथ मैदान पर उतरना होगा और उस पर भरोसा रखना होगा जैसे कि न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों ने किया। यह निराशाजनक है। हमने ऐसी उम्मीद नहीं की थी।

### स्कोर बोर्ड

**न्यूजीलैंड (पहली पारी) 259 रन**

**भारत (पहली पारी) 156 रन**

**न्यूजीलैंड (दूसरी पारी) 255/10 (69.4 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| टॉम लाथम पगबाधा बो सुंदर | 86 | 133 | 10/0 |
| डेवोन कोंवे पगबाधा बो सुंदर | 17 | 25 | 2/0 |
| विल यंग पगबाधा बो अश्विन | 23 | 28 | 2/0 |
| रचिन रविंद्र बो सुंदर | 9 | 13 | 1/0 |
| डेरिल मिचेल का जायसवाल बो सुंदर | 18 | 23 | 2/0 |
| टॉम ब्लंडेल बो जडेजा | 41 | 83 | 3/0 |
| ग्लेन फिलिप्स नाबाद | 48 | 82 | 4/2 |
| मिचेल सेंटनेर का बुमराह बो जडेजा | 4 | 16 | 0/0 |
| टिम साउदी का शर्मा बो अश्विन | 0 | 3 | 0/0 |
| ऐजाज पटेल का सुंदर बो जडेजा | 1 | 12 | 0/0 |
| विलियम ओ रोउर्के रन आउट | 0 | 3 | 0/0 |

अतिरिक्त : 8, गेंदबाजी : अश्विन 25-2-97-2, सुंदर 19-0-56-4, जडेजा 19.4-3-72-3, बुमराह 6-1-25-0

**भारत (दूसरी पारी) 245/10 (60.2 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी का मिचेल बो सेंटनेर | 77 | 65 | 9/3 |
| रोहित शर्मा का यंग बो सेंटनेर | 8 | 16 | 1/0 |
| शुभमन गिल का मिचेल बो सेंटनेर | 23 | 31 | 4/0 |
| विराट कोहली पगबाधा बो सेंटनेर | 17 | 40 | 2/0 |
| ऋषभ पंत रन आउट | 0 | 3 | 0/0 |
| वॉशिंगटन सुंदर का यंग बो फिलिप्स | 21 | 47 | 2/0 |
| सरफराज खान बो सेंटनेर | 9 | 15 | 1/0 |
| रविंद्र जडेजा का साउदी बो पटेल | 42 | 84 | 2/0 |
| अश्विन का मिचेल बो सेंटनेर | 18 | 34 | 2/0 |
| आकाश दीप का रविंद्र बो पटेल | 1 | 24 | 0/0 |
| जसप्रीत बुमराह नाबाद | 10 | 4 | 1/1 |

अतिरिक्त : 19, गेंदबाजी : साउदी 2-0-15-0, ओ रोउर्के 1-0-5-0, सेंटनेर 29-2-104-6, पटेल 12.2-0.43-2, फिलिप्स 16.0-60.1

## भारत डब्ल्यूटीसी तालिका में शीर्ष पर बरकरार, पाकिस्तान सातवें स्थान पर

दुबई, एजेंसी

- न्यूजीलैंड के खिलाफ हारने के बाद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की तालिका में भारत के अंक प्रतिशत में आई गिरावट

भारत ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की अंक तालिका में शीर्ष स्थान बरकरार रखा है लेकिन शनिवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में मिली 113 रन से हार के बाद उसके अंक प्रतिशत (पीसीटी) में गिरावट आई है।

भारत को 12 साल में पहली बार घरेलू मैदान पर टेस्ट श्रृंखला में हार का सामना करना पड़ा। मौजूदा डब्ल्यूटीसी चक्र में यह भारत की चौथी हार है जिससे उसका पीसीटी 68.06 से गिरकर 62.82 हो गया। इसके परिणामस्वरूप रोहित शर्मा की टीम अब दूसरे स्थान पर काबिज ऑस्ट्रेलिया (62.50) से सिर्फ 0.32 अंक आगे है। इससे ऑस्ट्रेलिया के अलावा श्रीलंका, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड जैसी टीमों को अगले साल डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए क्वालीफाई करने का मौका मिलेगा। भारत के खिलाफ ऐतिहासिक जीत ने न्यूजीलैंड को चौथे स्थान पर पहुंचा दिया है। श्रीलंका तीसरे स्थान पर है जबकि रावलपिंडी में तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ नौ विकेट की जीत ने पाकिस्तान को सातवें स्थान पर पहुंचने में मदद की है।

# अली-खान की फिरकी ने जिताई श्रृंखला

रावलपिंडी, एजेंसी



- तीसरे टेस्ट में पाकिस्तान ने इंग्लैंड को नौ विकेट से हराया, 2-1 से कब्जाई ट्रॉफी

<< विजयी शाट लाकर जश्न मनाते शान मसूद

स्पिनर नोमान अली और साजिद खान ने शनिवार को यहां इंग्लैंड की दूसरी पारी तीन दिन के अंदर समेटकर तीसरे और अंतिम टेस्ट में नौ विकेट की जीत से श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की। बायें हाथ के 38 वर्षीय स्पिनर अली और 31 वर्षीय ऑफ स्पिनर खान ने मिलकर पिछले हफ्ते दूसरे टेस्ट में मिलकर 20 विकेट झटके थे और तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर कराई थी।

शनिवार को फिर दोनों ने कमाल किया। दोनों ने मिलकर 19 विकेट झटके और इंग्लैंड की दूसरी पारी तीसरे दिन 112 रन पर सिमट गई। यह इंग्लैंड का पाकिस्तान में सबसे कम पारी का स्कोर रहा। इससे पहले 1987 में लाहौर में इंग्लैंड की टीम 130 रन पर सिमटी थी। पाकिस्तान ने पहली पारी के आधार पर 77 रन की बढ़त हासिल की थी, उसे जीत के लिए 36 रन का लक्ष्य मिला जो उसने लंच से पहले एक विकेट पर 37 रन बनाकर हासिल कर लिया। इस तरह 2021 के बाद पाकिस्तान ने पहली घरेलू श्रृंखला अपने नाम की। पाकिस्तान ने 2021 में दक्षिण अफ्रीका को 2-0 से हराया था। कप्तान शान मसूद (नाबाद 23 रन) ने शोएब बशीर पर लांग ऑफ में छक्का जड़कर जीत सुनिश्चित की। लीच ने पाकिस्तान का एकमात्र विकेट सईम अयूब के रूप में झटका। इस जीत से घरेलू टीम ने दो साल पहले बेन स्टोक्स की अगुआई में दौरा करने वाली इंग्लैंड से मिली 0-3 की हार का बदला चुकता किया। इंग्लैंड की टीम दूसरी बार पाकिस्तान के दोनों स्पिनरों के सामने पस्त कर हो गई।

**बॉलीवुड हलचल**





## जिंदगी के हर अहम मोड़ पर साथ रहा डिओर : सोनम

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सोनम कपूर का कहना है कि जिंदगी के हर अहम मोड़ पर डिओर हमेशा उनके साथ रहा है। प्रतिष्ठित फ्रांसीसी लक्जरी ब्रांड डिओर ने सोनम कपूर को अपने एम्बेसडर के रूप में घोषित किया, जिससे वह इस ब्रांड की पहली दक्षिण एशियाई वैश्विक एम्बेसडर बन गईं। इस घोषणा के बाद से ही सोशल मीडिया पर सोनम कपूर की 2010 में प्रदर्शित फिल्म आयशा की तस्वीरों की भरमार है, जिसमें वह डिओर के हैंडबैग के साथ शॉपिंग करती नजर आ रही हैं। सोनम ने कहा, डिओर और मैं हमेशा से साथ आने के लिए बने थे, और मुझे लगता है कि आयशा हमारी साझेदारी की शुरुआत के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ था। मैंने जब फैशन को गंभीरता से देखना शुरू किया, तभी से मैं डिओर की बड़ी प्रशंसक रही हूं।

## 50 वर्ष की हुईं मस्त-मस्त गर्ल रवीना टंडन

**मुबई।** बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री रवीना टंडन आज 50 वर्ष की हो गईं। रवीना टंडन का जन्म 26 अक्टूबर 1974 को मुंबई में हुआ। पिता रवि और मां वीणा टंडन के नाम को मिलाकर उनका नाम रवीना टंडन रखा गया। रवीना को अभिनय की कला विरासत में मिली। उनके पिता जाने-माने फिल्म निर्माता थे। रवीना ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा मुंबई के जमनाबाई स्कूल से पूरी की। इसके बाद उन्होंने मुंबई के मशहूर मिट्ठीभाई कॉलेज में दाखिला लिया। इस दौरान उनकी मुलाकात निर्देशक शांतनु शोरी से हुई। उन्होंने रवीना को फिल्मों में काम करने की सलाह दी। इसके बाद कॉलेज में पढ़ाई छोड़कर रवीना फिल्मों में अभिनेत्री बनने का ख्वाब देखने लगी। रवीना ने अपने सिने करियर की शुरूआत वर्ष 1991 में प्रदर्शित फिल्म पत्थर के फूल से की। जी.पी. सिप्पी निर्मित इस फिल्म में नायक की भूमिका सलमान खान ने निभाई थी। यह फिल्म हालांकि टिकट खिड़की पर सफल नहीं हो सकी लेकिन रवीना टंडन के अभिनय को दर्शकों ने काफी सराहा। इसके साथ ही वह नवोदित अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार से सम्मानित की गई। वर्ष 1994 रवीना के सिने करियर के लिये अहम वर्ष साबित हुआ। इसी वर्ष उनकी मोहरा, लाडला, दिलवाले और अंदाज अपना-अपना जैसी सुपरहिट फिल्में प्रदर्शित हुईं। लाडला में दमदार अभिनय के लिए रवीना अपने करियर में पहली बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार के लिए नामांकित की गईं। वर्ष 1994 में ही प्रदर्शित फिल्म मोहरा रवीना टंडन के करियर की सर्वाधिक सुपरहिट फिल्म साबित हुई। रवीना पर फिल्माया यह गीत तू चीज बड़ी है मस्त मस्त उन दिनों श्रोताओं के बीच क्रेज बन गया था। इसके बाद रवीना फिल्म इंडस्ट्री में मस्त-मस्त गर्ल के नाम से मशहूर हो गईं। 1995 में प्रदर्शित फिल्म रक्षक रवीना की एक और महत्वपूर्ण फिल्म साबित हुई।

## भूल भुलैया 3 का गाना आमी जे तोमार 3.0 रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की आने वाली फिल्म भूल भुलैया 3 का नया आमी जे तोमार 3.0 रिलीज कर दिया गया है। हॉरर कॉमेडी फिल्म भूल भुलैया 3 इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है ।फिल्म की रिलीज से कुछ ही दिन पहले मेकर्स ने नया गाना आमी जे तोमार 3.0 रिलीज कर दिया है। इस गाने में माधुरी दीक्षित और विद्या बालन नजर आ रही हैं। दोनों काफी शानदार डांस कर रही हैं। गाने में दोनों अभिनेत्री एक-दूसरे को टक्कर देती नजर आ रही हैं। इस गाने को प्रीतम ने कंपोज किया है, वहीं श्रेया घोषाल ने अपनी आवाज दी है। गीत के बोल समीर और अमाल मलिक ने लिखे हैं। फिल्म भुल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन के साथ तृप्ति डिमरी, विद्या बालन और माधुरी दीक्षित भी नजर आएंगी। इस फिल्म को अनीस बज्मी ने निर्देशित किया है और भूषण कुमार ने इसे प्रोड्यूस किया है।

**रणजी ट्राफी : एलीट ग्रुप सी**

## यूपी की गेंदबाजी ने पंजाब को 210 रनों पर समेटा

**मुल्लांपुर।** शिवम मावी (29 रन पर चार विकेट) के अलावा सौरभ और शिवम की अनुशासित गेंदबाजी की बदौलत उत्तर प्रदेश ने रणजी ट्राफी एलीट ग्रुप सी मुकाबले के पहले दिन शनिवार को मेजबान पंजाब को पहली पारी में 210 रन पर सीमित कर दिया।

महाराज यदविंद्र सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम पर दिन का खेल खत्म होने के समय उत्तर प्रदेश ने बगैर नुकसान के आठ रन बना लिये थे। माधव कौशिक (7) और आर्यन जुयाल एक रन बनाकर क्रीज पर डटे थे। इससे पहले टॉस जीतकर उत्तर प्रदेश ने मेजबान टीम को पहले बल्लेबाजी का आमंत्रण दिया। गेंदबाजों ने कप्तान आर्यन जुयाल के फैसले को सही ठहराते हुये पंजाब की सलामी जोड़ी को मात्र दस रनों में पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। हालांकि अनमोलप्रीत सिंह (38) और पुखराज मान (61) ने बीच के ओवरों में धैर्यता दिखाते हुये स्कोरबार्ड को आगे बढ़ाया। अनमोल सौरभ कुमार के शिकार बने जबकि अनमोल का विकेट सौरभ के खाते में गया। मध्यक्रम के सनवीर सिंह (50) पंजाब की ओर से अर्धशतक जमाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने हालांकि दूसरे छोर पर लगातार विकेटों के पतन से उनकी पंजाब को 300 के ऊपर ले जाने की हसरत पूरी नहीं हुई।

## भारतीय महिलाओं की नजरें श्रृंखला जीतने पर

अहमदाबाद, एजेंसी

- न्यूजीलैंड की एमेली केर दूसरे वनडे से बाहर, भारत ने बना रखी है 1-0 की बढ़त

न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को दूसरे एक दिवसीय क्रिकेट मैच में भारतीय टीम की नजरें अपने बल्लेबाजों के बेहतर प्रदर्शन के दम पर श्रृंखला जीतने पर लगी होंगी। भारत ने पहला मैच 59 रन से जीता लेकिन बल्लेबाज अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके थे। मेजबान टीम अब इसमें बदलाव करना चाहेगी और कप्तान स्मृति मंधाना को मोर्चे से अगुवाई करनी होगी।

पिछले मैच में पदार्पण करने वाली तेजल हसाबनिस ने वही किया था। स्मृति पहले मैच में आठ रन पर आउट हो गई थी और उनका खराब फॉर्म पिछले एक महीने से चला आ रहा है। जुलाई में उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए दो शतक लगाए थे। भारतीय टीम की नजरें नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर की फिटनेस पर भी लगी होंगी जो चोट के कारण पिछले मैच से बाहर थीं। गेंदबाजी में तेज गेंदबाज साइमा ठाकोर ने उम्दा प्रदर्शन किया जबकि बायें हाथ की स्पिनर राधा यादव ने विकेट चटकाए। दूसरी ओर न्यूजीलैंड की श्रृंखला में बराबरी की उम्मीदों को करारा झटका लगा जब करिश्माई हरफनमौला एमेली केर चोट के कारण श्रृंखला से बाहर हो गई । केर रविवार को स्वदेश लौट गई और उन्हें उबरने में तीन सप्ताह लगेंगे।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## श्रद्धांजलि



सूरत के एक स्कूल में विद्यार्थियों ने दिवंगत उद्योगपति रतन टाटा को श्रद्धांजलि देने के लिए रंगोली बनाई।

# क्रांतिकारी बदलाव से भारत बनेगा विकसित अर्थव्यवस्था

## इसरो प्रमुख सोमनाथन ने भारत की प्रौद्योगिकीय उन्नति और उत्पाद विकास के महत्व पर दिया बल

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस. सोमनाथन ने कहा है कि भारत को विकसित अर्थव्यवस्था बनने के लिए क्रांतिकारी बदलाव से गुजरना होगा। उन्होंने आर्थिक विकास को गति देने के लिए प्रौद्योगिकीय उन्नति और उत्पाद विकास के महत्व पर बल दिया।

उन्होंने अंतरिक्ष क्षेत्र में अभिनव कार्य करने के लिए अरबपति कारोबारी एलन मस्क की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मस्क की उपलब्धियों ने इसरो समेत वैश्विक प्रयासों को प्रेरित किया है। सोमनाथन ने शनिवार को दिल्ली स्थित इंद्रप्रस्थ सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी) के 13वें दीक्षांत समारोह में छात्रों को संबोधित करते हुए ये टिप्पणियां कीं। उन्होंने कहा, यदि भारत तीसरी, दूसरी या पहली सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने की आकांक्षा रखता है, तो क्रांतिकारी बदलाव की जरूरत है। विकास केवल व्यापार और संसाधनों से नहीं होगा। हमें प्रौद्योगिकी में मूल्य सृजित करने की आवश्यकता है जो उत्पाद विकास को ताकत प्रदान करे। मस्क के बारे में इसरो प्रमुख ने कहा, एलन मस्क अपने रॉकेट से सभी का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। यूरोप से लेकर रूस और चीन तक हर कोई देख रहा है कि वह क्या कर रहे हैं।

### भौतिकी में विशेषज्ञता के लिए करनी होगी कड़ी मेहनत

इसरो प्रमुख ने कहा, हम एक ऐसे स्तर पर पहुंच गए हैं जहां हम पांचवीं सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था हैं, हमें प्रणोदन और भौतिक विज्ञान जैसे क्षेत्रों में अपनी विशेषज्ञता विकसित करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी।



### दिसंबर में बिजली से संचालित उपग्रह होगा प्रक्षेपित

**नई दिल्ली।** भारत दिसंबर में उपग्रहों को उनकी वांछित कक्षा में ले जाने के लिए स्वदेश में विकसित इलेक्ट्रिक थ्रस्टर का परीक्षण करेगा। यह एक ऐसी तकनीक है, जो अंतरिक्ष यान को हल्का और अधिक सक्षम बनाने का भरोसा जगाती है। इलेक्ट्रिक थ्रस्टर का मतलब बिजली से संचालित अंतरिक्ष यान प्रणोदन उपकरण से है। सोमनाथ ने कहा कि अंतरिक्ष की उड़ान भरने के लिए स्वदेशी रूप से विकसित इलेक्ट्रिक थ्रस्टर का इस्तेमाल करने वाला पहला टेक्नोलॉजी डिमॉन्स्ट्रेटर सैटेलाइट (टीडीएस-01) दिसंबर में प्रक्षेपित किया जाएगा। टीडीएस-01 स्वदेशी रूप से निर्मित यात्रा तरंग ट्यूब प्रवर्धक (टीडब्ल्यूटीए) की क्षमता का भी प्रदर्शन करेगा, जो उपग्रहों में लगाए जाने वाले विभिन्न संचार उपकरणों और माइक्रोवेव रिमोट सेंसिंग पेलोड का अहम हिस्सा है। चार टन के संचार उपग्रह को प्रणोदक को सक्रिय करने और उसे प्रक्षेपण कक्षा से वांछित भूस्थिर कक्षा में पहुंचाने के लिए दो टन से अधिक तरल ईंधन की जरूरत पड़ती है। अगर उपग्रह वायुमंडलीय खिंचाव या सूर्य और चंद्रमा के गुरुत्वाकर्षण के कारण भटक जाता है, तो उसे वांछित कक्षा में भेजने के लिए भी प्रणोदक को सक्रिय किया जाता है। सोमनाथ ने कहा चार टन का उपग्रह दो से ढाई टन ईंधन के साथ अंतरिक्ष की उड़ान भरता है।

## एक नजर

### नेपाल में भारत की सहायता से निर्मित अस्पताल शुरू

**काठमांडू।** भारत द्वारा दी गई 2.50 करोड़ रुपये की सहायता से नेपाल के गलयांग सिटी में स्थापित अस्पताल का उद्घाटन किया गया। यह अस्पताल राजधानी काठमांडू से करीब 250 किलोमीटर पश्चिम में स्थित है। स्यांग्जा जिले के गलयांग शहर में निर्मित अस्पताल भवन का उद्घाटन शुक्रवार को मुख्य जिला समन्वयक प्रसाद गौतम और भारतीय दूतावास में प्रथम सचिव अविनाश कुमार ने किया। काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास ने एक विज्ञप्ति में बताया कि नेपाल भारत विकास सहयोग के तहत 4.013 करोड़ नेपाली रुपये (लगभग 2.5 करोड़ रुपये) की लागत से अस्पताल भवन का निर्माण किया गया है।

### पाकिस्तान में आत्मघाती हमले में आठ लोगों की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शनिवार को एक पुलिस चौकी को निशाना बनाकर किए गए आत्मघाती हमले में कानून प्रवर्तन एजेंसियों के छह कर्मियों सहित कम से कम आठ लोग मारे गए और कई अन्य लोग घायल हो गए। सूत्रों के अनुसार, यह विस्फोट अफगानिस्तान की सीमा से लगे उत्तरी वजीरिस्तान कबायली जिले के मीर अली तहसील में असलम जांच चौकी पर हुआ।

### सूडान में हमला, 50 की मौत, 200 घायल

**खार्तूम।** मध्य सूडान के एक गांव पर अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के हमले में शुक्रवार को 50 से अधिक लोग मारे गए और 200 से अधिक घायल हो गए। गैर-सरकारी समूहों ने यह जानकारी दी। गीजिरा राज्य की राजधानी वाड मदनी में एक स्वयंसेवी समूह, प्रतिरोध समिति ने कहा, शुक्रवार की सुबह, आरएसएफ मिलिशिया ने अल कामलिन इलाके के अलसेरिहा गांव पर भारी गोलाबारी और बमबारी की। इसमें कहा गया, अलसेरिहा गांव के 53 से अधिक नागरिक मारे गए और 200 से अधिक अन्य घायल हो गए, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है।

### रूस का यूक्रेन पर ड्रोन हमला, कई लोग हताहत

**कीव।** यूक्रेन की राजधानी कीव में रूसी ड्रोन हमले में एक किशोर की मौत हो गई, जबकि मध्य यूक्रेन में मिसाइल हमले में चार लोगों की मौत हो गई तथा कम से कम 20 लोग घायल हो गए। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को के अनुसार, शुक्रवार रात शहर के पश्चिम में 25 मंजिला एक रिहायशी इमारत पर ड्रोन गिरा, जिससे 15 वर्षीय एक किशोरी की मौत हो गई, पांच घायल हो गए।

### सेना खून की हर बूंद का बदला लेगी: सिन्हा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल (एलजी) मनोज सिन्हा ने शनिवार को कहा कि सुरक्षा बलों ने उभरते खतरों से निपटने के लिए एक नयी रणनीति तैयार की गयी है और कश्मीर में बहाए गए निर्दोष खून की हर बूंद का बदला लिया जाएगा। सिन्हा ने एसटीसी हुमहामा में 629 बीएसएफ रंगरूटों की पासिंग आउट परेड को संबोधित करते हुए कहा आतंकवाद के उभरते खतरों से निपटने के लिए एक नयी रणनीति बनाई गई है। सुरक्षा बल कश्मीर में बहाए गए निर्दोष खून की हर बूंद का बदला लेंगे।

# एलएसी पर काम आई भारत की कूटनीति

## जयशंकर ने भारत और चीन के बीच एलएसी गश्त समझौते के लिए सेना की सराहना की

पुणे, एजेंसी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त को लेकर चीन के साथ हुए सफल समझौते का श्रेय सेना को दिया, जिसने बहुत ही अकल्पनीय परिस्थितियों में और कुशल कूटनीति से काम किया। जयशंकर ने एक सवाल के जवाब में कहा कि संबंधों को सामान्य बनाने में अभी भी समय लगेगा। उन्होंने कहा कि भरोसे को फिर से कायम करने और साथ मिलकर काम करने में स्वाभाविक रूप से समय लगेगा।

उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए रूस के कजान में चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग से मुलाकात की थी, तो यह निर्णय लिया गया था कि दोनों देशों के विदेश मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मिलेंगे और देखेंगे कि आगे कैसे बढ़ा जाए। जयशंकर ने कहा, यदि आज हम यहां तक पहुंचे हैं, तो इसका एक कारण यह है कि हमने अपनी बात पर अड़े रहने और अपनी बात रखने के लिए बहुत दृढ़ प्रयास किया है। सेना देश की रक्षा के लिए बहुत ही अकल्पनीय परिस्थितियों में वहां (एलएसी पर) मौजूद थी और सेना ने अपना काम किया तथा कूटनीति ने भी अपना काम किया।

उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में भारत ने अपने बुनियादी ढांचे में सुधार किया है। उन्होंने कहा कि एक समस्या यह भी रही कि पहले के वर्षों में सीमा पर बुनियादी ढांचे की वास्तव में उपेक्षा की गई थी। उन्होंने कहा, आज हम एक दशक पहले की तुलना में प्रतिवर्ष पांच गुना अधिक संसाधन लगा रहे हैं, जिसके परिणाम सामने आ रहे हैं और सेना को वास्तव में प्रभावी ढंग से तैनात करने में सक्षम बना रहे हैं। कुछ दिन पहले भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में एलएसी के पास से सैनिकों की वापसी और गश्त को लेकर समझौता हुआ था, जो चार साल से अधिक समय से जारी गतिरोध को समाप्त करने की दिशा में एक बड़ी सफलता है। जून 2020 में गलवान घाटी में दोनों देशों के सैनिकों के बीच भीषण संघर्ष के बाद संबंधों में तनाव आ गया था।

### दोनों पक्षों के बीच सबसे गंभीर सैन्य संघर्ष था

जयशंकर ने कहा पिछले कुछ दशकों में दोनों पक्षों के बीच एलएसी सबसे गंभीर सैन्य संघर्ष था। उन्होंने कहा कि सितंबर 2020 से भारत चीन के साथ समाधान निकालने के लिए बातचीत कर रहा था। विदेश मंत्री ने कहा कि इस समाधान के विभिन्न पहलू हैं। उन्होंने कहा कि सबसे जरूरी बात यह है कि सैनिकों को पीछे हटना होगा, क्योंकि वे एक दूसरे के बहुत करीब हैं।



### विदेश मंत्री ने कनाडा सरकार द्वारा उच्चायुक्त को निशाना बनाए जाने की निंदा की

**पुणे।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत ने कनाडा में संगठित अपराध के मुद्दे को सबसे पहले उठाया था, लेकिन लंबे समय तक वहां इस मुद्दे को नजरअंदाज किया गया। जयशंकर ने ट्रूडो सरकार द्वारा भारतीय उच्चायुक्त और राजनयिकों को निशाना बनाए जाने की आलोचना की। जयशंकर ने कहा कि जब बात भारत के राष्ट्रीय हित, अखंडता और संप्रभुता की आएगी तो भारत स्पष्ट रूप से कड़ा रुख अपनाएगा। विदेश मंत्री ने कहा, मुद्दा यह है कि वहां कुछ ऐसे लोग हैं जिन्होंने खुद को एक बड़ी राजनीतिक ताकत बना लिया है। दुर्भाग्य से उस देश की राजनीति उस राजनीतिक समूह को कुछ हद तक एक ऐसा स्थान दे रही है, जो न केवल हमारे लिए और हमारे संबंधों के लिए हानिकारक है।

### पूर्वी लद्दाख में सुचारू रूप से सैनिकों की वापसी हो रही : चीन

**बीजिंग।** चीन ने कहा है कि दोनों देशों के बीच हाल ही में हुए समझौते के बाद पूर्वी लद्दाख से चीनी और भारतीय सैनिकों की वापसी सुचारू रूप से हो रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने 23 अक्टूबर को रूस के कजान में ब्रिक्स सम्मेलन से इतर अपनी द्विपक्षीय बातचीत में पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास से सैनिकों के पीछे हटने और गश्त को लेकर हुए समझौते का अनुमोदन किया था। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने शुक्रवार को बीजिंग में पत्रकारों को बताया, सीमा क्षेत्र से संबंधित मुद्दों पर चीन और भारत के बीच हाल ही में हुए समझौते के तहत दोनों देशों की सेनाएं अपने-अपने जवानों की वापसी में जुटे हैं और यह प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। भारत ने टकराव वाले स्थानों से सैनिकों को वापस बुलाने को लेकर चीन से हुए समझौते की 21 अक्टूबर को घोषणा की थी और बीजिंग ने एक दिन बाद इसकी पुष्टि करते हुए कहा था कि दोनों पक्ष प्रासंगिक मामलों के समाधान तक पहुंच गए हैं और वह (बीजिंग) इन प्रस्तावों को लागू करने के लिए नयी दिल्ली के साथ मिलकर काम करेगा। भारतीय सेना के सूत्रों ने शुक्रवार को बताया, भारत और चीन ने पूर्वी लद्दाख में डेमचोक और डेपसांग मैदानी क्षेत्रों में टकराव वाले दो बिंदुओं से सैनिकों की वापसी शुरू कर दी है और यह प्रक्रिया 28-29 अक्टूबर तक पूरी होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि समझौता केवल टकराव वाले इन दो बिंदुओं के लिए हुआ है तथा अन्य क्षेत्रों के लिए बातचीत अब भी चल रही है। सूत्रों ने कहा कि सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद टकराव वाले दोनों बिंदुओं पर गश्त शुरू होगी और दोनों पक्ष अपने-अपने सैनिकों को हटाकर अस्थायी ढांचों को नष्ट कर देंगे।



# इजराइल ने हवाई हमले कर सीरिया के भी सैन्य ठिकानों को बनाया निशाना

- गोलान हाइट और लेबनान हवाई अड्डे की ओर से कई मिसाइलें दागीं

दमिश्क, एजेंसी

इजराइली सैन्य बलों ने सीरिया के दक्षिणी और मध्य क्षेत्र में सैन्य ठिकाने को निशाना बनाकर कई हवाई हमले किये। सीरिया रक्षा मंत्रालय ने शनिवार तड़के बताया कि इजराइली सैन्यों ने अंतरराष्ट्रीय हवाई हमला शुक्रवार देर रात करीब 11 बजे किया। उन्होंने इजराइल के कब्जे वाली गोलान हाइट और लेबनान हवाई अड्डे की ओर से कई मिसाइलें दागीं।

मंत्रालय के अनुसार, उनके सैनिकों ने कई इजरायली मिसाइलों को मार गिराया है। ब्रिटेन स्थित युद्ध निगरानी संस्था सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट की रिपोर्ट के अनुसार, इजराइली विमान ईरान से जुड़े स्थानों को निशाना बनाने के लिए सीरियाई हवाई क्षेत्र में घुसे थे। सीरियाई वायु रक्षा बलों ने विमानों को रोकने की कोशिश की, लेकिन वे उन्हें अपने लक्ष्य तक पहुँचने से नहीं रोक पाए। वहीं इजरायल ने आज घोषणा की कि उसने ईरान में सैन्य ठिकानों पर सटीक हमले किए और अब अभियान समाप्त हो गया है। दूसरी तरफ, ईरान ने बताया कि उसने सफलतापूर्वक हमले का जवाब दिया है।



### ईरान में काफिले पर हमला 10 पुलिस अधिकारियों की मौत

**दुबई।** ईरान के दक्षिण पूर्वी प्रांत सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में पुलिस के काफिले पर हुए हमले में कम से कम 10 पुलिस अधिकारी मारे गए। हमला तेहरान से लगभग 1,200 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में स्थित गौहर कुह में हुआ। अफगानिस्तान, ईरान और पाकिस्तान में रहने वाले बलूच लोगों के लिए काम करने वाले समूह 'हालवाश' ने तस्वीर और वीडियो साझा किया जिस पर ईरानी पुलिस वाहनों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली हरी पट्टी लगी हुई है।

### गाजा में तीन इजराइली सैनिक मारे गए

**यरूशलम।** उत्तरी गाजा पट्टी में शुक्रवार को तीन इजराइली सैनिक मारे गए। इन तीनों में आईडीएफ के बख्तरबंद कोर प्रशिक्षण प्रभाग में टैंक कमांडर कोर्स के एक अधिकारी और दो प्रशिक्षु शामिल है।

# ट्रंप और कमला हैरिस के बीच कड़ा मुकाबला

## चुनाव से ठीक 10 दिन पहले सीएनएन ने राष्ट्रीय स्तर पर कराया अंतिम सर्वेक्षण

अटलांटा, एजेंसी

चुनाव से ठीक 10 दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए कांटे का मुकाबला बना हुआ है और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस तथा पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दोनों ही अत्यंत कड़े मुकाबले वाले राज्यों में लोकप्रिय मत हासिल करने के लिए अथक परिश्रम कर रहे हैं।

सीएनएन द्वारा इस चुनाव के बारे में राष्ट्रीय स्तर पर किए गए अंतिम सर्वेक्षण में पाया गया कि 47 प्रतिशत मतदाता डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार हैरिस का समर्थन करते हैं और इतने ही प्रतिशत मतदाता चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार ट्रंप का समर्थन करेंगे। न्यूयॉर्क टाइम्स/सिएना कॉलेज के 20 से 23 अक्टूबर के बीच किए गए अंतिम राष्ट्रीय सर्वेक्षण में दोनों उम्मीदवारों को 48-48 प्रतिशत मतदाताओं का समर्थन प्राप्त है। शेष चार प्रतिशत मतदाताओं को अभी अपनी प्राथमिकता तय करनी है।

फाइनेंशियल टाइम्स और मिशिगन यूनिवर्सिटी के रॉस स्कूल ऑफ बिजनेस द्वारा किए गए एक अलग सर्वेक्षण से पता चला है कि 44 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए ट्रंप पर भरोसा किया, जबकि 43 प्रतिशत ने हैरिस पर भरोसा जताया।



### अमेरिकी गायिका बियॉन्से ने हैरिस के लिए किया प्रचार

**ह्यूस्टन।** मशहूर अमेरिकी अभिनेत्री एवं गायिका बियॉन्से ने राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रत्याशी कमला हैरिस के लिए प्रचार करते हुए यहां एक रैली में कहा कि मैं यहां किसी सेलिब्रिटी के तौर पर, किसी नेता के तौर पर नहीं आई हूं, बल्कि मैं यहां एक मां के रूप में आयी हूं। बियॉन्से ने कहा कल्पना कीजिए कि हमारी बेटियां यह देखते हुए बड़े हो रही हैं कि बिना किसी बंधनों के क्या कुछ संभव है। हमें वोट करना चाहिए और हमें आपकी आवश्यकता है।

## ऑस्ट्रेलिया में हल्के विमानों की टक्कर तीन लोगों की मौत

**सिडनी।** सिडनी के दक्षिण-पश्चिम में शनिवार को दो हल्के विमान बीच हवा में टकराने के बाद दुर्घटनाग्रस्त होकर वन क्षेत्र में गिर गए जिससे तीन लोगों की मौत हो गई। ऑस्ट्रेलियाई पुलिस, अग्निशमन और एम्बुलेंस दल सिडनी से लगभग 55 मील दक्षिण-पश्चिम में स्थित अर्ध-ग्रामीण क्षेत्र में दो मलबा स्थलों पर पहुंचे। न्यू साउथ वेल्स पुलिस के कार्यवाहक अधीक्षक टिमोथी कैलमैन ने पुष्टि की कि दो लोगों को ले जा रहा सेसना 182 विमान एक अत्यंत हल्के विमान से टकरा गया जिसमें एक व्यक्ति सवार था। पीड़ितों के बारे में और जानकारी नहीं दी गई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने आसमान से मलबा आते देखा।

# भारत ने संरा सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान के राजनीतिक दुष्प्रचार की आलोचना की

- भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने कहा- भ्रामक सूचनाएं फैलाई गईं

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

भारत ने महिला, शांति और सुरक्षा (डब्ल्यूपीएस) एजेंडे पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की बैठक के दौरान पाकिस्तान के शरारती उकसावे और राजनीतिक दुष्प्रचार की आलोचना करते हुए कहा कि देश में अल्पसंख्यक समुदायों, विशेष रूप से हिंदू, सिख और ईसाई महिलाओं की स्थिति दयनीय बनी हुई है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने शुक्रवार को यूएनएससी में कहा, यह निंदनीय है, लेकिन पूरी तरह से अनुमान के अनुरूप है कि एक प्रतिनिधिमंडल ने गलत और भ्रामक सूचनाएं फैलाने की अपनी आजमाई हुई रणनीति के आधार पर शरारती उकसावे को हवा देने का विकल्प चुना है। हरीश ने बदलते परिवेश में शांति स्थापित करने वाली महिलाएं विषय पर यूएनएससी में आयोजित खुली बहस में भारत का प्रतिनिधित्व किया।



### पाकिस्तान में महिलाओं का हो रहा जबरन धर्म परिवर्तन

हरीश ने कहा कि पाकिस्तान के मानवाधिकार आयोग के आंकड़ों के अनुसार, इन अल्पसंख्यक समुदायों की अनुमानित एक हजार महिलाएं हर साल अपहरण, जबरन धर्म परिवर्तन और जबरन विवाह का शिकार होती हैं। खैर, मैं और भी बातें कर सकता हूं, लेकिन मैं यहीं समाप्त करूंगा। इस दौरान भारत ने महिला, शांति और सुरक्षा एजेंडे के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता दोहराई।

# अमेरिका ने अवैध रूप से रह रहे भारतीयों को वापस भेजा

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका ने देश में अवैध रूप से रह रहे भारतीय नागरिकों को किराये पर लिए गए एक विशेष विमान के जरिये भारत सरकार के सहयोग से उनके देश वापस भेजा। अमेरिका के गृह सुरक्षा विभाग ने यह जानकारी दी।

विभाग ने शुक्रवार को बताया कि यह विमान 22 अक्टूबर को भारत भेजा गया था। कार्यवाहक गृह सुरक्षा उप मंत्री क्रिस्टी ए. कैनेगैलो ने कहा जिन भारतीय नागरिकों के पास अमेरिका में रहने का कोई कानूनी आधार नहीं है, उन्हें तुरंत वापस भेजा जा सकता है। बयान में कहा गया है कि गृह सुरक्षा विभाग (डीएचएस) अमेरिकी आव्रजन कानूनों को लागू करना जारी रखेगा तथा अवैध रूप से प्रवेश करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करेगा तथा वैध मार्गों के उपयोग को प्रोत्साहित करेगा। इसमें कहा गया है कि डीएचएस ने वित्त वर्ष 2024 में 1,60,000 से अधिक व्यक्तियों को वापस भेजा तथा भारत सहित 145 से अधिक देशों के लिए 495 से अधिक अंतरराष्ट्रीय प्रत्यर्पण उड़ानें संचालित कीं। डीएचएस ने पिछले वर्ष दुनिया भर के कई देशों से लोगों को निकाला है जिनमें कोलंबिया, इक्वाडोर, पेरू, मिस्र, मॉरिटानिया, सेनेगल, उज्बेकिस्तान, चीन और भारत शामिल हैं।



## ज्ञान-विज्ञान

इस सोलर साइकिल का सर्वाधिक बड़ा सन स्पॉट हो सकता है ये


# 1.5 लाख किमी आकार में फैला सूर्य की सतह पर कलंक

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** इस सोलर साइकिल का सबसे बड़ा सन स्पॉट ग्रुप सूर्य की सतह पर उभरने लगा है, जो 1.5 लाख किमी आकार में फैला हुआ है। यह सन स्पॉट ग्रुप भयानक विस्फोट उत्पन्न कर सकता है। विस्फोट से उत्पन्न भूचुम्बकीय तूफान का असर पृथ्वी तक पहुचने की आशंका वैज्ञानिक जता रहे हैं।

नासा के अनुसार यह बड़ा सनस्पॉट सूर्य के दक्षिण-पूर्वी छोर पर एक श्रृंखला के साथ उभरा हुआ है। इस ग्रुप का प्रत्येक सनस्पॉट का आकार पृथ्वी के आकार का लगभग दोगुना है। यह सनस्पॉट संख्या एआर 3869 है। इससे पूर्व 24 अक्टूबर को एक अन्य सन स्पॉट एक्स 3.3 श्रेणी की सौर ज्वाला छोड़ चुका है। माना जा रहा है कि इसके पीछे की ओर से आ रहे विशाल सौर कलंक अत्यधिक खतरनाक हो सकता हैं। जिसका कुछ दिन बाद चलेगा।

वैज्ञानिकों के अनुसार पृथ्वी के सामने की ओर को आ रहा सौर कलंक इस सोलर साइकिल का सबसे बड़ी ज्वाला का स्रोत बन सकता है। इधर एक्स 3.3 सौर ज्वाला से उत्पन्न भूचुम्बकीय तूफान 610 किमी प्रति सेकंड के वेग के साथ आगे बढ़ रहा है। जिसका असर रेडियो ब्लैक आउट के रूप में देखा जा सकता है। साथ ही रडार, जीपीएस और उपग्रह संचार सहित संवेदनशील रिसीवरों मे प्रभाव डाल सकता है। वैज्ञानिको का कहना है कि इस विस्फोट से तेज़ पूरे आभामंडल में सीएमई उत्पन्न हुई है। इस भूचुम्बकीय तूफान का एक हिस्सा धरती की ओर आगे बढ़ रहा है।



सूर्य पर उभरे सन स्पॉट, साथ में नजर आ रही पृथ्वी।

### कई रिकार्ड तोड़ सकता है यह सौरचक्र

**नैनीताल :** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व निदेशक व सौर वैज्ञानिक डा वहाब उद्दीन निरंतर सूर्य पर नजर बनाए हुए हैं। उनका कहना है कि सूर्य बेहद सक्रिय हो चला है, जो अधिकतम चरमता की ओर अग्रसर है। अभी कई रिकार्ड तोड़ चुका है और आने वाले दिनों में भी रिकार्ड तोड़े जाने की संभावना बनी हुई है।